10 विराट कोहली....



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

12 निकिता दत्ता....



रांची, मंगलवार, 23 जून 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -09 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## राज्यसभा जीत के बाद मां दिउड़ी के दरबार पहुंचे बैद्यनाथ राम

# तमाड़ स्थित मां सोलहभुजी दिउड़ी मंदिर में परिवार संग की पूजा-अर्चना, कहा- जब भी अवसर मिलता है मां का आशीर्वाद लेने जरूर आते हैं

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**



**रांची।** झारखंड से राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने के बाद सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता बैद्यनाथ राम अपने परिवार के साथ रांची जिले के तमाड़ स्थित प्रसिद्ध मां सोलहभुजी दिउड़ी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया और राज्य की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की। मंदिर पहुंचने पर पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न कराई। पूजा-अर्चना के बाद पत्रकारों से बातचीत में बैद्यनाथ राम ने कहा, यह हमारी आस्था का केंद्र है। हम लोग शुरू से यहां आते रहे हैं। जब भी अवसर मिलता है, मां का आशीर्वाद लेने जरूर आते हैं। राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद भी मां के दरबार में आकर उनका आशीर्वाद लिया है। मां से यही प्रार्थना है कि जनता की सेवा करने की शक्ति और आशीर्वाद मिलता रहे। उन्होंने कहा कि जनता और पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और राज्य के हित से जुड़े मुद्दों को राज्यसभा में मजबूती से उठाएंगे।

**विधायक विकास कुमार मुंडा भी रहे मौजूद**

बैद्यनाथ राम के साथ तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा भी मंदिर पहुंचे। इस दौरान झामुमो के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। सभी ने राज्यसभा चुनाव में जीत पर उन्हें बधाई दी और मां सोलहभुजी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## झारखंड की बेटी निकिता बनीं मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 की नेशनल फाइनलिस्ट



**बोकारो।** बोकारो जिले के टीटीपीएस ललपनिया की बेटी कुमारी निकिता ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 की आधिकारिक राष्ट्रीय प्रतिभागी बनने का गौरव हासिल किया है. इस उपलब्धि से न केवल ललपनिया बल्कि पूरे बोकारो जिले और झारखंड का नाम रोशन हुआ है. निकिता के पिता लक्ष्मण कुमार टीटीपीएस में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी मां वंदना कुमारी गृहिणी हैं. छोटा भाई भी इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है. एक साधारण परिवार से निकलकर राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने वाली निकिता की सफलता की कहानी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई है. निकिता ने वर्ष 2016 में डीएवी पब्लिक स्कूल, ललपनिया से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की. इसके बाद वर्ष 2019 में बिहार बोर्ड से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की. उच्च शिक्षा के प्रति समर्पण दिखाते हुए उन्होंने वर्ष 2023 में इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की. पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्हें नौकरी का अवसर भी मिला, लेकिन फैशन और मॉडलिंग के प्रति उनका जुनून इतना प्रबल था कि उन्होंने नौकरी छोड़ अपने सपनों को उड़ान देने का निर्णय लिया.

## खूंटी पुलिस का बड़ा एक्शन: पीएलएफआई के एरिया कमांडर समेत 7 गिरफ्तार

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**



**रांची/खूंटी।** जिला पुलिस ने पीएलएफआई उग्रवादियों के खिलाफ चलाए गए एक बड़े अभियान में बड़ी कामयाबी हासिल की है. तोरपा और कर्रा थाना क्षेत्र में लेवी की मांग, आगजनी और फायरिंग की घटनाओं को अंजाम देने वाले सात उग्रवादियों को पुलिस ने धर दबोचा है. इस दौरान पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में पीएलएफआई का खुद को एरिया कमांडर बताने वाला श्रवण दास उर्फ फागुवा दास घायल हो गया है. गिरफ्तार पीएलएफआई नक्सली दस्ते के सदस्यों में सुदर्शन सोय उर्फ सुधीर उर्फ सोना सोय, सलीम बोदरा उर्फ रोडे, श्रवण दास उर्फ फगुआ दास, सामु डोडराय, विष्णु मांझी उर्फ एडी, हर्षित गुड़िया उर्फ बोयदा पाहन और उमर खान उर्फ नील खान शामिल है. इन लोगों से पुलिस ने तोरपा थाना क्षेत्र से बरामद हथियारों में एक देसी पिस्टल, एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, 21 जिंदा कारतूस, दो मोबाइल और 6 पीएलएफआई पर्चे शामिल है. जबकि जरियागढ़ थाना से बरामद हथियारों में एक देसी पिस्टल, एक दो नाली देसी कट्टा, एक मैगजीन और 7 जिंदा गोलियां बरामद की गई.

पीएलएफआई के खिलाफ कार्रवाई मामले की जानकारी देते हुए खूंटी एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि तोरपा और कर्रा थाना क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य सरकारी ठेकेदारों और निविदाओं पर काम कर रहे लोगों से लेवी मांग रहे थे. इसके अलावा सरकारी निर्माण कार्य, एक सरकारी साइट और गाड़ियों में आगजनी जैसी घटनाओं को अंजाम देकर दहशत फैला रहे थे. पुलिस को सूचना मिली कि श्रवण दास अपने सहयोगियों के साथ फिर से किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए तोरपा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील है. सूचना के बाद रक्क्ष का गठन कर छापेमारी की गई, जिसमें उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया. एसपी ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद श्रवण दास ने स्वीकार किया कि उसके पास और भी हथियार हैं जिन्हें उसने जरियागढ़ थाना क्षेत्र के बरवादाग जंगल में छिपा कर रखा है. पुलिस उसे हथियार बरामदगी के लिए जंगल ले गई. वहां से वापसी के दौरान श्रवण दास ने जातियागड़ थाना प्रभारी बीरेंद्र कुमार से हथियार छीनकर पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की. आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें श्रवण दास के पैर में एक गोली लगी. फिलहाल उसका इलाज चल रहा है, खतरे से बाहर होने पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा. एसपी ने बताया कि पकड़े गए सभी उग्रवादियों का आपराधिक इतिहास रहा है और वे पहले भी जेल जा चुके हैं. इसमें हर्षित गुड़िया और श्रवण दास पर सबसे अधिक मामले दर्ज हैं. अन्य उग्रवादियों के पास से मिले नंबरों और डायरी की जांच की जा रही है ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचा जा सके.

# लखनऊ के कोचिंग सेंटर में भीषण आग, 15 की मौत, कई घायल

## सीएम योगी बोले-एक भी जिम्मेदार को बख्शेंगे नहीं, दिए राहत-बचाव के निर्देश

**एजेंसी**




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज इलाके में सोमवार को एक कोचिंग सेंटर की इमारत में भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग की चपेट में आने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बचाव के लिए कई छात्रों को इमारत से कूदना पड़ा।

**सीएम योगी ने जताया शोक**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रभावित परिवारों से संपर्क कर हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए और घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग तीन मंजिला व्यावसायिक इमारत की ऊपरी मंजिल पर लगी और देखते ही देखते पूरे हिस्से में फैल गई। इमारत में कोचिंग सेंटर के अलावा पालतू जानवरों की दुकान और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी संचालित होते हैं। आग लगने के दौरान कोचिंग सेंटर में मौजूद कई छात्र और कर्मचारी अंदर फंस गए। जान बचाने के लिए कुछ छात्रों ने पहली मंजिल से छलांग लगा दी। घटनास्थल से सामने आए वीडियो में एक व्यक्ति को टूटी खिड़की से बाहर निकलने की कोशिश करते हुए देखा जा सकता है, जो संतुलन खोने के बाद नीचे गिर जाता है। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

**मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड**

सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंच गईं। कई दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया गया और इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी घटनास्थल पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने और घटना की जांच के निर्देश दिए। घटना की भयावहता को देखते हुए सीएम योगी ने अलीगढ़ का दौरा छोड़कर लखनऊ रवाना हो गए हैं. अलीगढ़ में मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी हार्दिक इच्छा थी कि आज मैं अलीगढ़ में रहूं, लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि अभी-अभी मुझे जानकारी मिली है लखनऊ में एक अग्निकांड की दुखद घटना हुई है. उसकी चपेट में कुछ बच्चे आये हैं, उनकी दुखद मौत हुई है. इसलिए मुझे तत्काल वापस जाना पड़ रहा है, जिन्होंने जान खोई उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं. प्रशासन ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। शुरूआती तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही होगी। ग्राउंड फ्लोर से उठने वाली आग की लपटें और जहरीला धुआं इतनी तेजी से ऊपर की मंजिलों तक पहुंचा कि छात्रों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

## आज का विचार



**अलाहमद अंसारी**
**सामाजिक कार्यकर्ता**

**जीवन कोई समस्या नहीं है जिसे सुलझाना है, बल्कि एक अनुभव है जिसे जीना है। खुश रहने का सबसे अच्छा तरीका अपने कार्यों में व्यस्त रहना और सकारात्मक दृष्टिकोण रखना है। छोटी-छोटी बातों पर परेशान न हों, अपने प्रयासों पर भरोसा रखें और खुद को कमजोर न समझें, क्योंकि आपकी सोच ही आपको सबसे अलग बनाती है।**

### सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,49,560**
चांदी (प्रति किलो) : **2,55,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

### शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **77,094.07**
निफ्टी :- **24,102.90**

### मौसम

अधिकतम तापमान : **33** °
न्यूनतम तापमान : **24** °

### सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:04**
संध्या :- **18:38**

### आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1894 को पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) की स्थापना हुई।**

### संक्षिप्त समाचार

**डीजीपी से मिलीं विदेश सेवा की अधिकारी मनीता, विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की**

रांची। झारखंड पुलिस मुख्यालय में सोमवार को भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी मनीता के. ने पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा से शिष्टाचार मुलाकात की. पुलिस मुख्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान प्रशासनिक विषयों, समसामयिक मुद्दों और जनहित से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई. दोनों अधिकारियों के बीच शासन-प्रशासन से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श हुआ. यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें आपसी समन्वय और विभिन्न सार्वजनिक हित के मुद्दों पर भी बातचीत की गई. पुलिस मुख्यालय की ओर से इसे औपचारिक शिष्टाचार भेंट बताया गया है. मुलाकात के दौरान दोनों अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्रों से जुड़े अनुभवों का भी आदान-प्रदान किया.

**अलकतरा घोटाला: कॉन्ट्रैक्टर को 3 साल की सजा, एक लाख का जुमार्ना भी लगा**

रांची।अलकतरा घोटाला मामले के एक आरोपी कॉन्ट्रैक्टर झमन प्रसाद को सीबीआई के विशेष अदालत ने 3 साल की सजा सुनाई है. साथ ही उसपर एक लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है. जुमार्ना राशि नहीं भरने पर उसे 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतना होगा. दरअसल मामले में 7 आरोपियों ने ट्रायल फेस किया था. ट्रायल फेस करने वाले तत्कालीन 4 कनीय अभियंता और 2 सहायक अभियंता साक्ष्य के अभाव में बरी हुए. बता दें कि यह मामला वर्ष 2009 का है. वर्ष 2005-2006 में भुरकुंडा-पतरातू के 6 किमी सड़क का नवीकरण का काम किया गया था. अलकतरा की खरीददारी सरकारी एजेंसी से होनी थी, लेकिन खरीददारी निजी एजेंसी से की गई थी. जिसे लेकर सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी. सीबीआई की जांच में 20.23 लाख का घोटाला सामने आया था.










# भारत सरकार की राज्य स्तरीय दिशा समिति के सदस्य देवेश तिवारी का रामगढ़ आगमन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार की जन–कल्याणकारी उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा**



**रामगढ़।** भारत सरकार की राज्य स्तरीय 'दिशा' समिति के सदस्य देवेश तिवारी आज रामगढ़ जिला प्रवास पर पहुंचे। अपने इस दौरे के उपरांत उन्होंने स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों के साथ एक विस्तृत प्रेस वार्ता (Press Conference) का आयोजन किया। इस प्रेस वार्ता का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की जन-हितैषी योजनाओं, ऐतिहासिक उपलब्धियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

**प्रेस वार्ता के मुख्य बिंदु एवं केंद्र सरकार की प्रमुख उपलब्धियां:**

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सदस्य देवेश तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र पर काम कर रही है। उन्होंने रामगढ़ जिले सहित पूरे क्षेत्र में केंद्र सरकार की योजनाओं के सकारात्मक प्रभावों और उपलब्धियों को रेखांकित किया:

**जल जीवन मिशन (हर घर जल):** उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने देश के ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का ऐतिहासिक काम किया है। रामगढ़ जिले में भी हजारों घरों तक 'नल से जल' पहुँचाकर माताओं-बहनों को पानी की समस्या से मुक्ति दिलाई गई है।

**गरीब कल्याण और मुफ्त राशन योजना:** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत करोड़ों जरूरतमंदों को मुफ्त राशन देकर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की गई है, जिससे वैश्विक संकटों के दौर में भी देश का कोई नागरिक भूखा नहीं सोया।

**स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत क्रांति:** दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना 'आयुष्मान भारत' के तहत गरीबों को ?5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है, जिसने आम जनता को गंभीर बीमारियों के इलाज के भारी-भरकम खर्च से बचाया है।

**प्रधानमंत्री आवास योजना (PMA ):** देश के गरीब, बेघर और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों को पक्का मकान देकर उनके जीवन को सम्मानजनक बनाने का संकल्प धरातल पर पूरा हो रहा है।

**सड़क और बुनियादी ढांचे का विकास:** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) और नेशनल हाईवे नेटवर्क के विस्तार से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच की दूरी कम हुई है, जिससे व्यापार, शिक्षा और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं।

**माननीय सदस्य का वक्तव्य:**
आज केंद्र सरकार की योजनाएं किसी जाति, धर्म या वर्ग को देखकर नहीं, बल्कि पूरी पारदर्शिता के साथ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति (अंत्योदय) को ध्यान में रखकर बनाई जा रही हैं। हमारा प्रयास है कि रामगढ़ जिले का हर पात्र नागरिक इन योजनाओं के बारे में जागरूक हो और सीधे इसका लाभ उठाए। भ्रष्टाचार पर पूरी तरह लगाम कसते हुए डीबीटी (Direct Benefit Transfer) के माध्यम से पूरा पैसा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच रहा है।₹ देवेश तिवारी, सदस्य, राज्य स्तरीय दिशा समिति, भारत सरकार।

**मीडिया से अपील:**
देवेश तिवारी ने प्रेस वार्ता के अंत में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ यानी मीडिया जगत के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने मीडिया बंधुओं से अपील की कि वे केंद्र सरकार की इन जनकल्याणकारी और विकासपरक उपलब्धियों को सुदूर ग्रामीण इलाकों तक पहुंचाने में सेतु का कार्य करें, ताकि सूचना के अभाव में कोई भी गरीब अपने अधिकारों और लाभों से वंचित न रह सके।

## पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है: ममता देवी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़** ।नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 09, 14, 15, 16, 17, 18, 26, 27, 28, 29, 30 एवं 31 में कुल 16 नए जलमीनारों के अधिष्ठापन एवं शुभ शिलान्यास रामगढ़ विधानसभा की विधायक श्रीमती ममता देवी के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ।इस अवसर पर विधायक श्रीमती ममता देवी जी ने उपस्थित ग्रामीणों एवं नगरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और आने वाले समय में भी जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।उन्होंने कहा कि इन जलमीनारों के निर्माण से हजारों लोगों को स्वच्छ एवं सुगम पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे क्षेत्र की जल समस्या में काफी हद तक राहत मिलेगी।इसी संदर्भ में माननीय विधायक ममता देवी जी एवं वार्ड पार्षद रणधीर गुप्ता जी सीसीएल के प्रबंधन से मुलाकात कर अरगड्डा में CSR फंड से RO प्लांट लगवाने की बात की थी सीसीएल प्रबंधन ने भी निम्न स्थलों में RO प्लांट लगाने का सहमति दे दिया है और बहुत जल्द अरगड्डा के कहुआ बेड़ा में RO प्लांट का अधिष्ठापन किया जाएगा ।शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता देवी, उपाध्यक्ष श्री रणधीर गुप्ता, विभिन्न वार्डों के पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## फूहड़ गीतों पर योग कर भाजपा ने अपनी दोहरी मानसिकता उजागर की : मुकेश यादव

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़ :** विभिन्न समाचार पत्रों एवं डिजिटल न्यूज प्लेटफॉर्म पर विश्व योग दिवस के अवसर पर रामगढ़ जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित योग कार्यक्रम की खबरें और वीडियो देखने को मिले। उक्त वीडियो में फिल्मी एवं फूहड़ गीतों की धुन पर योगाभ्यास किया जाता दिखाई दे रहा है। यह दृश्य देखकर अत्यंत आश्चर्य और निराशा हुई। उक्त बातें कांग्रेस के जिला प्रवक्ता ने कही प्रेस बयान जारी कर कही है।उन्होंने कहा कि अपने आप को देश की सबसे अधिक संस्कारी और सांस्कृतिक मूल्यों वाली पार्टी बताने वाली भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा फूहड़ गीतों के साथ योग करना न केवल भारतीय संस्कृति का अपमान है, बल्कि यह भाजपा के दोहरे चरित्र को भी उजागर करता है। इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा को संस्कार, परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों से अधिक राजनीतिक लाभ की चिंता है।योग भारत की हजारों वर्षों पुरानी विरासत है। हमारे ऋषि-मुनियों ने योग को मानव कल्याण और आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम बनाया। योग का संबंध अनुशासन, साधना और आत्मिक शुद्धता से है। ऐसे पवित्र अभ्यास को फिल्मी और फूहड़ गीतों के साथ प्रस्तुत करना योग की मूल भावना के विपरीत है।श्री यादव ने कहा कि "४ इस कृत्य की घोर निंदा करते हैं तथा मानते हैं कि इससे उन लाखों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं जो योग को भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का महत्वपूर्ण अंग मानते हैं। भाजपा को इस कृत्य के लिए आम जनता से सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगनी चाहिए।साथ ही हम भाजपा के प्रदेश एवं शीर्ष नेतृत्व से यह जानना चाहते हैं कि क्या इस तरह के फूहड़ प्रदर्शन के लिए संबंधित लोगों के विरुद्ध कोई कार्रवाई की जाएगी। हमें पूरा विश्वास है कि इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं होगी, क्योंकि भाजपा का दोहरा रवैया पहले भी कई मुद्दों पर सामने आता रहा है।यदि यही कार्य किसी विपक्षी दल द्वारा किया गया होता तो भाजपा अब तक धरना-प्रदर्शन, प्रेस कॉन्फ्रेंस और विभिन्न प्रकार के आंदोलन शुरू कर चुकी होती। लेकिन जब मामला भाजपा से जुड़ा है, तब उसके नेता पूरी तरह मौन हैं। भाजपा का दोहरा चरित्र अन्य मामलों में भी समय-समय पर सामने आया है। आज राम मंदिर में दान राशि की कथित चोरी जैसे गंभीर मामलों पर भी भाजपा के नेता चुप्पी साधे हुए हैं। देश में घटित अनेक घटनाओं ने यह साबित किया है कि भाजपा सिद्धांतों से अधिक राजनीतिक सुविधा के आधार पर अपनी प्रतिक्रिया तय करती है। जनता अब भाजपा के इस दोहरे चरित्र को भली-भांति समझ चुकी है और समय आने पर इसका जवाब भी देगी।

## पंचायत सेवक एवं दलालों की मिली भगत से प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली और घोटाले को लेकर ग्रामीणों ने बी डी ओ को दिया आवेदन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातू:** सोमवार को तालाटांड पंचायत के दर्जनों युवा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात कर तालाटांड पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना चयन में पंचायत सेवक द्वारा दलालों की मिली भगत से मनमानी एवं धांधली करने का आरोप लगाते हुए पंचायत सेवक की शिकायत किया। ग्रामीणों ने बताया कि सूची में ऐसे दर्जनों परिवार का नाम हैं जो हर वर्ष परिवार के अलग-अलग सदस्य पति-पत्नी के नाम से दोबारा आवास लिया जा रहा है। यही नही दलालो के मिली भगत से मोटी रकम लेकर पक्के मकान वाले संपन्न नौकरी पेशा वाले धना सेठ लोगों को आवास दिया जा रहा है। यही नही इस पंचायत में सरकार की हर योजना का यही हाल है। जिन जरूरत मंद व्यक्ति - परिवार की पात्रता है उनका नाम सूची से काट दिया गया है। इससे संबंधित ग्रामीणों की हस्ताक्षरित एक ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया। जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने तुरंत एक कमेटी बनाकर ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए फिर से ग्राम सभा कर सूची फाइनल करने का आश्वासन दिया तथा कहा कि जरूरतमंद लोग किसी भी सूरत में वंचित नहीं होंगे। किसी संपन्न व्यक्ति को योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने इस कार्य हेतु बीसीओ को जांच अधिकारी नियुक्त किया है तथा एक तारीख को पुनः ग्राम सभा की तिथि निर्धारित की गई है।प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से सज्जाद अंसारी, तारिक रजा, सुल्तान अंसारी, परवेज आलम शेराज अंसारी, तबरेज अंसारी,शमीम ,शमशेर आलम ,यूसुफ अंसारी,सकील अंसारी,हसनैन अंसारी, आफताब आलम और दर्जनों लोग शामिल थे।झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

## स्थापना दिवस में शामिल होने के लिए पतरातू से दर्जनों आजसू कार्यकर्ता धनबाद के लिए रवाना



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पतरातू:** सोमवार को आजसू पार्टी का स्थापना दिवस सह जन आक्रोश मार्च कार्यक्रम के लिए पार्टी के कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी एवं प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो के संयुक्त नेतृत्व में पतरातू प्रखंड से धनबाद के लिए रवाना हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा पार्टी कि स्थापना दिवस सह जन आक्रोश मार्च कार्यक्रम निश्चित रूप से ऐतिहासिक होगा। यह कार्यक्रम झारखंड को एक नई दिशा भी देगा। वहीं प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो ने कहा आजसू पार्टी की पहचान आज पूरे झारखंड में विकास के रूप में हुई है। आज पार्टी का जनाधार पूरे झारखंड प्रदेश में बढ़ा है। आज युवा शक्ति का झुकाव और विश्वास आजसू पार्टी के प्रति बढ़ा है। मौके पर केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक, अजय रवि, रघुवीर महतो, धनेश्वर महतो, संतोष कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, राजेश पटेल, घनश्याम महतो, संजय ठाकुर, मनोज राम गणपत साव महेंद्र महतो फूलचंद महतो धीरज कुमार उमेश महतो टिकेश्वर महतो कमलेश कुमार महतो सहित सैकड़ो कार्यकर्ता धनबाद के लिए रवाना हुए।

## जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु विशेष शिविर का शुभारंभ

# पहले दिन बड़ी संख्या में पहुंचे अभिभावक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़।** रामगढ़ उपायुक्त ऋतुराज के निदेशानुसार जिले के सभी प्रखंडों की पंचायतों में 0 से 5 वर्ष एवं 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु विशेष शिविर का आयोजन सोमवार से प्रारंभ हुआ। यह विशेष अभियान 22 जून से 29 जून 2026 तक जिले के सभी पंचायत भवनों में संचालित किया जाएगा। शिविर के प्रथम दिन विभिन्न पंचायत भवनों में अभिभावकों एवं ग्रामीणों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। जन्म पंजीकरण एवं जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए पंचायत सचिव, जनसेवक एवं संबंधित कर्मियों द्वारा लाभुकों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। शिविर में प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर नियमानुसार जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। उपायुक्त ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र प्रत्येक नागरिक का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसकी आवश्यकता विद्यालयों में नामांकन, विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने, पहचान संबंधी कार्यों तथा अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में होती है। ऐसे बच्चों जिनका जन्म पंजीकरण अब तक नहीं हो पाया है, उनके अभिभावक इस विशेष शिविर का लाभ उठाकर जन्म प्रमाण पत्र अवश्य बनवाएं।

अभियान के तहत विशेष रूप से उन बच्चों को चिन्हित किया जा रहा है जिनका जन्म पंजीकरण किसी कारणवश नहीं हो सका है। पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को शिविर की जानकारी दी जा रही है ताकि कोई भी पात्र बच्चा जन्म प्रमाण पत्र से वंचित न रहे।जिला प्रशासन ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे 29 जून 2026 तक अपने संबंधित पंचायत भवन में आयोजित विशेष शिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर बच्चों का जन्म पंजीकरण एवं जन्म प्रमाण पत्र निर्गत कराने की प्रक्रिया पूर्ण करें। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों को शिविर के सफल संचालन एवं अधिकतम लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि अभियान अवधि के दौरान जिले के सभी पात्र बच्चों का जन्म पंजीकरण सुनिश्चित कर उन्हें जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाए, जिससे भविष्य में उन्हें किसी प्रकार की प्रशासनिक अथवा शैक्षणिक कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## खेल में भी हैं असीम संभावनाएं, ईमानदार प्रयास कभी नहीं जाता बेकार : राजीव रंजन



**लोहरदगा:** सीएम एसओई नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में आयोजित 65वीं सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-17 बालिका वर्ग का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) राजीव रंजन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में ईमानदारी और समर्पण के साथ किया गया प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता, चाहे वह पढ़ाई का क्षेत्र हो या खेल का। खेल के क्षेत्र में भी असीम संभावनाएं मौजूद हैं।उन्होंने कहा कि आज सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और वैभव सूर्यवंशी जैसे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर विश्वभर में पहचान बना चुके हैं। विद्यार्थियों को खेलों में रुचि लेकर नियमित अभ्यास करने की आवश्यकता है, जिससे वे भी भविष्य में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकें।कार्यक्रम में बीपीओ मंजू देवी एवं शिक्षक शैलेंद्र कुमार सुमन ने भी खिलाड़ियों को खेलों में अनुशासन, समर्पण और निरंतर मेहनत के महत्व से अवगत कराया तथा बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए संजय उरांव, रश्मि खेस, पंकज कुमार, बीरेंद्र यादव, राजेंद्र लकड़ा, आरती कुमारी, मोहित मुकेश, प्रतिभा खलखो, उशुर्ला कुजूर, विक्की कुमार, सबेन टोप्पो, सुष्मिता टोप्पो, गंगाधर महतो, अजय प्रसाद एवं जितेंद्र मित्तल सहित कई शिक्षकों एवं कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।आयोजकों ने स्पष्ट किया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए बूट-जूता एवं वैध दस्तावेज अनिवार्य हैं। बिना आवश्यक दस्तावेज और खेल सामग्री के किसी भी खिलाड़ी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।अंडर-17 बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में एकलव्य विद्यालय कुजरा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता का समापन 25 जून 2026 को होगा।

## शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक शांति का आधार₹ है योग: मनीषा अग्रवाल

**रामगढ़** ।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा ,रामगढ द्वारा योग दिवस रविवार को हेलौ किड्स, विद्यालय में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं मंच सदस्यों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।बच्चों के साथ मिलकर योग रील्स बनाई गईं,योग जागरूकता रैली निकाली गई।बच्चों द्वारा योग एवं स्वास्थ्य विषय पर पोस्टर गतिविधियाँ करवाई गईं,साथ ही बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक फल वितरित किए गए आम,लीची,केला,नाशपाती,अमरूद ,जामुन।इन सभी गतिविधियों से बच्चे अत्यंत प्रसन्न एवं उत्साहित हुए और उन्होंने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।कार्यक्रम मे मंच सदस्यो ने विद्यार्थियो को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन और तनावमुक्त जीवन का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, ऊजावान और सकारात्मक जीवन जी सकता है।इस अवसर पर मंच की अध्यक्ष मनीषाअग्रवाल, सचिव शिखाअग्रवाल, तथा शाखा सदस्य उपस्थित रहे। वहीं हैलो किड्स विद्यालय के प्राचार्य , शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी योगाभ्यास में भाग लिया। शाखा अध्यक्ष मनीषा अग्रवाल ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। इसे जन-जन तक पहुंचाने और स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से इस योग शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की।इस सफल आयोजन में शाखा की अनेक सदस्याओं की सक्रिय एवं सराहनीय सहभागिता रही।

## जेएलकेएम रामगढ़ जिला समिति का पुनर्गठन, नव-नियुक्त पदाधिकारियों को मिली बधाइयां

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (खछङट) की केंद्रीय समिति के अनुमोदन के बाद संगठन विस्तार के उद्देश्य से रामगढ़ जिला समिति के पुनर्गठन हेतु प्रथम एवं द्वितीय सूची जारी की गई। पुनर्गठन प्रक्रिया के लिए मोतीलाल महतो, पवन रजक, फरजान खान, मुकेश महतो एवं दिनेश साहू को प्रभारी नियुक्त किया गया था। संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर कुछ कार्यकताओं द्वारा प्रक्रिया पर सवाल भी उठाए गए और पदों के लिए आवेदन करने वाले तथा बिना आवेदन वाले व्यक्तियों को लेकर विवाद की स्थिति बनी, जिसके बाद द्वितीय सूची जारी की गई। जारी सूची के अनुसार पतरातू प्रखंड से रामचंद्र यादव को जिला सचिव, इनामुल अंसारी एवं नौशाद अंसारी को जिला उपाध्यक्ष, ईश्वर दयाल महतो एवं आर्यन टोप्पो को जिला सचिव, बाबूलाल महतो को जिला महासचिव तथा शाह मोहम्मद अंसारी को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा टाइगर जयराम महतो की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित रहने की बात कही। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से राजेंद्र बेदिया, गोपाल महतो, सदम हुसैन, सुनील महतो, संतोष बेदिया, राजेंद्र महतो, जयपाल महतो, मदन महतो, खिरोधर महतो, सहदेव महतो, सचिन महतो, संजय महतो, ओम प्रकाश महतो, दिलीप बेदिया, हेमंत मुंडा, सिकंदर मुंडा, आकृति बेदिया, सुरेश उरांव समेत सैकड़ों लोगों ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने किया सामूहिक योग

**रामगढ़** ।अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, झारखंड प्रदेश, रामगढ़ शाखा ने महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के तहत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में समिति की सभी सदस्यों ने मिलकर योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षण लीलावती दीदी द्वारा दिया गया, जिन्होंने योग के शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में लीलावती दीदी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि महिलाओं में स्वास्थ्य और आत्म-सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता लाना बेहद जरूरी है, और योग इसके लिए एक प्रभावी माध्यम है। उपस्थित सदस्य प्रिया अग्रवाल, मीनू मोदी, मुन्नी मोदी, सिंपल बरेलिया, पुष्पा अग्रवाल, कुसुम गुप्ता, पूनम गर्ग, स्वाति पंसारी

## राज्य पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में रॉय फिटनेस क्लब के खिलाड़ियों का रहा शानदार प्रदर्शन



**लोहरदगा:** 19 से 21 जून 2026 तक रांची स्थित ओल्ड विधानसभा क्लब हाउस में आयोजित झारखंड स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रॉय फिटनेस क्लब के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया।प्रतियोगिता में क्लब के खिलाड़ी प्रियांशु कुमार सोनी ने सब-जूनियर अंडर-74 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।वहीं अरव पांडेय ने सब-जूनियर अंडर-66 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक हासिल किया। सलमान ने सीनियर अंडर-59 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।इसके अलावा आर्यन कुमार रवि ने जूनियर अंडर-59 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक, कौशिक ने सब-जूनियर अंडर-74 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक तथा सिद्धार्थ साहू ने ओपन सब-जूनियर वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया।खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर रॉय फिटनेस क्लब के कोच हर्षित रॉय एवं उत्तम महतो ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के बल पर खिलाड़ियों ने यह सफलता हासिल की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर जिले और राज्य का गौरव बढ़ाएंगे।खिलाड़ियों की सफलता पर खेल प्रेमियों, अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## कैरो में वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत

लोहरदगा: जिले के कैरो थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर बाद हुई वज्रपात की घटना में एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन घायल महिला को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान कैरो हरिजन मुहल्ला निवासी प्रकाश रविदास की 37 वर्षीय पत्नी रेखा देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सोमवार दोपहर बाद क्षेत्र में बारिश के दौरान अचानक वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में रेखा देवी आ गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं।घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उनकी मौत की पुष्टि कर दी।घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, गांव में भी शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आपदा राहत के तहत उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## लोहरदगा सड़क हादसे में मारे गए 3 लोगों के परिजनों से मिले सांसद सुखदेव भगत, बंधाया ढांढस, हरसंभव मदद का दिया भरोसा

तीन दिन पहले मिशन चौक लोहरदगा पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो बहन और एक भाई तीन लोगों की मौत हो हो गई थी लोहरदगा सांसद पार्लियामेंट के काम से लोहरदगा से बाहर थे। आज वे लोहरदगा पहुंचे और सीधे पीड़ित परिवार से मिलने बरवा टोली लोहरदगा पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का भरोसा दिये तथा अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किये।सांसद सुखदेव भगत मृतक के पिता, माता एवं अन्य परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहाकि इस घटना से पूरे लोहरदगावासी मर्माहत है एक साथ तीन बच्चोंको खोना असहनीय पीड़ा है। इस दुख की घड़ी में मैं आपके साथ खड़ा हूं।सांसद ने इस संदर्भ में उपायुक्त से वार्ता किए और कहें कि इस तरह का घटना का पुनरावृत्ति नहीं हो इसके लिए प्रशासन शख्स कदम उठाए। उपायुक्त ने सांसद को आश्वासन दिया कि इस तरह की घटना का पुनरावृत्ति नहीं हो उसके लिए जल्द प्रशासन ठोस निर्णय लेगा। मौके पर सांसद के साथ शोक व्यक्त करने वालों में आलोक कुमार साहू,कुणाल अभिषेक, अजय अग्रवाल, महताब

# अलनीनो के प्रभाव से झारखंड में भी सुखाड़ जैसे बन सकते हैं हालात : कृषि सचिव

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** अलनीनो की वजह से इस बार मौसम विभाग का पूवार्नुमान सामान्य से कम बारिश का था. कम बारिश और अलनीनो के प्रभाव में सबसे ज्यादा आने वाले जिलों में खेतीबाड़ी को लेकर वैकल्पिक तैयारी की समीक्षा के लिए केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह चौहान 23 जून को सुबह 10 बजे से ऑनलाइन बैठक करने वाले हैं. इस बैठक में देश के सभी राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के कृषि मंत्री और कृषि सचिव शामिल होंगे. झारखंड में समय पर मानसून के दस्तक देने के बावजूद अब तक मानसून की कमजोर स्थिति ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. 1 जून से 22 जून तक झारखंड में सामान्य से 60 प्रतिशत कम बारिश हुई है. ऐसे में कृषि विभाग का आकलन क्या है और सुखाड़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए क्या-क्या तैयारी की जा रही है. साथ ही केंद्र द्वारा योजना के लिए दिए जाने वाले राशि खर्च न करने के आरोपों को लेकर उपेंद्र कुमार ने झारखंड के कृषि सचिव अबु बकर सिद्दीकी से खास बातचीत की.

**राज्य में चलाया जा रहा है 48 किसान जागरूकता रथ**

कृषि सचिव अबु बकर सिद्दीकी ने कहा कि जुलाई महीने में स्थिति खराब होने की संभावना को देखते हुए हर जिले के लिए आकस्मिक कार्य योजना बनाई गई है. साथ ही स्टेट लेवल पर भी प्लान तैयार किया गया है. कृषि सचिव ने कहा कि किसानों को कम बारिश में होने वाली धान की प्रजाति, मोटे अनाज, दलहन और मक्का की खेती को लेकर जागरूक किया जा रहा है. इसके लिए राज्य भर में 48 किसान जागरूकता रथ चलाया जा रहा है, जो किसानों को यह भी बता रहा है कि इस बार झारखंड में कम वर्षा की स्थिति में वह क्या करें.

**वीडियो सॉन्ग के जरिए किसानों को किया जा रहा है जागरूक**

कृषि सचिव अबु बकर सिद्दीकी ने कहा कि वीडियो सॉन्ग के माध्यम से झारखंड के किसानों को जागरूक किया जा रहा है. साथ ही पशु चारा की कमी न हो, इसके लिए विभाग गंभीर है. वहीं उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य में बड़े जलाशयों में पानी की कमी नहीं होगी और मानसून के उत्तरार्ध में अच्छी बारिश भी हो जाये तो मत्स्य उत्पादन पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा. किसानों के बीच बीज वितरण को लेकर पूछे सवाल पर कृषि सचिव ने माना कि इस वर्ष धान बीज वितरण में थोड़ा विलंब हुआ है. लेकिन जून तक सभी जिलों में बीज वितरण का काम पूरा कर लिया जाएगा. उन्होने ईटीवी भारत के माध्यम से राज्य के किसानों, मत्स्यपालकों और पशुपालकों से अपनी फसल, तालाब और पशुओं की बीमा कराने की अपील की. उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार सब्सिडी भी देती है और किसानों को बेहद कम पैसा खर्च करना पड़ता है.

**पांच वर्षों से बजट का 80-90% राशि खर्च कर रहा है विभाग: कृषि सचिव**

राज्य में कृषि विभाग द्वारा बजट की राशि खर्च नहीं कर पाने और बड़ी रकम के पीएल खाते में जाने की बात को कृषि सचिव ने पुरानी बात बताई. उन्होंने कहा कि पिछले 4-5 वर्षों से विभाग 80-90 प्रतिशत राशि खर्च कर रहा है. पहले यह 50-60 प्रतिशत होता था. उन्होंने कहा कि कृषि में सीजनल बजट खर्च होता है. ऐसे में अब सभी अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि बजट की राशि उसी वित्तीय वर्ष में खर्च किया जाए. इस बार झारखंड में मानसून ने अपने निर्धारित समय पर संथाल के रास्ते दस्तक दे दिया था. लेकिन उसके बाद इतने दिन गुजर जाने के बाद भी यह पूरा राज्य को कवर नहीं कर पाया है. वहीं मानसूनी बारिश भी सामान्य से काफी कम रही है.

# एसबीयू में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व विश्व संगीत दिवस का भव्य आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के योग व प्राकृतिक चिकित्सा विज्ञान विभाग द्वारा भारतीय ज्ञान प्रणाली ललित कला विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना व उन्नत भारत अभियान के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और विश्व संगीत दिवस का भव्य आयोजन किया गया. इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रही. कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने किया. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग मानव जीवन की अमूल्य धरोहर है और यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का माध्यम है. उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को ऊर्जा, एकाग्रता और कार्य करने की शक्ति प्रदान करता है. कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. एस. बी. डांडिन, विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही. सभी अतिथियों का स्वागत डॉ. अर्चना मौर्या, विभागाध्यक्ष, योग व प्राकृतिक चिकित्सा विज्ञान विभाग द्वारा किया गया. इसके बाद कॉमन योग प्रोटोकॉल पर आधारित योग सत्र का संचालन डॉ. विश्वजीत वर्मा, सहायक प्राध्यापक, योग व प्राकृतिक चिकित्सा विज्ञान विभाग ने किया. योग सत्र की शुरूआत ॐ व मंत्रोच्चारण से हुई. इसके बाद संधि संचालन अभ्यास, विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान व विश्राम अभ्यास कराए गए. सत्र में स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन, मानसिक संतुलन और वृद्धावस्था में योग की उपयोगिता पर विशेष बल दिया गया. योग सत्र के उपरांत सामान्य रोगों में मर्म चिकित्सा की उपयोगिताह्व विषय पर अंजना कुमारी सिंह, सहायक प्राध्यापक द्वारा विशेष व्याख्यान एवं प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया. उन्होंने मर्म बिंदुओं के चिकित्सीय महत्व और सामान्य रोगों के प्रबंधन में उनकी भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी. विश्व संगीत दिवस के अवसर पर संगीत विभाग द्वारा संकीर्तन एवं हनुमान चालीसा की प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम का नेतृत्व स्पर्श उपाध्याय, सहायक प्राध्यापक, संगीत विभाग ने किया.

# रिम्स-2 के विरोध में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**ग्रामीणों की मांगें**

- सरकार किसानों से कभी वार्ता नही की है.
- सरकार घोटाला कर रही है.
- सरकार को रिम्स2 से कोई मतलब नही है.
- रिम्स 2 की रैयतो ने मुआवजा नही लिया है.
- रिम्स 2 की रैयतो से फजीर्वाड़ा हुआ है.

**रांची।** अपनी मांगों को लेकर रिम्स 2 के रैयतों ने नगड़ी कांके में अनिश्चतकालीन धरना देना शुरू किया है. यह धरना नगड़ी बचाव संघर्ष समिति के बैनर तले हो रहा है. धरना में शामिल रैयतों ने कहा कि रिम्स 2 की जमीन आदिवासी परिवारों की खेती योग्य जमीन है. खेती कर हर साल सैकड़ों टन धान उपजा कर घर ले जाते थे, लेकिन सरकार इस जमीन को अधिग्रहण कर और रिम्स 2 बनाकर अपनी उपलब्धी गिनाने में लगी हुई है. रिम्स 2 बनने के बाद सैकड़ों आदिवासी परिवारों की रोजी रोजगार छिन्न जाएगी. रैयतों ने कहा कि सरकार रिम्स को बेहतर नहीं बना पा रही है. वहीं, मरीजों को व्यवस्था सही से दे नहीं रही है और आदिवासी परिवारों की खेती योग्य जमीन पर रिम्स 2 बना रही है. रैयतों ने कहा कि जिस सरकार को आदिवासियों ने वोट देकर जिताया है. आज वही सरकार आदिवासियों से वार्ता नही कर रही है. मालूम हो कि पिछले सप्ताह सीएम आवास घेरने जा रहे रिम्स 2 के ग्रामीणों को पुलिस ने ऑक्सीजन पार्क के सामने रोक दिया था. वहां पर पुलिस द्वारा बैरिगकडिंग लगारकर रोक दिया गया था. तभी ग्रामीणों ने वहीं पर धरना देना शुरू कर दिया था.

# झारखंड के लिए ऐतिहासिक क्षण : पहली बार प्रतिष्ठित डूरंड कप की मेजबानी के लिए तैयार रांची

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड की खेल यात्रा में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। रांची पहली बार प्रतिष्ठित डूरंड कप की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह प्रतिष्ठित फुटबॉल टूनार्मेंट संभावित रूप से 26 जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा। इस ऐतिहासिक आयोजन की सफल मेजबानी को लेकर सोमवार को श्री मुकेश कुमार ,सचिव, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में देश के सबसे पुराने एवं प्रतिष्ठित फुटबॉल टूनार्मेंट में से एक डूरंड कप के सफल आयोजन हेतु विश्वस्तरीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कार्ययोजना एवं विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान स्टेडियम की तैयारियों, संचालन संबंधी आवश्यकताओं, सुरक्षा व्यवस्था, लॉजिस्टिक प्रबंधन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं दर्शकों के अनुभव को बेहतर बनाने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। सचिव ने कहा कि रांची में पहली बार डूरंड कप का आयोजन झारखंड में फुटबॉल के विकास और खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के टूनार्मेंट का सफल आयोजन आने वाले वर्षों में रांची में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैचों की मेजबानी की संभावनाओं के नए द्वार खोलेगा तथा झारखंड को बड़े खेल आयोजनों के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा।

डूरंड कप 2026 का उद्घाटन समारोह खेल, देशभक्ति, भारतीय सेना की गौरवशाली परंपराओं एवं झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम होगा। समारोह के प्रमुख आकर्षणों में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा रोमांचक शो, आर्मी बैंड की विशेष प्रस्तुति एवं पारंपरिक नृत्य शामिल होंगे। इसके साथ ही झारखंड की लोक एवं जनजातीय नृत्य परंपराओं की भव्य प्रस्तुतियां राज्य की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करेंगी। सचिव ने सभी संबंधित विभागों एवं हितधारकों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों, अधिकारियों, फुटबॉल प्रेमियों एवं दर्शकों को एक यादगार अनुभव प्रदान करना आयोजन की प्राथमिकता होगी। बैठक में श्री छवि रंजन, निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय; श्री आसिफ एकराम, निदेशक, संस्कृति निदेशालय; श्री कर्नल हेम चंद्रा, डूरंड कप के नोडल आर्मी अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आजसू के 41वें स्थापना दिवस पर सुदेश महतो से मिले वरिष्ठ आंदोलनकारी नेता

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** आजसू पार्टी के 41वें स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी और पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत व केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने धनबाद रवाना होने से पहले रांची के बुकरु स्थित आवास पर आजसू प्रमुख सुदेश महतो से शिष्टाचार मुलाकात की. इस दौरान दोनों नेताओं ने सुदेश महतो को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं. मुलाकात के दौरान सुदेश महतो ने भी दोनों वरिष्ठ नेताओं को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए झारखंड के नवनिर्माण और राज्य से माफिया राज समाप्त करने के संकल्प को दोहराया. उन्होंने संगठन को मजबूत करने और जनसरोकार के मुद्दों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया. उल्लेखनीय है कि डॉ. देवशरण भगत और प्रवीण प्रभाकर आजसू पार्टी के स्थापना काल से ही संगठन से जुड़े रहे हैं और लंबे समय से आंदोलन व संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं. इस अवसर पर केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता, केंद्रीय सचिव नमन साहू, छोटन सिंह, बंटी यादव, मीडिया संयोजक परवाज खान, केंद्रीय प्रवक्ता ज्ञान सिन्हा, जिला परिषद सदस्य हाकिम अंसारी सहित कई कार्यकताओं ने भी सुदेश महतो को स्थापना दिवस की बधाई दी.

# तमाड़ में सैलून की आड़ में चल रहा था गांजे का कारोबार, 3.9 किलो गांजा बरामद, संचालक गिरफ्तार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** रांची जिले के तमाड़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सैलून दुकान से करीब 3.9 किलोग्राम संदिग्ध गांजा बरामद किया है। मामले में पुलिस ने सैलून संचालक तीजनाथ हजाम (44 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपी तमाड़ थाना क्षेत्र के देउड़ी गांव का रहने वाला है। इस संबंध में तमाड़ थाना कांड संख्या-36/2026 दर्ज करते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा-20 के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को 21 जून को गुप्त सूचना मिली थी कि मां होटल के समीप पतरा जंगल की ओर जाने वाली सड़क किनारे स्थित एक सैलून दुकान में अवैध रूप से गांजे की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना मिलने के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) ओमप्रकाश के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर सैलून दुकान की तलाशी ली, जहां से करीब 3.9 किलोग्राम संदिग्ध गांजा बरामद किया गया।

**एसडीपीओ ओमप्रकाश ने बताया, गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई**

एसडीपीओ ओमप्रकाश ने बताया कि गुप्त सूचना के सत्यापन के बाद गठित टीम ने तमाड़ थाना क्षेत्र में छापेमारी की। तलाशी के दौरान सैलून दुकान से करीब 3.9 किलोग्राम संदिग्ध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी बरामद मादक पदार्थ के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद बरामद गांजे को विधिवत जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में बुंडू एसडीपीओ ओमप्रकाश, तमाड़ थाना प्रभारी दुलाल कुमार महतो, सहायक अवर निरीक्षक कुलदेव तांती तथा तमाड़ थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस का कहना है कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# नीट परीक्षा व राज्यसभा चुनाव पर झामुमो ने केंद्र को घेरा, समीक्षा बैठक की भी घोषणा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ियों और राज्यसभा चुनाव के नतीजों पर अपनी बात रखी. नीट परीक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्रों को सुरक्षित पहुंचाने में भारतीय वायुसेना ने अपनी जिम्मेदारी निभाई, इसके लिए उनका आभार है. लेकिन परीक्षा कराने वाली एजेंसी और केंद्र सरकार को अपनी जिम्मेदारी से नहीं बचना चाहिए. उन्होंने कहा कि अगर एक परीक्षा भी सही तरीके से नहीं कराई जा रही है तो यह चिंता की बात है. उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था धीरे-धीरे कॉरपोरेट के हाथों में जा रही है. मेडिकल शिक्षा इतनी महंगी हो गई है कि आम छात्रों के लिए डॉक्टर बनना मुश्किल होता जा रहा है. उन्होंने कहा कि सिर्फ पैसे के दम पर शिक्षा हासिल करने का माहौल बन रहा है. सुप्रियो भट्टाचार्य ने तंज कसते हुए कहा कि अगर परीक्षाओं को सुरक्षित कराने के लिए सेना और केंद्रीय एजेंसियों की मदद लेनी पड़ रही है तो फिर बाकी परीक्षाओं में भी अलग-अलग एजेंसियों को लगा देना चाहिए. उन्होंने कहा कि सेना का इस्तेमाल सामान्य परिस्थितियों में नहीं होना चाहिए. उन्होंने नीट से जुड़े छात्रों की आत्महत्या की घटनाओं का जिक्र करते हुए मानव संसाधन मंत्री से इस्तीफा देने की मांग की. उनका कहना था कि लाखों छात्रों का भविष्य इस परीक्षा से जुड़ा है और सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए. राज्यसभा चुनाव के नतीजों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि गठबंधन के उम्मीदवारों को मिले वोट यह दिखाते हैं कि गठबंधन के विधायक अपने नेतृत्व के साथ खड़े रहे. वहीं, दूसरे उम्मीदवार को मिले वोटों को लेकर उन्होंने भाजपा नेतृत्व पर निशाना साधा.

# मोदी सरकार में आदिवासी विरासत को मिल रही नई पहचान : आदित्य साहू

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई. साथ ही उन्होंने आदिवासी समाज के उत्थान और उनके विकास के लिए केन्द्र सरकार की पहल का खूब बखान किया. आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ओडिशा के मयूरभंज जिला अंतर्गत पाहाड़पुर गांव स्थित संथाली जाहेर और हो जाहेर स्थल में पूजा अर्चना कर इन स्थलों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने का काम किया है. प्रधानमंत्री का यह कदम भारत की जनजातीय जड़ों, सदियों पुरानी परंपराओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति उनके गहरे सम्मान को भी दशार्ता है.

आदित्य ने कहा कि संथाल और हो समुदायों के लिए जाहेर स्थल सदियों पुरानी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रतीक हैं. आदिवासी समाज में मांझी थान और जाहेर थान स्थलों का महत्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक भी है. संथाल और हो समुदायों के लिए यह स्थल सामुदायिक जीवन का आध्यात्मिक केंद्र होता है. इनकी जीवन पद्धति इसी के इर्द गिर्द केंद्रित होती हैं. इनके सारे मांगलिक कार्य यहीं से संपन्न होते हैं. उन्होंने ने कहा कि भाजपा और नरेंद्र मोदी जनजातीय समाज के उत्थान और इनकी सांस्कृतिक विरासत को संयोजने को लेकर सदैव तत्पर रहे हैं. भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना, आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित संग्रहालयों की स्थापना तथा विभिन्न जनजातीय नायकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना इसी क्रम का हिस्सा है.

द्रौपदी मुर्मू का भारत की पहली आदिवासी राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचन होना असाधारण उपलब्धि है. आजादी के 75 वर्षों बाद पहली बार किसी आदिवासी महिला का देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचना करोड़ों आदिवासियों के लिए गौरव का विषय बना. अब झारखंड आंदोलन के प्रमुख चेहरा रहे दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया जाना भी इसी व्यापक प्रक्रिया का विस्तार है, जिसके तहत आदिवासी नेतृत्व और उनके योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार आदिवासी समुदायों को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में लाने की दिशा में प्रयासरत है. आदिवासियों के आस्था स्थल पर माथा टेककर प्रधानमंत्री ने यह संदेश दिया कि आदिवासी समाज केवल विकास योजनाओं के लाभार्थी नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत के महत्वपूर्ण वाहक हैं.

# 16वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप : झारखंड टीम चयन प्रक्रिया शुरू, 55 खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** 16वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 के लिए झारखंड टीम के गठन की प्रक्रिया सोमवार को रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में शुरू हुई. आयोजित चयन ट्रायल में राज्य के विभिन्न जिलों से आए 55 जूनियर खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. हॉकी इंडिया द्वारा 28 जुलाई से 8 अगस्त 2026 तक तमिलनाडु के कोयंबटूर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए यह ट्रायल आयोजित किया गया. चयन प्रक्रिया में केवल उन्हीं खिलाड़ियों को शामिल किया गया जिनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 2007 या उसके बाद की है. ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों के कौशल, फिटनेस, गति, तकनीक और मैच परिस्थितियों में प्रदर्शन का आकलन किया गया.

चयन ट्रायल में शामिल खिलाड़ियों ने अपनी जगह पक्की करने के लिए पूरा दमखम दिखाया. मैदान पर खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा और उत्साह देखने लायक था. चयनकताओं ने प्रत्येक खिलाड़ी के प्रदर्शन का बारीकी से निरीक्षण किया ताकि राज्य की सर्वश्रेष्ठ टीम तैयार की जा सके. हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने बताया कि ट्रायल के बाद चयनित खिलाड़ियों के लिए जुलाई माह में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा. इस कैंप में खिलाड़ियों को तकनीकी और रणनीतिक प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उन्हें बेहतर तरीके से तैयार किया जा सके. विजय शंकर सिंह ने कहा कि झारखंड में हॉकी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है. चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है. अब चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से और निखारा जाएगा. हमारा प्रयास है कि एक संतुलित और मजबूत टीम तैयार की जाए, जो कोयंबटूर में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में झारखंड का बेहतर प्रतिनिधित्व करे और राज्य के लिए गौरवपूर्ण परिणाम लेकर आए. उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर 18 सदस्यीय अंतिम टीम का चयन किया जाएगा. इसी टीम में से कप्तान का भी चयन होगा, जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड की अगुवाई करेगा. इस ट्रायल के दौरान हॉकी झारखंड के पदाधिकारी मनोज कोनबेगी, माइकल लाल, गुरमीत राव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे. सभी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन का अवलोकन किया और चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया.

# अंगड़ा डिग्री महाविद्यालय के ऊपर से बिजली की तार हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है जल्द होगा पठन-पाठन प्रारंभ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** सोमवार को अबुआ अधिकार मंच के इंचार्ज युथ एंड स्टूडेंट वेलफेयर अभिषेक शुक्ला, को इंचार्ज विशाल कुमार यादब, दिवाकर प्रजापति एवं साह अफसर के नेतृत्व मे रांची विश्वविद्यालय के प्रसानिक भवन मे अंगड़ा डिग्री महाविद्यालाय मे पठन पठान प्रारम्भ करने तथा एक व्यक्ति एक पद लागु करने के मांग को लेकर कर धरना दिया लगभग 3 घंटे चले इस धरना प्रदर्शन के दौरान मंच के सदस्य एवं छात्र-छात्राएं रांची विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन अपनी मांगों को लेकर डटे रहे लगभग 3:30 कुलपति महोदया मीटिंग से बाहर निकल कर छात्र-छात्राओं से वार्ता कर उनकी मांगों को सुना और उसे गंभीरता से लेते हुए कहा के अंगड़ा डिग्री महाविद्यालय में हाई टेंशन तार को हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है तार हटते ही वहां पठान-पाटन की व्यवस्था शुरू की जाएगी वही एक व्यक्ति एक पद मामले पर उन्होंने कहा की एक सप्ताह के अंदर एक व्यक्ति एक पद को विश्वविद्यालय में किसी भी हालत में लागू किया जाएगा। मौके पर मौजूद अबुआ अधिकार मंच के सदस्यों ने कुलपति महोदय के इन दोनों निर्णय को छात्र छात्रों के हित में बताते हुए इस निर्णय का स्वागत किया। धरना देने वालो मे मुख्य रूप से: विशाल कुमार यादव, दिवाकर प्रजापति, साह अफसर, ऋषभ मिश्रा,अक्षय महतो,अनुज कुमार, मानस्वी जायसवाल, अर्जुन महतो,आकाश टेटे,शैलेश एक्का, मोहित उरांव,अजित उरांव, प्रीति सृष्टि, आयुष, गौतम राणा,के अलावा कई अन्य सदस्य मजूद थे.

# भाई की शादी की तैयारी के बीच दर्दनाक हादसा, केक लेने निकले युवक की मौत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**बरहरवा/साहिबगंज।** खुशियों का माहौल पल भर में मातम में बदल गया जब छोटे भाई की शादी की तैयारी में जुटा एक युवक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। बरहरवा - फरक्का मुख्य मार्ग पर बीएसएनएल टावर के समीप रविवार रात हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बरहरवा थाना क्षेत्र के बड़तल्ला गांव निवासी सनाउल शेख (35) अपने रिश्तेदार शाहिद शेख (22) और अशरफ शेख के साथ मोटरसाइकिल से बरहरवा बाजार जा रहे थे। परिवार में शादी का माहौल था और सनाउल शेख अपने छोटे भाई की शादी के लिए केक खरीदने निकले थे। रास्ते में बीएसएनएल टावर के पास अचानक सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। हादसा इतना गंभीर था कि बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर बरहरवा थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। एसआई अनिल यादव, एसआई जितेंद्र कुमार तथा एसआई रणजय कुमार ने पुलिस बल के सहयोग से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने घायल सनाउल शेख का इलाज शुरू किया, लेकिन उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल शाहिद शेख को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए रेफर कर दिया गया। अशरफ शेख का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है। घटना की खबर मिलते ही शादी वाले घर में चीख - पुकार मच गई। जिस परिवार में शादी की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहां अचानक मातम छा गया। परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल है। मृतक सनाउल शेख अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया। गांव के लोगों ने बताया कि सनाउल शेख मिलनसार और जिम्मेदार स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी असामयिक मौत से पूरे बड़तल्ला गांव में शोक की लहर फैल गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित सहायता प्रदान करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। शादी की तैयारियों के बीच हुई इस दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

## मोहर्रम को लेकर राजमहल थाना में शांति समिति की बैठक, शांतिपूर्ण जुलूस निकालने की अपील



**राजमहल।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को राजमहल थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) विमलेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजमहल विधायक प्रतिनिधि सह नगर पंचायत उपाध्यक्ष मो. मारूफ उर्फ गुड्डू, प्रभारी बीडीओ मो. युसूफ तथा नगर पंचायत अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख सहित विभिन्न अखाड़ा समितियों के सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।बैठक के दौरान एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने शहर के महाजन टोली, नया बस्ती, कासिम बाजार, नया बाजार, फुलवरिया, मटियाल सहित प्रखंड क्षेत्र के मखानी, लखीपुर, बेगमपुरा, कर्बला, मुर्गी टोला एवं हसन टोला आदि क्षेत्रों से निकलने वाले मोहर्रम अखाड़ों के रूट चार्ट की जानकारी समिति के सदस्यों से ली। उन्होंने सभी से प्रशासन का सहयोग करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। साथ ही जुलूस के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों का पालन करने का आग्रह किया।थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने सभी लाइसेंसी अखाड़ा समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए निर्धारित रूट एवं समय के अनुसार ही जुलूस निकालने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या उपद्रव से दूर रहने की हिदायत दी।बैठक में एसआई अनिल कुमार, पवन यादव, महादेव उरांव, कार्तिक साहा, हेना शेख, मो. आजाद, अनीसूर रहमान, राजकुमार मंडल, उज्ज्वल हालदार, अनिता बसाक, घिशु शेख, प्रदीप अग्रवाल, दुर्गा मंडल, मो. कादिर सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राजमहल में बीएलओ व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**राजमहल/साहिबगंज।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को प्रखंड सभागार, राजमहल में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. यूसुफ की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर शामिल हुए।प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटर ऑपरेटर भरत मंडल ने एसआईआर के दौरान बीएलओ की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने एन्यूमरेशन फॉर्म के वितरण, संकलन तथा मोबाइल ऐप के माध्यम से सही एवं सावधानीपूर्वक डेटा एंट्री करने की प्रक्रिया समझाई। साथ ही सभी बीएलओ को निर्धारित दिशा-निदेशों का पालन करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर बीडीओ मो. यूसुफ ने कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। उन्होंने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों से पूरी जिम्मेदारी और शत-प्रतिशत समर्पण के साथ इस महाअभियान को सफल बनाने की अपील की।प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायत राज पदाधिकारी सूर्यनारायण चौधरी, बीपीओ गगन बापू, विजय कुमार, कैलाश वर्मा, राकेश कुमार, संजय सिंह, श्रवण कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## गाजे-बाजे के साथ निकली भगवान गणेश, राधा-कृष्ण व बजरंगबली की भव्य शोभायात्रा, श्रद्धालुओं ने किया नगर भ्रमण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** नगर परिषद क्षेत्र के हरिपुर शिवालय में आयोजित पांच दिवसीय राधा-कृष्ण, भगवान गणेश एवं बजरंगबली की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजन-अर्चना के बाद भगवान गणेश, राधा-कृष्ण एवं बजरंगबली की प्रतिमाओं को फूलों से सजे आकर्षक रथ पर विराजमान कर गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच पूरे नगर का भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए नाचते-गाते नगर भ्रमण में शामिल रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत कर भगवान के दर्शन किए। मंदिर के मुख्य पुरोहित सुनील पंडित ने बताया कि महोत्सव के प्रथम दिन 501 कलशों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी। वहीं दूसरे दिन विशेष पूजन के उपरांत नगर भ्रमण कराया गया। उन्होंने बताया कि 23 जून को फलाधिवास, 24 जून को अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, सज्जा अधिवास एवं फलाधिवास का आयोजन होगा। जबकि 25 जून को वैदिक विधि-विधान से मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी तथा संध्या में महाभोग एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। मौके पर पप्पू स्वर्णकार, संतोष मोदी, श्रवण मोदी, कुंदन साह, संजय यादव, नीरज कुमार, मुन्ना यादव, आशीष यादव, राजा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बंद घर का ताला तोड़ तीन लाख के जेवरात की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए नकाबपोश चोर



साहिबगंज। नगर थाना क्षेत्र के मास्टर कॉलोनी में बंद पड़े एक मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने करीब तीन लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवरात की चोरी कर ली। चोरी की पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में तीन नकाबपोश बदमाश चोरी करते स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान में जुट गई है।जानकारी के अनुसार, मकान पलामू जिले में पदस्थापित ब्लॉक को-ऑपरेटिव ऑफिसर संजय कुमार चंद्रवंशी का है। घटना के समय परिवार घर से बाहर था। पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देखा तो इसकी सूचना परिजनों को दी। घर पहुंचने पर मुख्य दरवाजे के साथ-साथ अलमारी का ताला भी टूटा मिला। अलमारी में रखे सोने का टीका, मंगलसूत्र समेत अन्य कीमती जेवरात गायब थे। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई गई है।सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, घटना 18 जून की रात करीब एक बजे की है। तीनों बदमाश घर के पीछे की चारदीवारी फांदकर परिसर में दाखिल हुए। इसके बाद मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया। प्रथम तल पर स्थित कमरे की अलमारी को कटर या अन्य औजार से तोड़कर उसमें रखे जेवरात समेट लिए और फरार हो गए। वारदात के दौरान तीनों बदमाशों ने अपने चेहरे कपड़े से ढक रखे थे तथा कैमरे की नजर से बचने का भी प्रयास किया।घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।घटना के बाद मास्टर कॉलोनी और आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों ने रात्रि गश्ती बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## कोटालपोखर में बदहाल बुनियादी सुविधाओं पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने उठाई आवाज, कुएं की मरम्मत व सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार की मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** कोटालपोखर क्षेत्र में सार्वजनिक सुविधाओं की जर्जर स्थिति को लेकर भाजपा ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है। भाजपा कोटालपोखर मंडल अध्यक्ष विकास कुमार भगत ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को ज्ञापन सौंपकर बड़ा सोनाकर पंचायत के क्षतिग्रस्त सार्वजनिक कुएं की मरम्मत तथा सामुदायिक विकास भवन के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार की मांग उठाई है। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि बड़ा सोनाकर पंचायत के मिडिल स्कूल एवं हाईस्कूल मैदान के समीप स्थित सार्वजनिक कुआं लंबे समय से उपेक्षा का शिकार है। कुएं की जगत पूरी तरह टूट चुकी है, जिससे वहां कभी भी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह कुआं वर्षों से क्षेत्रवासियों के लिए पेयजल का प्रमुख स्रोत रहा है, लेकिन इसकी वर्तमान बदहाल स्थिति के कारण लोगों को पानी की उपलब्धता में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने ज्ञापन में कोटालपोखर पंचायत परिसर स्थित सामुदायिक विकास भवन की जर्जर हालत का भी मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि भवन की मरम्मत नहीं होने के कारण ग्रामीणों, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विवाह समारोह, धार्मिक कार्यक्रम और अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है। भवन की खराब स्थिति के चलते इसका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। विकास कुमार भगत ने प्रशासन से दोनों समस्याओं की स्थल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कुएं की मरम्मत और सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा लंबे समय से चली आ रही मूलभूत समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा। ग्रामीणों को अब प्रशासनिक पहल का इंतजार है, ताकि इन महत्वपूर्ण जनसुविधाओं को पुनः उपयोगी

## मोहर्रम को लेकर जिरवाबाड़ी थाना में शांति समिति की बैठक, तय रूट व समय पर ही निकलेगा जुलूस

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** आगामी 26 एवं 27 जून को मनाए जाने वाले मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिरवाबाड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीपीओ) सुशील कुमार ने की। इसमें मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारी, शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं पुलिस अधिकारी शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ सुशील कुमार ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मोहर्रम जुलूस का संचालन प्रशासन द्वारा जारी लाइसेंस में निर्धारित समय एवं तय रूट के अनुसार ही किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने अथवा भ्रामक संदेश प्रसारित करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। आम लोगों से अपील की गई कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध सूचना की तत्काल प्रशासन को जानकारी दें। साथ ही सभी से आपसी समन्वय बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई, ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सके।बैठक में अंचलाधिकारी बासुकीनाथ टुडू, पुलिस निरीक्षक अमित गुप्ता, थाना प्रभारी शशि सिंह, वार्ड पार्षद दीपा देवी, घनश्याम उरांव, मोहम्मद गुड्डू सहित शांति समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

## अमृत 2.0 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हुए नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ



साहिबगंज। झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग, राज्य शहरी विकास अभिकरण के बैनर तले रांची के कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में अमृत 2.0 के तहत दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला हुई। जिसमें राज्य के अन्य निकायों के अध्यक्ष के साथ-साथ साहिबगंज के नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान ने भी शिकरत की। रामनाथ पासवान ने बताया कि पहले दिन अमृत 2.0 के तहत शहर के घरों में नल से साफ पानी, हर घर से गंदा पानी निकालने का पक्का इंतजाम, तालाब व कुआं बचाना एवं गंदे पानी को साफ करके दोबारा इस्तेमाल करने जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। रामनाथ पासवान ने साहिबगंज में अमृत 1.0 में हुए कार्यों से अवगत कराया। साथ ही गंगा के किनारे मौजूद राज्य के एकमात्र शहरी निकाय की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला।

# तीनपहाड़ थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति कि बैठक हुई आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**तीनपहाड़/साहिबगंज।** तीनपहाड़ थाना परिसर में 26 जून को मोहर्रम का त्यौहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार शाम शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने की।बैठक में पुलिसप्रशासन,जनप्रतिनिधि सहित मोहर्रम कमेटी के सदस्य और गणमान्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।जहां थाना क्षेत्र के विभिन्न मोहर्रम कमेटियों से अखाड़ा जुलूस निकाले जाने का रूट चार्ट लिया गया।पुलिस प्रशासन ने सभी कमेटियों से निर्धारित मार्ग एवं समय का पालन करते हुए अखाड़ा जुलूस को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने का आग्रह किया।वही बैठक आए जोंका ग्राम के मोहर्रम कमिटी ने तीन अलग-अलग टोला से ताजिया जुलूस निकाले जाने की जानकारी पुलिस प्रशासन के समक्ष रखी।जबकि तीनपहाड़ मोहर्रम कमिटी ने बताया कि छोटी ताजिया नवमी को ओर बड़ी ताजिया ओर अखाड़ा जुलूस दशमी को दोपहर 3 बजे इमामबाड़ा से निकल पर पूरे बाजार में घूमते हुए रात्रि 11 बजे सम्पन्न करवाई जाएगी।इस दौरान बैठक में उपस्थित एसडीपीओ श्री त्रिपाठी ने ताजिया और निशान की ऊंचाई एक निर्धारित सीमा तक रखने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि अत्यधिक ऊंचा रहने से बिजली के तारों के संपर्क में आने का खतरा बढ़ जाता है।ओर किसी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। त्यौहार शांतिपूर्ण बीते इसके लिए पुलिस प्रशासन प्रयासरत है।कहा कि हर कही भी बिजली का तार नीचे दिखे तो इसकी जानकारी दे ताकि बिजली विभाग को सूचना देकर इसे ठीक किया जा सके।पुलिस प्रशासन ने बैठक में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक, अफवाहपूर्ण या आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा न करें।यदि किसी तरह की अफवाह की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।अंत में प्रशासन ने सभी से आपसी भाईचारा ओर शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम का त्यौहार मनाने की अपील की।इधर बैठक में खुर्शीद आलम, नईम अंसारी, मुर्शीद राजा,नाजिम लड्डू, मुख्तार शेख, जाकिर शेख, खैरुल शेख, प्रताप राय, आकाश शाह, आफताब आलम, बासु अंसारी, नूरुल अमीन, शहीद अंसारी, रसीद बबुआ, साहेब अंसारी, मो. सैफी,आरिफ अंसारी एवं शकील अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।


## मोहर्रम को लेकर मुफस्सिल थाना में हुई शांति समिति की बैठक



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज।** आगामी 26 एवं 27 जून को मनाए जाने वाले मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को मुफस्सिल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सुशील कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ सुशील कुमार ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि जुलूस का संचालन प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट एवं लाइसेंस में अंकित समय के अनुसार ही किया जाएगा। किसी भी प्रकार की मनमानी, हुड़दंग या कानून-व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने या भ्रामक संदेश प्रसारित करने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। आम लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या सूचना की तत्काल पुलिस को जानकारी दें। उन्होंने सभी से आपसी समन्वय बनाए रखते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अमरदीप सिंह, मोहम्मद नईम अंसारी, मोहम्मद हनन, मो काजू सहित शांति समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने कृषि विभाग की योजनाओं एवं खरीफ मौसम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की



**साहिबगंज।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में कृषि विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, खरीफ मौसम की तैयारियों, उर्वरक उपलब्धता, बीज वितरण,एवं कृषि ऋण से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी सहित विभागीय पदाधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया।बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा जिले में उर्वरकों की खपत, जमाखोरी, डायवर्जन एवं कालाबाजारी की रोकथाम हेतु की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर गठित संयुक्त प्रवर्तन टीम द्वारा बड़हरवा प्रखंड में 02, बरहेट प्रखंड में 13 तथा राजमहल प्रखंड में 02 उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के क्रम में विभिन्न अनियमितताओं के कारण कुल 05 उर्वरक प्रतिष्ठानों को कारणपृच्छा नोटिस जारी किया गया है। उपायुक्त ने जिले के सभी उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का नियमित एवं सघन निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा किसानों को निर्धारित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने पर बल दिया।बैठक में खरीफ मौसम के अंतर्गत बीज विनिमय एवं वितरण कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई।

# मतदाता सूची को शुद्ध, समावेशी एवं अद्यतन बनाने में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्णः उपायुक्त

**विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)-2026 को लेकर बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण संपन्न**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)-2026 के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय, पाकुड़ के सभागार एवं नगर परिषद कार्यालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता सूची को अधिकाधिक शुद्ध, समावेशी, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निदेशों एवं प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम में घर-घर सत्यापन, गणना प्रपत्रों के संकलन एवं सत्यापन, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नामों के विलोपन, निर्वाचक नामावली में त्रुटियों के संशोधन तथा विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन की सफलता एक शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित कार्य संपादित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम दो अलग-अलग स्थानों की मतदाता सूची में दर्ज पाया जाता है, तो संबंधित बीएलओ द्वारा सत्यापन कर आवश्यक प्रपत्र भरवाया जाएगा। वहीं मृत अथवा स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के मामलों में स्थानीय स्तर पर आवश्यक जांच एवं सत्यापन के उपरांत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अभिलेख एवं प्रपत्र सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखे जाएं तथा प्रत्येक कार्रवाई का समुचित दस्तावेजीकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा अनमैप्ड वोटर सूची में अरऊ्ऌ (Absent, Shifted, Dead and Duplicate) श्रेणी के मतदाताओं की पहचान की जाएगी। इसके पश्चात संबंधित मतदान केंद्र स्तर पर राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (BLA-2) के समक्ष सूची प्रस्तुत कर सत्यापन कराया जाएगा तथा अनुमोदन एवं हस्ताक्षर प्राप्त किए जाएंगे। बैठक की कार्यवाही एवं फोटोग्राफ निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।

उपायुक्त ने कहा कि ASDD सूची का प्रकाशन सभी मतदान केंद्रों, पंचायत भवनों, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों एवं प्रखंड कार्यालयों में किया जाएगा। साथ ही इसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर खोज योग्य प्रारूप में उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अरऊ्ऌ सूची में शामिल मतदाताओं के नाम प्रारूप निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं किए जाएंगे तथा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सूची में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा तथ्यात्मक विसंगति न रहे।प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)-2026 से संबंधित तकनीकी एवं प्रक्रियागत पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया तथा पुनरीक्षण कार्य के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।उल्लेखनीय है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)-2026 के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पाकुड़ जिले के सभी प्रखंडों में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी पाकुड़, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद पाकुड़, बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद विधायक ने किया दंगवार उच्च विद्यालय के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास

**शिक्षा के माध्यम से ही होगा समाज का समूचीत विकासः- विधायक**

**झारखंड उजाला,ब्यूरो पलामू**



झारखंड शिक्षा परियोजना, पलामू के अंतर्गत हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार स्थित हाई स्कूल के नए विद्यालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है । नए भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक एवं सुविधायुक्त विद्यालय भवन आवश्यक है। नए भवन के निर्माण से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलेगा और शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।विद्यालय भवन का निर्माण लगभग एक करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा।उन्होंने कहा कि विद्यालय के भवन निर्माण के उपरांत चारदीवारी का भी निर्माण कराया जाएगा।शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विद्यालय भवन निर्माण की शुरूआत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मौके पर राजद युवा नेता रवि यादव, विनय कुमार सिंह यादव,दंगवार पंचायत के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर,समाजसेवी डॉ0 अखिलेश गुप्ता, पूर्व मुखिया राम लखन यादव, नंदा प्रसाद यादव, प्रमोद सिंह,राजेश्वर यादव, अभिषेक यादव, सुदेश्वर राम, हसन खलीफा कई गणमान्य लोग व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।।

# युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल, 24 जून को लगेगा रोजगार मेला

**प्रतिष्ठित निजी कंपनियां लेंगी भाग, योग्य अभ्यर्थियों को मिलेगा रोजगार पाने का अवसर**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़ :** जिला नियोजनालय, पाकुड़ द्वारा जिले के शिक्षित एवं रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 24 जून 2026 को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला बाजार समिति मैदान, गोकुलपुर, पाकुड़ में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित होगा। रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र की कंपनियां भाग लेंगी तथा योग्य अभ्यर्थियों के चयन हेतु साक्षात्कार एवं अन्य चयन प्रक्रियाएं संचालित की जाएंगी। मेले के माध्यम से युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उन्हें अपनी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।जिला नियोजन पदाधिकारी राहुल कुमार ने जिले के अधिक से अधिक योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से रोजगार मेले में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह मेला युवाओं और नियोजकों के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करेगा तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक पहल साबित होगा। उन्होंने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे अपने सभी आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, बायोडाटा, पहचान पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर स्थल पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं।जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेले के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। उम्मीद की जा रही है कि इस आयोजन से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा तथा जिले में कौशल एवं रोजगार संवर्धन को नई गति मिलेगी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एच यू आर एल के स्पंदन क्लब में योग शिविर आयोजित



**सिंदरी /धनबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर रविवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड ( एच यू आर एल) के स्पंदन क्लब में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। योगाचार्य पतंजलि उमाशंकर सिंह ने एचयूआरएल के कर्मचारीयों एवं उनके परिजनों को योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए नियमित योगाभ्यास के लाभों की विस्तार से जानकारी दी। योगाचार्य ने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संदेश (स्वस्थ आयु के लिए योग) के अनुरूप सभी प्रतिभागियों ने योग के माध्यम से स्वास्थ्य और संतुलित जीवन का संदेश दिया।

## बलियापुर के 156 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बलियापुर/ धनबाद**।बलियापुर प्रखंड अंतर्गत बच्चों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा के स्तर को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से कुल 156 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन ने उपस्थित होकर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों की आधारभूत संरचनाओं में सकारात्मक और गुणात्मक बदलाव लाना है। इसके साथ ही, सरकारी स्तर पर विद्यालयों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न शिक्षण एवं अन्य सामग्रियों का उचित रख-रखाव और उनका शत-प्रतिशत बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना था, ताकि संसाधनों का लाभ सीधे बच्चों तक पहुँच सके।प्रशिक्षण के दौरान इस बात पर विस्तृत चर्चा की गई कि 'बाल-मित्र आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा' को धरातल पर व्यावहारिक रूप से कैसे प्रभावी बनाया जाए। इसके अंतर्गत विद्यालयी वातावरण को बच्चों के लिए अधिक आकर्षक, सुरक्षित और शिक्षण-अधिगम के अनुकूल बनाने पर विशेष बल दिया गया।उपायुक्त श्री आदित्य रंजन ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यालय का माहौल ऐसा होना चाहिए जहाँ बच्चे खुद को सुरक्षित महसूस करें और खेल-खेल में रुचि के साथ शिक्षा ग्रहण कर सकें। उन्होंने सभी शिक्षकों से प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को अपने-अपने विद्यालयों में पूरी निष्ठा के साथ लागू करने का आह्वान किया।

## जिम्स एवं जलान अस्पताल में कथित चिकित्सकीय लापरवाही से हुई महिला की मौत, कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने की निष्पक्ष जांच व मुआवजे की मांग

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**धनबाद।** जिम्स अस्पताल, सरायढेला एवं जलान अस्पताल में उपचार के दौरान कथित चिकित्सकीय लापरवाही एवं आर्थिक शोषण के कारण हुई एक महिला की मृत्यु के मामले को लेकर कांग्रेस नेत्री श्रीमती अनुपमा सिंह के निदेर्शानुसार उनके प्रतिनिधि श्री सतपाल सिंह ब्रोका के नेतृत्व में पीड़ित परिवार का एक प्रतिनिधिमंडल सिविल सर्जन, धनबाद से मिला और न्याय की मांग की।पीड़ित परिवार द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में श्री सतपाल सिंह ब्रोका ने सिविल सर्जन से जिम्स अस्पताल एवं जलान अस्पताल में हुए उपचार की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।परिवार के अनुसार, स्वर्गीय श्रीमती रानी कौर को घुटने में दर्द की समस्या के कारण दिनांक 22 अप्रैल 2026 को जिम्स अस्पताल, सरायढेला में भर्ती कराया गया था, जहां उनका घुटना प्रत्यारोपण ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद उनकी स्थिति में सुधार होने के बजाय लगातार गिरावट आती गई। तबीयत अधिक बिगड़ने पर उन्हें दिनांक 02 मई 2026 को जलान अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां लगभग 17 दिनों तक इलाज चला। उपचार के दौरान उनकी हालत लगातार गंभीर बनी रही और अंततः दिनांक 19 मई 2026 को उनका निधन हो गया।परिजनों के अनुसार, जिम्स अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना से लगभग 91,400 की राशि प्राप्त की गई, वहीं ऑपरेशन एवं उपचार के नाम पर लगभग 40,000 नकद भी लिए गए। इसके बाद जलान अस्पताल में भर्ती के समय 20,000 नकद जमा कराया गया तथा उपचार के दौरान ईएसआईसी (ESIC) योजना के माध्यम से लगभग 10 लाख की राशि खर्च की गई। इसके बावजूद मरीज को बचाया नहीं जा सका। परिजनों ने दोनों अस्पतालों में उपचार के दौरान चिकित्सकीय लापरवाही एवं आर्थिक शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं।इस दौरान पीड़ित परिवार ने जिम्स अस्पताल एवं जलान अस्पताल से संबंधित चिकित्सा अभिलेख, उपचार से जुड़े दस्तावेज, जांच रिपोर्ट, अस्पताल बिल, भुगतान रसीदें तथा अन्य उपलब्ध चिकित्सा रिकॉर्ड की प्रतियां सिविल सर्जन को जांच हेतु सौंप दीं, ताकि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जा सके।श्री सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार की चिकित्सकीय लापरवाही या अनियमितता सामने आती है तो संबंधित अस्पताल प्रबंधन एवं जिम्मेदार चिकित्सकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय एवं उचित राहत दिलाने की मांग की।इस संबंध में सिविल सर्जन, धनबाद ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की जाएगी। जांच समिति जिम्स अस्पताल एवं जलान अस्पताल से संबंधित सभी अभिलेखों, चिकित्सा दस्तावेजों तथा संबंधित पक्षों के बयानों के आधार पर पूरे प्रकरण की समीक्षा करेगी। जांच में यदि किसी प्रकार की चिकित्सकीय लापरवाही अथवा अन्य अनियमितता पाई जाती है तो दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## नवीनगर विद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों को किया गया जागरूक





**पाकुड़।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र अंतर्गत नवीनगर विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) पाकुड़ के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि मादक पदार्थों का सेवन न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि इससे सामाजिक और आर्थिक जीवन पर भी गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पुलिस अधिकारियों ने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।इस अवसर पर नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार और सेवन से संबंधित कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा गया कि यदि उनके आसपास किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। जागरूकता और सतर्कता के माध्यम से ही नशे के खिलाफ प्रभावी लड़ाई लड़ी जा सकती है।उक्त जानकारी मालपहाड़ी थाना प्रभारी द्वारा दी गई।

## कृषि अनुसंधान केंद्र रामगढ़ छत्तरपुर में योग शिविर लगाकर सभी साधकों द्वारा योगाभ्यास किया गया



**छत्तरपुर :पलामू/** 12वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर पूरे विश्व में योग किया जा रहा है। इसी कड़ी में कृषि अनुसंधान केंद्र रामगढ़ छतरपुर के प्रांगण में स्थित योग गुरु साधक भोला यादव के नेतृत्व में योग शिविर लगाया गया! जिसमें योग शिक्षक के रूप में सभी कों योगासन कराया!योग गुरु भोला यादव ने कहा कि योग जो भारत की हजारों साल की परंपरा है विरासत है ऐसी विरासत को पूरी दुनिया में पहचान दिलाने वाले हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है कृषि अनुसंधान केंद्र रामगढ़ छत्तरपुर में योग शिविर लगाकर सभी साधकों द्वारा योगासन किया, और संकल्प भी लिया कि हम सभी नियंत्रण योग करेंगे और अपने स्वास्थ्य को निरोग रखेंगे! कहा कि आज के भाग-दौड़ के जिंदगी में हमलोग अपने स्वास्थ्य के प्रति गैर जिम्मेदार हो चुके हैं जिसके चलते विभिन्न प्रकार की बीमारी हमारे शरीर में प्रवेश करता है,अगर प्रतिदिन एक घंटा हम योग करें तो हमारा स्वास्थ्य ठीक रहेगा !इस योग में सभी सम्मानित साधकों द्वारा कहा कि योग हमारे दिनचर्या का एक अभिन्न हिस्सा है जिसे प्रतिदिन करने से सैकड़ो बीमारी से हमारा शरीर बचा रहता है,हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है !विश्वनाथ यादव शिक्षक, सुदर्शन शर्मा शिक्षक, उदय गुप्ता, कमलेश यादव, हरिहर यादव, रमेश यादव, साधु यादव, सुदर्शन यादव, सुनील यादव सहित अन्य योग शिविर में उपस्थित थे!

## मोहर्रम को लेकर पाकुड़ पुलिस अलर्ट, शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील



**पाकुड़।** मोहर्रम पर्व 2026 के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर पाकुड़ पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना एवं ओपी परिसरों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में सभी धर्मों के गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि, मोहर्रम कमेटी के सदस्य तथा स्थानीय नागरिक शामिल हुए।बैठक के दौरान आगामी मोहर्रम पर्व को भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। साथ ही जुलूसों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।पुलिस प्रशासन ने बताया कि मोहर्रम जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जिले के सभी संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।प्रशासन ने जुलूस आयोजकों से निर्धारित मार्ग और समय का कड़ाई से पालन करने का अनुरोध किया है। इसके अलावा लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा असत्य सूचनाएं प्रसारित करने से बचने की अपील की गई है। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि सड़कों एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले गीतों का प्रसारण नहीं किया जाएगा। वहीं जुलूस के दौरान अखाड़ा समितियों द्वारा ड्रेस कोड के साथ स्वयंसेवकों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है।जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा विधि-व्यवस्था से संबंधित सूचना तत्काल नजदीकी थाना या जिला नियंत्रण कक्ष को देने की अपील की है। प्रशासन के अनुसार जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत रहेगा।जिला नियंत्रण कक्ष मोबाइल नंबर : 9262999612।


# मलेरिया, फाइलेरिया एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु सघन निगरानी और रोगी खोज अभियान तेज करने का निर्देश

**वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** जिले में वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम, निगरानी एवं नियंत्रण गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सिविल सर्जन डॉ. एस.के. मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला भीवीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, जिला भीबीडी कंसल्टेंट अंकित कुमार, एफएलए राजू अग्रवाल, पीएल पिरामल प्रभास, सीनी के जिला समन्वयक अमित कुमार, एमटीएस, केटीएस सहित स्वास्थ्य विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक में जिले में संचालित वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान पाया गया कि मासिक बुखार रोगियों की खोज एवं रिपोर्टिंग निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं हो रही है। इस पर सिविल सर्जन डॉ सुरेन्द्र कुमार मिश्रा ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को सक्रिय रोगी खोज अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने तथा अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर बुखार सर्वेक्षण संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रोगियों की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। बैठक में पात्र लाभार्थियों के बीच एमएमडीपी किट के शत- प्रतिशत वितरण पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही अभिलेखों के समुचित संधारण, समय पर प्रतिवेदन (रिपोर्टिंग) एवं आंकड़ों के नियमित अद्यतन की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की गई, ताकि कार्यक्रमों की प्रभावी निगरानी एवं मूल्यांकन सुनिश्चित किया जा सके। समीक्षा के दौरान एंटी मलेरिया माह के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, चल रहे सक्रिय रोगी खोज अभियान तथा अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति का भी आकलन किया गया। वर्तमान मौसम एवं बदलती जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए जिले में मलेरिया के मामलों में संभावित वृद्धि पर चिंता व्यक्त की गई तथा रोकथामात्मक उपायों को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया गया।जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार ने विशेष रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिट्टीपाड़ा एवं अमड़ापाड़ा को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में मलेरिया एवं बुखार रोगियों की सघन खोज अभियान चलाएं। उन्होंने सभी संदिग्ध रोगियों की तत्काल जांच, समयबद्ध उपचार एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट जिला भीबीडी कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी रोगी को उपचार से वंचित नहीं रहने दिया जाए तथा फील्ड स्तर पर निगरानी तंत्र को और अधिक मजबूत बनाया जाए।बैठक में स्वास्थ्य कर्मियों एवं सहयोगी संस्थाओं से आपसी समन्वय स्थापित कर निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सक्रिय रूप से कार्य करने का आह्वान किया गया। सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने, ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य गतिविधियों को सुदृढ़ करने तथा चिन्हित रोगियों की नियमित अनुवर्ती कार्रवाई (फॉलो-अप) सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।बैठक के अंत में रोग निगरानी प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने, रिपोर्टिंग व्यवस्था में सुधार लाने, हाइड्रोसील ऑपरेशन की संख्या बढ़ाने तथा जिले में संचालित वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए सभी संबंधित पक्षों ने सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।



# शादीशुदा जिंदगी में इन बातों को करें फॉलो

लड़ाई-झगड़ा, प्यार-मोहब्बत, हर रिश्ते में होना लाजमी है। लेकिन अगर ये झगड़ा बहुत ज्यादा होने लगे तो ये अच्छा नहीं होता क्योंकि इससे रिश्ते टूट सकते हैं। किसी भी रिश्ते में लड़ाई होना बेहद खराब है, हां हल्की-फुल्की नोक झोंक तो हर घर में होती है, पर जब ये ज्यादा होने लगे तो खतरे की घंटी साबित हो सकती है। अगर आपके रिश्ते में ऐसा कुछ हो रहा है तो आप कुछ टिप्स फॉलो कर सकते हैं। आइए, जानते हैं-

## विश करें

तो क्या हुआ कि आपकी शादी को कई साल हो चुके हैं, प्यार को बरकरार रखने के लिए आपको हर चीज करनी चाहिए। भले ही आप दोनों के उठने का समय अलग है लेकिन आप दोनों को सुबह एक दूसरे को गुड मॉर्निंग विश करना चाहिए। साथ ही रात में सोने पर भी आपको गुड नाइट विश करके सोना चाहिए। ये एक अच्छी आदत होने के साथ-साथ आपके रिश्ते को जीवित रखने में मदद करता है।

## फूल

फूल किसे पसंद नहीं होते, इन दिनों फेस्टिव सीजन है तो यकीनन आपकी वाइफ भी रोजाना अच्छे से तैयार होती होंगी। ऐसे में उनको आप फूल दे सकते हैं। वह इसे अपने बालों में लगा सकती है और ये सच में काफी रोमांटिक होगा।

## तारीफ

एक दूसरे की तारीफ करें। आप अपने पार्टनर की किसी फोटो या फिर वो दिन भर कैसी लग रही थी इस बात की तारिफ करें। रोजाना आप दोनों मेहनत करते हैं तो ऐसे में एक दूसरे के काम की तारीफ भी कर सकते हैं।



# हाई हील पहनने की हैं शौकीन, पूरे दिन पहनकर रखने के लिए अजमाएं ये हैक्स

हील्स पहनना अधिकतर महिलाओं को पसंद होता है। हील्स पहनने के लिए किसी भी परफेक्ट आउटफिट पहनने की जरूरत नहीं होती, बल्कि किसी भी लुक को परफेक्ट बनाने के लिए आप हील्स पहन सकते हैं। हील्स की एक खासियत यह भी है कि यह पैरों को ज्यादा लंबा दिखाते हैं, जिससे आपका लुक और भी ज्यादा अट्रैक्टिव लगता है। हाई हील्स के साथ एक समस्या यह होती है कि यह बहुत ज्यादा देर तक आपको कंफर्टेबल महसूस नहीं करवाते हैं। इसलिए अगर आप ऑफिस में या फिर किसी मैरिज फंक्शन आदि में पहन रही हैं तो हो सकता है कि आपको पैरों में दर्द का एहसास होने लगे। तो जानते हैं हाई हील्स से जुड़े कुछ हैक्स के बारे में।

## हैक 1

डबल टेप का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे आप तलवे से चिपका दें। यह ट्रिक आपके फुटवियर को पैरों पर ज्यादा आरामदायक तरीके से रखेगी। साथ ही इसके कारण होने वाले फफोले और पैर की उंगलियों में दर्द काफी हद तक कम हो जाएगा।

## हैक 2

हील्स में आप इनसोल्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये सिलिकॉन या कपड़े से बने होते हैं। यह आपके पैरों को हाई हील्स में आगे बढ़ने से रोकते हैं, साथ ही आरामदायक भी होते हैं।

## हैक 3

पार्टी में अक्सर हील्स उतारने का मन करता है, लेकिन आप ऐसा करने से बचें क्योंकि जब आप हील्स उतारते हैं तो उस पल तो आपको राहत मिल जाती है लेकिन कई बार ऐसा करते ही पैरों में सूजन आ जाती है और फिर जब आप हील्स दोबारा पहनती हैं तो पैरों में ज्यादा दर्द होता है।



# हर लड़की को सीखनी चाहिए ये चीजें

**घर की जिम्मेदारियों से लेकर बाहर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने तक में लड़कियों ने अपनी मेहनत और लगन से अपने लिए एक खास जगह बनाई है।**

यूं तो आज लड़कियां लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। घर की जिम्मेदारियों से लेकर बाहर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने तक में, उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अपने लिए एक खास जगह बनाई है। बावजूद इसके आज जानते हैं वो 5 चीजें जिन्हें होम मेकर हो या कोई प्रोफेशनल लड़की, जरूर सीखना चाहिए।

## अकाउंट्स मेनटेन रखना

घर संभालना हो या फिर बाहर रहकर नौकरी करते हुए अपने खर्चों को करना हो मैनेज, लड़कियों को अपने फाइनेंशियल डिसीजन खुद लेने आने चाहिए। इसके लिए उन्हें सबसे पहले अपना अकाउंट्स मेंटेन करना जरूर आना चाहिए। आप ऐसा करते हुए आप अपने खर्चों पर भी खुद नजर रख पाएंगी। इसके अलावा लड़कियों को समय पर टैक्स रिटर्न भरना भी जरूर सीखना चाहिए। अपने रिटायरमेंट प्लान से लेकर सेविंग्स तक की प्लानिंग के लिए अपने पैसे को समझदारी से इन्वेस्ट करें।

## साइन करने से पहले हर कागज को अच्छे से पढ़ें

ज्यादातर लोग अक्सर किसी डॉक्यूमेंट या कागज को बिना पढ़े ही साइन कर देते हैं। आपकी ये आदत आपको भविष्य में नुकसान पहुंचा सकती है। लड़कियों का मन कोमल होता है। आपका किसी पर विश्वास करना उचित है बावजूद इसके आपको समझदारी से काम लेना भी आना चाहिए। ऐसे में कभी भी किसी भी लीगल या जरूरी डॉक्यूमेंट्स पर साइन करने से पहले उसे जरूर अच्छे से पढ़ें।

## बेसिक सेल्फ डिफेंस स्किल्स

वक्त चाहे कोई भी क्यों न हो, आप अपनी किस्मत को आजमाने के लिए रात या दिन का इंतजार थोड़े ही करेंगे। रात हो या दिन, आपको अपनी सुरक्षा के लिए बेसिक सेल्फ डिफेंस मूव्स जरूर आने चाहिए ताकि आप मौका पड़ने पर किसी भी जगह सुरक्षित रह सकें। आप इसके लिए वीकेंड पर सेल्फ डिफेंस कोर्स कर सकती हैं।

## सिग्नेचर डिश


हर व्यक्ति अपनी किसी न किसी खासियत की वजह से लोगों के बीच पहचाना जाता है। ऐसे में आप भी अपनी किसी सिग्नेचर डिश की वजह से लोगों के बीच फेमस हो सकते हैं। जब आप डिनर या पार्टी के लिए लोगों या दोस्तों को अपने घर बुला रही हैं तो मेन्यू में आपकी एक सिग्नेचर डिश तो होनी ही चाहिए जिसका स्वाद वो सालों-साल याद रखें।




## कार का टायर बदलना

अक्सर लोगों को लगता है कि गाड़ी का टायर बदलने का काम सिर्फ लड़के ही अच्छा कर सकते हैं। लेकिन अगर आप भी ड्राइव करती हैं तो यह काम आपको भी जरूर सीखना चाहिए वरना आप कभी भी मुश्किल में पड़ सकती हैं।

# डेटिंग प्रोफाइल के लिए फोटो चूज करने में इन टिप्स की लें मदद



**ऑनलाइन डेटिंग करना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में जब आप ऑनलाइन प्रोफाइल को सेट करते हैं तो आप पूरी तरह से सभी कुछ बेस्ट करने की कोशिश करते हैं। जिसे देख आसानी से कोई भी इंप्रेस हो जाए। हालांकि आपको इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि आपके प्रोफाइल का बायो पूरी तरह से आपको डिस्क्राइब करना चाहिए। अगर आप ऐसा करते हैं तभी आप ज्यादा से ज्यादा मैच पा सकते हैं। इन सभी के साथ ये भी जरूरी है कि आप एक सही प्रोफाइल फोटो चूज करें। ऐसे में आप जब भी डेटिंग प्रोफाइल फोटो चूज करें तो कुछ बातों को ध्यान में रखें। तो चलिए जानते हैं कुछ टिप्स के बारे में जिनकी मदद से आप अपनी प्रोफाइल फोटो सेट कर सकत हैं।**



## टिप 1

ऐसी फोटो चूज न करें जिसमें आपका चेहरा क्लीयर न हो, या फिर आपका चेहरा दिख ही न रहा हो। ये फोटो अच्छा ऑप्शन नहीं होगा क्योंकि सामने वाले को आपकी फोटो ही नहीं दिखेगी। ऐसी फोटो चुने जिसमें आप पूरी तरह से दिख रहे हों।

## टिप 2

कई बार लोग डेटिंग एप पर ग्रुप फोटो लगाते हैं, ऐसे में सामने वाले को ये कंफ्यूजन हो सकता है कि प्रोफाइल किसकी है। तो ध्यान रखें की फोटो सिर्फ आपकी हो न की ग्रुप फोटो हो।

## टिप 3

ऑनलाइन डेटिंग एप पर अगर आप फोटो स्लेक्ट कर रहे हैं तो ऐसी फोटो लगाएं जो आपको डिस्क्राइब करे। अगर आपको कैंपिंग पसंद है तो आप कैंपिंग की फोटो लगा सकते हैं या फिर अगर आपको बुक्स पढ़ना पसंद है तो किसी लाइब्रेरी की फोटो लगा सकते हैं।

## टिप 4

एक ऐसी फोटो लगाएं जिसमें आप कॉन्फिडेंट नजर आ रहे हैं। कई बार लोग अपने कपड़ों के साथ कॉन्फिडेंट नहीं होते हैं फिर भी उन कपड़ों में वह प्रोफाइल फोटो लगा सकते हैं।





# कहीं आपकी चांदी की ज्वेलरी नकली तो नहीं है? ऐसे जानें

**सोना और प्लेटिनम की तरह ही चांदी भी एक लोकप्रिय धातु है। आमतौर पर लोग सोने और चांदी के गहने पहनना पसंद करते हैं और वास्तव में चांदी के गहने दिखने में खूबसूरत भी लगते हैं। जब बात चांदी के गहनों को आती है तो लोग मुख्य रूप से इसकी पायल और बिछिया पहनते हैं। चांदी एक कीमती धातु है जो बहुतायत में पाई जाती है और इसका उपयोग गहनों के अलावा पूजा के सिक्के, सजावटी सामान, मूर्तियां और अन्य टिकाऊ वस्तुएं जैसे बर्तन बनाने के लिए भी किया जाता है।**

यह एक नरम धातु है और यदि आप अपनी चांदी से बनी चीजों की उचित देखभाल करते हैं, तो यह लंबे समय तक नए जैसी बनी रहती हैं। चाहे आप चांदी के झुमके की एक जोड़ी खरीदें या स्टर्लिंग चांदी से बनी चांदी की अंगूठी और पायल, यदि आप इसकी अच्छी देखभाल करेंगी तो या सालों साल नयी जैसी बनी रहेंगी। लेकिन देखभाल के साथ आपके लिए इन्हें खरीदते समय इस बात का ध्यान रखना भी जरूरी है कि आप जो चांदी खरीद रही हैं वो असली और शुद्ध है या नहीं। वास्तव में यदि आप नकली चांदी खरीदेंगी के बाद भी ये जल्दी ही खराब होने लगती है। आइए जानें कि आप किन युक्तियों से इस बात का पता आसानी से लगा सकती हैं कि आपकी चांदी असली है या नहीं।

## लेबल की जांच करें

चांदी की वस्तु असली है या नकली यह जांचने के लिए आभूषण पर लेबल की जांच करना। यदि उस पर एक छोटा लेबिल है जिसमें स्टर' या 'स्टर्लिंग' प्रिंट है, तो इसका मतलब है कि वस्तु

चांदी या चांदी चढ़ाया हुआ। जब भी चांदी की वस्तुओं को अंतरराष्ट्रीय या घरेलू स्तर पर बेचा जाता है, तो एक हॉलमार्क ट्रेड स्टैम्प होता है जो धातु को प्रमाणित करता है। किसी दुकान से चांदी की वस्तु खरीदने से पहले, हमेशा 'स्टर्लिंग' के मानक स्टैंप की जांच जरूर करें।

## मैग्नेट टेस्ट

मैग्नेट का उपयोग करके यह जांचने का एक और अच्छा तरीका है कि आपने जो चांदी खरीदी है वह असली है या नकली। यदि आपके घर में कोई भी चुम्बक पड़ा हुआ है, तो आप इसका उपयोग

प्रदर्शित करती है। इसके लिए एक मैग्नेट का प्रयोग करें और उसे चांदी की वस्तु के करीब लाएं जिसे आप जांचना चाहते हैं और देखें कि क्या यह मैग्नेट से मजबूती से चिपकती है। यदि ऐसा है तो समझ लें कि ये असली चांदी नहीं है।( मोतियों की ज्वेलरी की ऐसे करें केयर)

## आइस क्यूब टेस्ट

चांदी के शुद्ध होने या न होने की जांच करने का एक और आसान तरीका बर्फ के टुकड़े का उपयोग करना है। यह विधि चांदी के सिक्कों और अन्य चांदी की वस्तुओं के सपाट सतहों के परीक्षण के लिए आदर्श है। चांदी के सिक्के या गहनों पर आइस क्यूब रखें। यदि आइस क्यूब जल्दी पिघलती है, तो आपके पास जो चांदी की वस्तु है वह असली है। दरअसल चांदी में किसी सामान्य धातु की तुलना में अत्यधिक मात्रा में थर्मल कंडक्टिविटी होती है जो बर्फ को तुरंत पिघला देती है।

## वजन परीक्षण

चांदी अधिकांश धातुओं की तुलना में ज्यादा हैवी होती है। इस धातु के वजन में एक विशिष्ट व्यास और मोटाई होती है। यदि चांदी का वजन कम होता है, तो यह स्टर्लिंग चांदी के बजाय हल्के चांदी के मिश्र धातुओं से बनी हो सकती है। यदि इसका वजन अधिक है, तो

आमतौर पर चांदी की परत वाली वस्तुओं की तुलना में ठंडी होती है और चमकदार होती है।

## ब्लीच टेस्ट

चांदी की धातु की प्रामाणिकता की जांच के लिए ब्लीच का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। बस चांदी की वस्तु पर ब्लीच की एक बूंद डालें। ब्लीच जैसे ऑक्सीडाइजिंग केमिकल के संपर्क में आने के बाद अगर यह धूमिल हो जाए तो यह असली चांदी है। ब्लीच के संपर्क में आने पर असली चांदी तुरंत काली हो जाएगी जबकि नकली धातु पर ब्लीच का कोई असर नहीं होता है। लेकिन

हिस्से में ही ब्लीच डालें।

इन सभी युक्तियों से आप अपनी चांदी के गहनों की जांच कर सकते हैं और ये पता लगा सकते हैं कि चांदी असली है या नकली।

# अगर धमकी देते देते पाकिस्तान ने सचमुच युद्ध छेड़ दिया तो भारत क्या करेगा?



स्मिता सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

भा पाकिस्तान को यह समझ लेना चाहिए कि भारत अब हर मोर्चे पर निर्णायक जवाब देने की क्षमता रखता है। आतंकवाद, घुसपैठ, जल विवाद या सीमा पर उकसावे की हर हरकत का जवाब नए भारत की सेना उसी भाषा में देना जानती है। बड़बोले ख्वाजा आसिफ कभी भारत को परमाणु बम की धमकी देते हैं, कभी जल युद्ध की हुंकार भरते हैं और कभी देशी विदेशी मीडिया को दिए गए साक्षात्कारों में यह कबूल करते नजर आते हैं कि हर जंग में पाकिस्तान की फौज को भारत के हाथों मुंह की खानी पड़ी है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की ताजा गीदड़ भभकी भी उसी बौखलाहट का नतीजा है, जो आतंकवाद के सहारे भारत को अस्थिर करने की नाकाम कोशिशों के बाद अब पानी के मुद्दे पर नया शोर मचा रही है। असलियत यह है कि पाकिस्तान की सत्ता और सेना दोनों ही अपने ही देश की नाकामियों को छिपाने के लिए भारत विरोध का सहारा ले रहे हैं।

हम आपको बता दें कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बार फिर भारत के खिलाफ युद्ध की गीदड़भभकी दी है। एक पाकिस्तानी न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में आसिफ ने कहा कि यदि पाकिस्तान की जल सुरक्षा से खिलवाड़ हुआ तो इस्लामाबाद भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने पानी को पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम हिस्सा बताते हुए आरोप लगाया कि भारत अगर जल आपूर्ति रोकने की दिशा में आगे बढ़ता है तो हालात युद्ध तक पहुंच सकते हैं। यह बयान ऐसे वक्त में आया है जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर पाकिस्तान को साफ संदेश दे दिया था कि आतंकवाद और बातचीत अब साथ-साथ नहीं चल सकते।

उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई सिंधु जल संधि के तहत सिंधु बेसिन से मिलने वाले जल से पाकिस्तान की करीब अस्सी प्रतिशत खेती चलती है। लेकिन दशकों तक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान को अब इस बात का डर सता रहा है कि संधि स्थगित होने के बाद भारत अपने हिस्से के जल का पूर्ण उपयोग करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जैसे जैसे भारत अपने अधिकार के पानी का इस्तेमाल बढ़ाएगा, वैसे वैसे पाकिस्तान की पहले से डगमगाती अर्थव्यवस्था और कृषि व्यवस्था पर संकट और गहराता जाएगा।



साथ ही ख्वाजा आसिफ ने भारत पर चिनाब नदी के प्रवाह को हथियार की तरह इस्तेमाल करने और जल संबंधी सूचनाएं रोकने का आरोप लगाया है। हम आपको यह भी बता दें कि पाकिस्तान इस समय गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। सिंध और बलूचिस्तान जैसे इलाकों में हालात बेहद खराब बताए जा रहे हैं। सिंध के सिंचाई विभाग के आंकड़ों के मुताबिक कई नहरों में भारी जल कमी दर्ज की गई है, जबकि पंजाब प्रांत पर तय हिस्से से ज्यादा पानी लेने के आरोप लग रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि पाकिस्तान के प्रांतों के बीच पानी को लेकर टकराव लगातार बढ़ता जा रहा है। यानी अपने ही घर में जल संकट और अव्यवस्था संभालने में नाकाम पाकिस्तान अब भारत पर आरोप लगाकर अपनी जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है।

**ऑपरेशन सिंदूर 2.0 की तैयारी चल रही है**

लेकिन पाकिस्तान को समझना होगा कि यह पुराना भारत नहीं है। पिछले महीने भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने साफ शब्दों में दुनिया को बता दिया था कि भारत हर चुनौती का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है और यदि जरूरत पड़ी तो ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तीनों सेनाएं चौबीसों घंटे तैयार कर रही हैं। सेना, वायुसेना और नौसेना के बीच तालमेल मजबूत किया जा रहा है और भविष्य के युद्ध की हर परिस्थिति को ध्यान में रखकर रणनीति बनाई जा रही है। जनरल द्विवेदी का यह बयान भारत की सैन्य शक्ति और आत्मविश्वास का परिचायक था। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध का मैदान पूरी तरह पारदर्शी हो चुका है, जहां दुश्मन की हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है। भारतीय सेना सीमावर्ती इलाकों में सैनिकों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर सजग है। पाकिस्तान को यह समझ लेना चाहिए कि भारत अब हर मोर्चे पर निर्णायक जवाब देने की क्षमता रखता है। आतंकवाद, घुसपैठ, जल विवाद या सीमा पर उकसावे की हर हरकत का जवाब नए भारत की सेना उसी भाषा में देना जानती है। ख्वाजा आसिफ की गीदड़ भभकियां पाकिस्तान की कमजोरी और डर को उजागर करती हैं, जबकि भारतीय सेना का शौर्य, अनुशासन और तैयारी यह साबित करती है कि देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को इस बार बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

**भारत और पाक सैन्य क्षमता की तुलना देखिये**

फिर भी यदि मान लिया जाए कि अगर पाकिस्तान भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने की हिमाकत करता है तो सवाल उठता है कि भारत क्या करेगा? इसका जवाब यह है कि इस बार भारत की ओर से केवल सीमा पर जवाब नहीं मिलेगा, बल्कि जमीन, आसमान और समंदर तीनों मोर्चों पर पाकिस्तान को ऐसी मार झेलनी पड़ सकती है जिसकी कल्पना भी इस्लामाबाद के हुक्मरानों ने नहीं की होगी। भारतीय सेनाध्यक्ष के बयानों के अलावा, दुनिया भर की रक्षा रिपोर्टों और सैन्य विश्लेषणों का अध्ययन बताता है कि पारंपरिक युद्ध क्षमता, आधुनिक हथियारों, आर्थिक ताकत, सैन्य तकनीक और रणनीतिक तैयारी के मामले में भारत पाकिस्तान पर कई गुना भारी पड़ता है।

हम आपको बता दें कि दुनिया की सबसे अनुभवी और विशाल सेनाओं में शामिल भारतीय थलसेना के पास सैनिक संख्या, आधुनिक तोपखाना, मिसाइल शक्ति और युद्धक टैंकों का ऐसा जाल है जो पाकिस्तान की जमीनी रक्षा को चंद दिनों में चरमरा सकता है। भारत के पास पिनाका बहु नली रॉकेट प्रणाली, धनुष तोप, K9T अजय टैंक, T90 भीष्म टैंक और ब्रह्मोस जैसी घातक मारक क्षमता है। ब्रह्मोस मिसाइल ध्वनि की गति से कई गुना तेज रफ्तार से दुश्मन के ठिकानों को मिट्टी में मिला सकती है। हाल के वर्षों में भारत ने स्वदेशी रक्षा निर्माण को तेजी से मजबूत किया है, जिसके कारण सेना को लगातार आधुनिक हथियार और तकनीक मिल रही है। भारतीय सेना का सबसे बड़ा फायदा उसका वास्तविक युद्ध अनुभव और ऊंचे पर्वतीय इलाकों से लेकर रेगिस्तान तक हर परिस्थिति में लड़ने की क्षमता है। दूसरी ओर पाकिस्तान की सेना लंबे समय से आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता और सीमित संसाधनों से जूझ रही है। साथ ही भारत की रक्षा बजट क्षमता पाकिस्तान से कई गुना अधिक है, जिससे हथियारों की खरीद, तकनीकी उन्नयन और युद्ध तैयारी लगातार मजबूत होती जा रही है।

## आज का राशिफल



**स्वामी रत्नेश जी**
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना क़ीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

# अपने घरों की ओर भी लौटें घरेलू पर्यटक

आज छुट्टियों में हर परिवार अपनी हैसियत के हिसाब से घूमने जा रहा है, लेकिन इनमें से ज्यादातर घूमने के लिए पहले की तरह अपने गांवों की ओर नहीं लौट रहे हैं। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, भारत के घरेलू पर्यटन में साल 2023-24 की तुलना में 2024-25 में करीब 95 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दिख रही है। उदारीकरण के पहले तक गर्मी की छुट्टियों का मतलब, जरूरी सेवाओं को छोड़ सबकी छुट्टियां होती थीं, स्कूल बंद हो जाते थे, अदालतों में जरूरी फौजदारी मामलों को छोड़ सुनवाई रूक जाती थी, और अदालतें बंद हो जाती थीं, तहसीलों में भी सूनापन छा जाता था, बैंकों में भी आधे से ज्यादा लोग गर्मी की छुट्टियां ले लेते थे। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। सूचना और संचार क्रांति के कारण पहले की तुलना में बिजली ज्यादा मिलने के चलते अब शहरों को कौन कहें, गांव तक पूरी रात गुलजार हो रहे हैं। इसका असर छुट्टियां मनाने के अंदाज और छुट्टियों के लिए जगह के चयन पर भी पड़ रहा है।

पहले छुट्टियों का मतलब होता था, नौकरीपेशा लोगों की गांवों में वापसी। गांव में रहने वाले बच्चे छुट्टियों में नानी, मामा, मौसी के घर जाते थे। बहुत हुआ तो कोई तीर्थ यात्रा कर ली गई या शहर में रह रहे रिश्तेदार के यहां यात्रा कर ली गई। अब छुट्टियों का मतलब साफ तौर पर बदल गया है। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाके हों या फिर मैदानी, ज्यादातर गांव खाली हो चुके हैं। गांवों में वे ही लोग रह रहे हैं, जिनके पास जायदाद ज्यादा है या जिनकी हैसियत नहीं है कि शहर जा सकें। उत्तर भारत के गांवों का दौरा करेंगे तो पाएंगे कि हर तीसरे घर में या तो ताला लगा है कि उस घर के पांच सदस्यों में से तीन किसी शहर में हैं। शहर बड़ा भी हो सकता है, छोटा भी या बगल का कस्बा भी। जिसको जहां नौकरी मिली, कम से कम उसका परिवार वहीं रह रहा है। सरकारी तंत्र की शिक्षा पर विशेषकर राज्यों की ओर से खूब खर्च हो रहा है। अध्यापक भी तैनात हैं। कागजों में ग्रामीण स्कूलों को सहूलियतें भी खूब दी जा रही हैं, लेकिन गांवों के स्कूलों में उन्हीं के बच्चे पढ़ रहे हैं, जिनकी माली हालत छोटे स्कूल का खर्च उठाने लायक नहीं है। अन्यथा सभी अपनी हैसियत के मुताबिक महानगर, शहर या बगल के कस्बे के स्कूल में अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं। रिकॉर्ड पर ग्रामीण जनसंख्या अब भी करीब दो तिहाई से ज्यादा है। लेकिन हकीकत में इसकी संख्या बेहद कम है। 2011 की जनगणना के अनुसार करीब 68.8 आठ फीसद जनसंख्या गांवों में रहती थी। लेकिन भारत सरकार के हालिया अनुमानों के मुताबिक, करीब 63 प्रतिशत जनसंख्या ही गांवों में रह रही है। लेकिन यहां एक बार फिर ध्यान देने की है कि इसका भी बड़ा हिस्सा शहरों में रह रहा है। भले ही शहर में उसकी रिहायश किसी झुग्गी या किसी झुग्गीनुमा शहरीकृत गांव में हो। औद्योगिक इलाकों में



रहने वाले लोगों की रिहायशी स्थिति बहुत अच्छी नहीं हैं, उसकी तुलना में उनका ग्रामीण घर बढ़िया है। फिर भी रोजगार और शिक्षा के लिए कम कमाई के बावजूद ग्रामीण परिवार शहरों में रहने को मजबूर हैं। यह चर्चा लंबी हो सकती है।

आज छुट्टियों में हर परिवार अपनी हैसियत के हिसाब से घूमने जा रहा है, लेकिन इनमें से ज्यादातर घूमने के लिए पहले की तरह अपने गांवों की ओर नहीं लौट रहे हैं। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, भारत के घरेलू पर्यटन में साल 2023-24 की तुलना में 2024-25 में करीब 95 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दिख रही है। इस साल 250 करोड़ से ज्यादा लोगों ने घरेलू पर्यटन किया। इन पर्यटकों का पूरा विवरण यानी किस इलाके के कितने पर्यटक किस इलाके में घूमने गए। लेकिन मोटे तौर पर सबसे ज्यादा नए तीर्थस्थलों मसलन काशी के विश्वनाथ कारीडोर, उज्जैन के महाकाल कारीडोर या केदारनाथ आदि की यात्राएं कीं। लेकिन गर्मियों में सबसे ज्यादा लोग पहाड़ों की ओर जा रहे हैं। एक दौर ऐसा भी आता है कि पहाड़ों में लोगों को ठहरने के लिए जगह तक नहीं मिलती, लोग कारों में सड़कों के किनारे ही रहने और अपनी दैनिक क्रिया करने को मजबूर हो जाते हैं। स्पष्ट है कि ये पर्यटक इन जगहों पर जाकर वहां खर्च भी कर रहे हैं। इसका आर्थिक फायदा उन्हीं इलाकों को मिल रहा है।

यहीं पर एक सवाल उठता है कि अगर इन पर्यटकों में से एक हिस्सा अपने गांवों की यात्रा करेगा तो वह जो खर्च करेगा, उस खर्च से उसके गांव-परिवार के आसपास की आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। इसका असर यह होगा कि उन इलाकों में आर्थिक विकास बढ़ेगा। आर्थिक गतिविधियां बढ़ने से उन इलाकों की सूरत भी सुधरेगी। भारतीय परंपरा में व्यक्ति के विकास के लिए पूरे परिवेश के योगदान को स्वीकार किया जाता रहा है। इसीलिए व्यक्ति की कमाई और उपलब्धि में उसके परिवेश और परिवार का हिस्सा माना जाता रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शतक वर्ष में पंच परिवर्तन की जो सैद्धांतिकी और कार्ययोजना स्वीकार की है, उसका दूसरा अंग कुटुंब प्रबोधन है। संघ के पंच परिवर्तन में भारतीय संस्कृति की उस अवधारणा को स्पष्ट रूप से स्वीकार किया गया है, जिसमें परिवार सिर्फ सामाजिक संस्था नहीं माना जाता, बल्कि संस्कार की प्रयोगशाला के रूप में स्वीकार्य है।

# घटती महंगाई


यह सुखद है कि 19 महीने के बाद थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज की गई है और यह अक्तूबर महीने में घटकर 8.39 पर आ गई है। खुदरा महंगाई दर में भी कमी का रुख उत्साहवर्द्धक है। गौर करने की बात है, लगभग पिछले साल से ही महंगाई बढ़ती चली आ रही थी, बार-बार चिंता जताई जा रही थी और भारतीय रिजर्व बैंक ने भी मौद्रिक नीति में समय-समय पर बदलाव किए हैं, अब परिणाम सामने हैं। इससे पहले मार्च, 2021 में महंगाई दर 7.89 प्रतिशत पर थी, आगामी महीनों में महंगाई दर के और घटने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था और अधिकतर लोगों के हित में यह जरूरी है कि महंगाई न केवल कम हो, बल्कि छह प्रतिशत के आसपास रहे। आमतौर पर दो प्रतिशत से छह प्रतिशत की महंगाई दर होनी चाहिए, उससे ऊपर जब दर चढ़ती है, तो न केवल आम लोगों, बल्कि उद्योग-धंधों को भी मुश्किल में डालती है। अब चूंकि थोक महंगाई दर दो अंकों से नीचे आई है, तो यह आशा बलवती हुई है कि आने वाले महीनों में राहत महसूस होगी।

वैसे थोक मुद्रास्फीति दर में लगभग पांच अंकों का अंतर एक महीने के समय में ही आया है, तो आश्चर्य भी होता है। खनिज तेल, धातु, फ्रैबिकेटेडेट धातु उत्पाद, अन्य गैर-धातु खनिज उत्पाद के दाम घटने से अक्तूबर, 2022 में थोक मुर्द्रास्फीति घटी बताई जा रही है। अक्तूबर महीने में सब्जियों की मुद्रास्फीति 17.61 प्रतिशत रही है, जबकि उसके पिछले महीने यह 39.66 प्रतिशत पर थी। ईंधन और बिजली में भी महंगाई दर 23.17 प्रतिशत रही है। मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की महंगाई दर ही कुछ कम 4.42 प्रतिशत दर्ज हुई है। विशेष रूप से सब्जियों के भाव आम लोगों को ज्यादा चुभ रहे हैं और इसलिए थोक महंगाई के आंकड़े देखकर कोई आम आदमी सवाल उठा सकता है। आम आदमी के बजट को बिगाड़ने के लिए रसोई और ईंधन पर्याप्त हैं। हाल ही में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह उम्मीद जताई थी कि अक्तूबर में मुद्रास्फीति की दर सात प्रतिशत से कम रहेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका, क्योंकि मोटे तौर पर सब्जियों और ईंधन के भाव साथ नहीं दे रहे हैं। बताया जाता है, पिछले छह या सात महीनों में भारतीय रिजर्व बैंक व सरकार, दोनों ने ही मुद्रास्फीति को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं। आरबीआई गवर्नर के मुताबिक, केंद्रीय बैंक ने अपनी ओर से ब्याज दरों में वृद्धि की है, जबकि सरकार की तरफ से आपूर्ति पक्ष से जुड़े कई कदम उठाए गए हैं। फिर भी कसर रह ही जा रही है।

भारत की खुदरा मुद्रास्फीति, जिसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापा जाता है, अक्तूबर महीने में तीन महीने के निचले स्तर 6.77 प्रतिशत पर आ गई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकडे.उत्साहजनक हैं। सितंबर महीने में खुदरा महंगाई दर 7.41 फीसदी थी। तीन महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंचने के बावजूद खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने में भी रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत की ऊपरी सीमा के पार बना हुआ है। सरकार ने रिजर्व बैंक को कह रखा है कि 2026 तक खत्म होने वाली पांच वर्षीय अवधि में महंगाई दर को दो से चार प्रतिशत तक रखना है। हालांकि, यह लक्ष्य पाना आसान नहीं है। महंगाई घटाने के लिए अनेक मोर्चों पर कदम उठाने व कड़े फैसले लेने की जरूरत पड़ेगी। उत्पादन पर ध्यान देना जितना जरूरी है, उससे कहीं ज्यादा जरूरी है आपूर्ति को आसान बनाना, ताकि कीमतों को आबादी के अनुरूप घटाया जा सके।

# भारत सहित विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे है अपने स्वर्ण भंडार

भारत को इस स्वर्ण भंडार को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष फी के रूप में कुछ राशि बैंक आफ इंग्लैंड को अदा करनी होती थी अतः अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 100 टन स्वर्ण भंडार को भारत लाने के बाद इस फी की राशि को अदा करने से भी भारत बच जाएगा। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी बैंकों में रखे भारत के 100 टन सोने को ब्रिटेन से वापिस भारत में ले आया गया है। यह सोना भारत ने ब्रिटेन के बैंक में रिजर्व के तौर पर रखा था और इस पर भारत प्रतिवर्ष कुछ फीस भी ब्रिटेन के बैंक को अदा करता रहा है। समस्त देशों के केंद्रीय बैंक अपने यहां सोने के भंडार रखते हैं ताकि इस भंडार के विरुद्ध उस देश में मुद्रा जारी की जा सके (भारत में 308 टन सोने के विरुद्ध रुपए के रूप में मुद्रा जारी की गई है, यह सोने के भंडार भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा हैं) और यदि उस देश की अर्थव्यवस्था में कभी परेशानी खड़ी हो एवं उस देश की मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन होने लगे तो इस प्रकार की परेशानियों से बचने के लिए उस देश को अपने स्वर्ण भंडार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचना पड़ सकता है। इस कारण से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने पास स्वर्ण के भंडार रखते हैं। पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का 17 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास जमा है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी 822 टन के स्वर्ण भंडार हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसका 50 प्रतिशत से अधिक भाग, अर्थात लगभग 413.8 टन, भारत के बाहर अन्य केंद्रीय बैंकों विशेष रूप से बैंक आफ इंग्लैंड एवं बैंक आफ इंटर्नैशनल सेटल्मेंट के पास रखा गया है। उक्त वर्णित 308 टन के अतिरिक्त 100.3 टन स्वर्ण भंडार भी भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा है। वर्ष 1947 में भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ही भारत ने अपने स्वर्ण के भंडार बैंक आफ इंग्लैड में रखे हुए हैं। इसके बाद 1990 के दशक में भी भारत ने अपनी आर्थिक परेशानियों के बीच अपने स्वर्ण भंडार को बैक आफ इंग्लैंड में गिरवी रखकर अमेरिकी डॉलर उधार लिए थे। विभिन्न देशों द्वारा लंदन में स्वर्ण भंडार इसलिए रखे जाते हैं क्योंकि लंदन पूरे विश्व का सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार है और यहां स्वर्ण को सुरक्षित रखा जा सकता है। यहां के बैकों द्वारा विभिन्न देशों को स्वर्ण भंडार के विरुद्ध अमेरिकी डॉलर एवं ब्रिटिश पाउंड में आसानी से ऋण प्रदान किया जाता है बल्कि यहां पर स्वर्ण भंडार को आसानी से बेचा भी जा सकता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण के कई खरीदार यहां आसानी से उपलब्ध रहते हैं। कुल मिलाकर इंग्लैंड स्वर्ण का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा बाजार हैं। लंदन के बाद न्यूयॉर्क को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण का एक बड़ा बाजार माना जाता है। भारत को इस स्वर्ण भंडार को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष फी के रूप में कुछ राशि बैंक आफ इंग्लैंड को अदा करनी होती थी अतः अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 100 टन स्वर्ण भंडार को भारत लाने के बाद इस फी की राशि को अदा करने से भी भारत बच जाएगा। दूसरे अपने यहां स्वर्ण भंडार रखने से भारत के पास सदैव तरलता बनी रहेगी। जब चाहे भारत इस स्वर्ण भंडार का इस्तेमाल स्थानीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हित के लिए कर सकता है। वर्ष 2009 में भारत ने 200 टन का स्वर्ण भंडार अंतरराष्ट्रीय बाजार में 670 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अदा कर खरीदा था। 15 वर्ष वर्ष बाद पुनः भारत ने अपने स्वर्ण



# नवादा में हरिश्चंद्र स्टेडियम का गेट गिरने से 8 साल के मासूम की मौत, लोगों में आक्रोश

एजेंसी

**नवादा :** बिहार के नवादा शहर के हरिश्चंद्र स्टेडियम में लापरवाही एक बार फिर भारी पड़ गई, जहां गेट नंबर तीन का जर्जर लोहे का दरवाजा गिरने से एक 8 वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई. यह हादसा उस वक्त हुआ जब बच्चा अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था. घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है, वहीं लोग प्रशासन और स्टेडियम प्रबंधन की बड़ी लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं.

**स्टेडियम का गेट गिरा, बच्चे की मौत :**जानकारी के अनुसार, दीपक कुमार सोमवार की शाम करीब पांच बजे स्टेडियम के गेट के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था. इसी दौरान गेट नंबर तीन का लोहे



का एक हिस्सा अचानक भरभराकर गिर पड़ा. गेट की चपेट में आने से दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया.

**अस्पताल ले जाने के दौरान मौत :** घटना के तुरंत बाद परिजन और स्थानीय लोग आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल लेकर निकले, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया. अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान पुरानी जेल रोड निवासी मुकेश कुमार के पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है.

**इलाके में शोक, लोगों में गुस्सा :** घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है. वहीं, मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेडियम का यह गेट पहले भी दो से तीन बार गिर चुका था, लेकिन प्रशासन और स्टेडियम प्रबंधन ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया.

**लापरवाही पर उठे सवाल :** नागरिकों ने इस हादसे को प्रशासनिक लापरवाही करार देते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. लोगों का कहना है कि अगर समय रहते गेट की मरम्मत या बदलाव किया जाता, तो आज एक मासूम की जान बचाई जा सकती थी.

**बदहाल रहता है हरिश्चंद्र स्टेडियम :** हरिश्चंद्र स्टेडियम में अक्सर सरकारी कार्यक्रमों जैसे 15 अगस्त और 26 जनवरी का आयोजन किया जाता है. इन अवसरों पर जिले के सभी अधिकारियों की आवाजाही भी होती है, जिसके चलते अस्थायी रूप से साफ-सफाई कर दी जाती है. लेकिन कार्यक्रम समाप्त होते ही स्टेडियम की स्थिति बदहाल हो जाती है. हालात ऐसे हैं कि यह मैदान सुअरों का अड्डा बनकर रह जाता है और इसकी नियमित देखभाल करने वाला कोई नहीं दिखता.

**हादसे का जिम्मेदार कौन? :** सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इसकी जिम्मेदारी किसकी है? नगर परिषद की या प्रशासन की? संबंधित विभागों की इसी लापरवाही के कारण आज एक मां ने अपना मासूम बेटा खो दिया. यह घटना व्यवस्था की गंभीर चूक और उदासीनता को उजागर करती है.

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग :** स्थानीय लोगों ने स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो.

# रेल फाटक बंद करने नहीं पहुंचा कोई, 55 मिनट तक ठप रहा ट्रेनों का परिचालन

एजेंसी

**समस्तीपुर:** बिहार के समस्तीपुर में रेलवे की बड़ी लापरवाही सामने आई है. जहां दो विभागों के बीच खींचतान के कारण रेल फाटक खुली रही. जिससे कई जगहों पर ट्रेन रुकी रही. विवाद इस पर है कि फाटक कौन बंद करेगा?

**55 मिनट तक ठप रहा ट्रेनों का परिचालन:** ये मामला समस्तीपुर रेल मंडल के समस्तीपुरझ्रदरभंगा रेलखंड स्थित गुमटी संख्या 1 एसी का है, जो रविवार की दोपहर करीब 55 मिनट तक बंद नहीं हो सकी. जिस वजह से दोपहर 2:02 बजे से 2:56 बजे तक इस रेलखंड पर एक भी ट्रेन का संचालन नहीं हो पाया और कई ट्रेनें अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ी रहीं.




**कौन-कौन ट्रेनें प्रभावित हुई?:** समस्तीपुर-दरभंगा डेमू (75209), बागमती एक्सप्रेस (12578) और समस्तीपुर से दरभंगा की तरफ जाने वाली जयनगर एक्सप्रेस (15553) का परिचालन प्रभावित हुआ, जबकि आरा इंटरसिटी (13225) को किशनपुर स्टेशन पर रोकना पड़ा. यह ट्रेन दरभंगा से समस्तीपुर आ रही थी.

**क्या है विवाद?:** डिवीजन सूत्रों की मानें तो इंजीनियरिंग विभाग और परिचालन विभाग के बीच जिम्मेदारी को लेकर पिछले कई वर्षों से विवाद चल रहा है. गुमटी का संचालन अब अभियंत्रण विभाग से परिचालन विभाग को सौंप दिया गया है0 लेकिन रविवार को निर्धारित समय पर परिचालन विभाग का कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा, जिसके कारण गुमटी समय पर बंद नहीं हो सकी.

**गुमटी बंद करने नहीं आया कोई:** प्रारंभिक तौर पर भारी ट्रैफिक के कारण गुमटी बंद नहीं होने की आशंका पर आरपीएफ की टीम को भेजा गया. जिसके बाद यह पता चला कि गेटमैन ही वहां मौजूद नहीं था. वैसे इसके बाद आनन-फानन हालात को वरीय अधिकारियों ने संभाला और फिर परिचालन सामान्य हो सका.

# भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामला: बिहार के कई हिस्सों में सड़क पर उतरा सवर्ण समाज

एजेंसी

**गोपालगंज/कैमूर:** बिहार के भोजपुर स्थित शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर का मामला तूल पकड़ता जा रहा है. इस घटना को लेकर प्रदेश के कई हिस्सों में सवर्ण समाज के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं. गोपालगंज में भी स्थानीय लोगों और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भारी आक्रोश व्याप्त है. इसी के तहत पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में और मृतक भरत को श्रद्धांजलि देने के लिए शहर में एक विशाल कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में आम नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग शामिल हुए.



**सड़कों पर प्रदर्शन:** ये कैंडल मार्च शहर के पोस्ट ऑफिस चौक से शुरू होकर थाना चौक तक गया. मार्च में शामिल लोगों के हाथों में मोमबत्तियां और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लिखी तख्तियां थीं. प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे नागरिकों ने कहा कि इस घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है. लोगों का आरोप है कि पुलिस ने कानून और मानवाधिकारों की धज्जियां उड़ाते हुए इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया है. कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने पुलिस के दावों पर कड़े सवाल उठाए हैं. प्रदर्शनकारियों का स्पष्ट कहना है कि यह कोई मुठभेड़ नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हत्या है.

**बर्बर कार्रवाई:** प्रदर्शनकारियों के मुताबिक भरत भूषण तिवारी ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था. इसके बावजूद उन्हें बेहद करीब से गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया. इस बर्बर पुलिसिया कार्रवाई ने समाज में एक बेहद गलत और खतरनाक संदेश दिया है. लोगों ने कहा कि अगर पुलिस ही रक्षक से भक्षक बन जाएगी, तो आम जनता न्याय के लिए किसके पास जाएगी? इस घटना से कानून-व्यवस्था पर जनता का विश्वास डगमगा गया है. कैंडल मार्च के जरिए आक्रोशित जनता ने राज्य सरकार और प्रशासन के सामने अपनी प्रमुख मांगें रखीं.

**निष्पक्ष जांच की मांग:** प्रदर्शनकारी जनता ने पूरे एनकाउंटर मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराने की मांग की ताकि सच सामने आ सके. लोगों ने मांग की कि एनकाउंटर की टीम में शामिल और इस साजिश के पीछे जिम्मेदार सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की जाए. आरोपी पुलिसकर्मियों को तुरंत सस्पेंड कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए. साथ ही इस मामले की सुनवाई स्पीडी ट्रायल के जरिए कराकर दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाए.

**उग्र आंदोलन की चेतावनी:** कैंडल मार्च में शामिल स्थानीय लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने इस मामले में लीपापोती करने की कोशिश की या दोषियों को बचाने का प्रयास किया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा. फिलहाल, इस कैंडल मार्च के बाद पूरे गोपालगंज इलाके में तनावपूर्ण स्थिति है और लोगों की नजरें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं.

**भभुआ में भी आक्रोश:** वहीं दूसरी तरफ कैमूर में भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर आक्रोश मार्च निकाला गया जिसमें कई दलों और समाजसेवियों ने भाग लिया. ये मार्च भभुआ नगर पालिका मैदान से चलकर एकता चौक तक पहुंचा. मार्च में प्रदर्शनकारियों ने बिहार पुलिस और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

**दोषियों को फांसी की मांग:** मार्च में शामिल लोगों ने एनकाउंटर करने वाले दोषियों के लिए फांसी की सजा की मांग की है. रविवार शाम भभुआ में इस दौरान पशुराम सेना के बिनोद तिवारी ने कहा कि भोजपुर प्रशासन द्वारा भरत तिवारी का फर्जी एनकाउंटर किया गया, तत्काल स्पीडी ट्रायल चला कर सभी दोषियों को बर्खास्त किया जाए ऐसा नहीं हुआ तो और उग्र आंदोलन करेंगे.

## संक्षिप्त खबर

### युपीएससी से असिस्टेंट कमांडेंट की नौकरी छोड़कर बीपीएससी में हासिल किया 1077वां रैंक, रजनीश का डीएम बनने का है सपना



**नालंदा:** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है. कुल 2027 अभ्यर्थी सफल हुए हैं. नालंदा जिले के कपटिया गांव निवासी सेवानिवृत्त दारोगा महेश कुमार के पुत्र रजनीश कुमार ने 1077वां रैंक प्राप्त कर रेवेन्यू अधिकारी पद पर चयनित होने का गौरव हासिल किया है. इस उपलब्धि ने न केवल पूरे परिवार को गौरवान्वित किया है बल्कि आसपास के युवाओं को सिविल सेवा की तैयारी के लिए प्रेरित भी किया है.रजनीश कुमार ने ईटीवी से विशेष बातचीत में बताया कि वह अभी अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे और युपीएससी की परीक्षा क्रैक कर डीएम बनना चाहते हैं. उन्होंने बताया कि बीपीएससी का यह उनका तीसरा प्रयास था, जबकि वढरउ में दो बार वे मेन्स तक पहुंच चुके हैं. सफलता के बाद भी उनका पढ़ाई का जुनून कम नहीं हुआ है. उन्होंने 2020 में वढरउ के माध्यम से डिफेंस में असिस्टेंट कमांडेंट की नौकरी छोड़कर सिविल सेवा की तैयारी पर पूरा ध्यान केंद्रित किया था. रजनीश कुमार की पूरी प्रारंभिक शिक्षा झारखंड के नेतरहाट से हुई. कोचिंग समाप्त होने के बाद वे घर लौट आए और खुद से परीक्षा की तैयारी जारी रखी. इस पूरे सफर में उन्होंने अनुशासन और निरंतरता बनाए रखी, जिसका नतीजा इढरउ में सफलता के रूप में सामने आया.रजनीश कुमार ने बताया कि इतनी बड़ी तैयारी के दौरान सबसे ज्यादा कठिनाई अकेले रहकर खाना बनाने और कपड़े धोने जैसी दैनिक जिम्मेदारियों को संभालने में आई. इन छोटी-छोटी चुनौतियों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और लक्ष्य पर केंद्रित रहे. उनकी इस मेहनत ने दिखाया कि आत्मनिर्भरता सफलता की कुंजी है. रजनीश कुमार इस सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता और बड़े भाई को देते हैं. उन्होंने हमेशा पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया और हर कदम पर उनका साथ दिया. पिता महेश कुमार, जो पुलिस सब-इंस्पेक्टर से सेवानिवृत्त हैं, छोटे बेटे की सफलता पर बेहद खुश हैं. परिवार मुख्य रूप से सिलाव थाना क्षेत्र लक्ष्मीपुर (भुई) का रहने वाला है और वर्तमान में नालंदा के कपटिया गांव में रहता है. महेश कुमार की पांच संतानें हैं, जिनमें तीन बेटे और दो बेटियां शामिल हैं. रजनीश सबसे छोटे पुत्र हैं। उनके बड़े भाई मनीष कुमार एसएससी के माध्यम से कोलकाता में ऑडिटर पद पर कार्यरत हैं, जबकि दूसरे भाई नीतीश कुमार गांव में व्यवसाय संभाल रहे हैं. रजनीश की यह उपलब्धि पूरे परिवार के लिए गर्व का विषय बन गई है.

### बेगूसराय में 60 साल के बुजुर्ग ने 10 वर्षीय बच्ची से किया दुष्कर्म, आम चुनने का लालच देकर बुलाया था बागान

**बेगूसराय:** बिहार के बेगूसराय के मंझौल थाना क्षेत्र में महज 10 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है. आरोप है कि गांव के ही 60 वर्षीय एक बुजुर्ग ने बच्ची को आम चुनने का लालच देकर सुनसान बगीचे में ले जाकर उसके साथ घिनौनी वारदात को अंजाम दिया. घटना के बाद सहमी हुई बच्ची ने घर पहुंचकर परिजनों को पूरी आपबीती सुनाई. परिजनों ने बिना समय गंवाए मंझौल थाना पुलिस को सूचना दी. पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया. पुलिस अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया. पुलिस ने पीड़ित बच्ची और आरोपी दोनों को बेगूसराय सदर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा उनका मेडिकल परीक्षण किया गया. मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई तय की जाएगी. पुलिस ने पुष्टि की है कि सभी सबूतों और रिपोर्ट के आधार पर आरोपी पर सख्त धाराओं में मामला दर्ज किया गया है. प्रारंभिक पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है. पुलिस पूरे मामले की गहन छानबीन में जुटी हुई है. जांच में यह पता चलना बाकी है कि आरोपी ने ऐसी वारदात पहले भी की थी या नहीं. इलाके में तनाव व्याप्त है और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है. बेगूसराय के पुलिस अधीक्षक मनीष ने बताया कि मंझौल थाना क्षेत्र में 10 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की शिकायत मिली थी. उन्होंने कहा कि मामले में त्वरित कार्रवाई की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. पीड़िता और आरोपी दोनों का मेडिकल परीक्षण पूरा कर लिया गया है. पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है और आरोपी को सख्त सजा दिलाने के लिए पूरी तैयारी है. बेगूसराय जिले में हाल के समय में बच्चियों के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है. चकिया सामूहिक दुष्कर्म कांड के बाद यह दूसरी बड़ी घटना है, जो कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है. स्थानीय लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी जता रहे हैं और प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं.

### बिहार में सरकारी जमीन पर बनी झुग्गी-झोपड़ी में आखिर कैसे लगा बिजली मीटर?

**अररिया:** बिहार के अररिया जिले में शहर के गोढ़ी चौक के पास वन विभाग कार्यालय के सामने स्थित सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है. प्रशासन की टीम ने बुलडोजर चलाकर सड़क किनारे बनी दर्जनों झुग्गी-झोपड़ियों को ध्वस्त कर दिया और जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया. वहीं झोपड़ी में मिला बिजली मीटर बड़ा सवाल बन गया है. कार्रवाई के बाद सबसे बड़ा सवाल बिजली विभाग की भूमिका को लेकर उठ रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि इन झुग्गियों में बिजली विभाग की ओर से मीटर लगाए गए थे और नियमित बिजली सप्लाई भी हो रही थी. सरकारी जमीन पर बिना स्वामित्व या वैध दस्तावेज के स्थायी बिजली कनेक्शन कैसे दिए गए, यह जांच का विषय बन गया है. जिस जगह पर झुग्गियां बनी हुई थीं, वह पूरी तरह सरकारी जमीन बताई जा रही है. प्रशासन के अनुसार यहां बिना किसी अनुमति के अतिक्रमण कर झोपड़ियां बना ली गई थी. कार्रवाई के दौरान मौजूद स्थानीय लोगों ने विरोध जताया, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे कानून के अनुसार जरूरी कदम बताया. कई परिवार अब बेघर हो गए हैं और वैकल्पिक व्यवस्था की मांग कर रहे हैं. लोग पूछ रहे हैं कि क्या कनेक्शन जारी करने से पहले बिजली विभाग की टीम ने स्थल का निरीक्षण किया था. यदि जमीन सरकारी थी तो वहां मीटर लगाना विभाग की लापरवाही को दशार्ता है. मामले में अब बिजली मीटर लगाने और कनेक्शन देने की पूरी प्रक्रिया को जांच के दायरे में लाया जा सकता है. स्थानीयः स्थानीय निवासी मो. एजाज ने बताया कि बिजली मिस्त्री के द्वारा मीटर लगाया गया था. उन्होंने घूस देने की बात से इनकार किया, लेकिन रुपये देकर मीटर लगवाने की पुष्टि की. इस बयान ने विभाग की कार्यप्रणाली पर और सवाल खड़े कर दिए हैं.

# 30 जुलाई से 28 अगस्त तक आयोजित होगा श्रावणी मेला, टेंट सिंटी, इंटरटेनमेंट समेत मिलेंगी ये सुविधाएं

एजेंसी

**बिहार:** पर्यटन विभाग देवघर की तर्ज पर पहलेजा घाट से बाबा गरीबनाथ तक श्रावणी मेला की सुविधाएं देगा. श्रद्धालुओं के लिए टेंट सिटी बनाए जायेंगे. इसके अलावा छोटे-छोटे शिविर भी बनाए जायेंगे. सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने की तैयारी की गई है.

**पर्यटन विभाग कर रहा ये सभी सुविधाएं**

पर्यटन विभाग की ओर से श्रावणी मेला में कांवरियों के लिए टेंट सिटी, शौचालय, बाथरूम, शुद्ध पेयजल, निर्बाध बिजली जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं, कांवर स्टैंड, सूचनाएं और मनोरंजन आदि की व्यवस्था भी करेगा. इलाके साथ बिहार में प्रसिद्ध शिवालयों जैसे बाबा हरिहर नाथ, मधेपुरा का सिंहेश्वर धाम, अशोक धाम और



दरभंगा कुशेश्वर स्थान में भी जिला प्रशासन की ओर श्रावणी मेला का आयोजन किया जाएगा.

**बाबा अजगैबीनाथ धाम से सीमा दुम्मा तक शिवमय होगा पथ**

जानकारी के मुताबिक, श्रावणी मेला में सुल्तानगंज से बिहार सीमा दुम्मा के बीच कांवरियों/श्रद्धालुओं के आवासन के लिए बाबा अजगैबीनाथ, सुल्तानगंज में पहले के 200 की जगह पर 500 बेड, बांका जिलान्तर्गत अबरखा में 600 बेड, पहली बार धौरी में 200 बेड, गोड़ियारी में 250 बेड, मुंगेर के खैरा में 200 बेड, धोबई में 200 बेड के साथ पहली बार असरगंज में 300 बेड, तारापुर में 200 और संग्रामपुर में 200 के बेडयुक्त टेंट सिटी का निर्माण कराने के निर्देश दिए गए हैं. सभी टेंट सिटी में कांवर स्टैंड, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, बिजली, स्वास्थ्य सुविधा की पूरी व्यवस्था के साथ इस बार सभी टेंट सिटी में जीविका दीदी की रसोई की व्यवस्था की जाएगी.

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन**

सभी टेंट सिटी में पूरे मेला अवधि में टेंट सिटी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. कलाकारों के चयन के लिए उन्होंने सभी जिला पदाधिकारियों को जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति के गठन के निर्देश दिए हैं. भागलपुर में सोनपुर मेला की की तरह 25 स्वीस कॉटेज का निर्माण कराया जाएगा, जिसके लिए प्रशासन जमीन देगा.

# पॉलिटिक्स ज्वाइन करेंगी पूर्व आईपीएस काम्या मिश्रा? पसंदीदा पार्टी के बारे में बताया, नौकरी छोड़ने की बताई असल वजह

एजेंसी

**बिहार:** पूर्व आईपीएस काम्या मिश्रा एक बार फिर चर्चा में हैं. इस बार उन्होंने पॉलिटिक्स में आने के संकेत दिए हैं. बिहार में ही राजनीतिक करने की ओर उन्होंने इशारा किया है. एक इंटरव्यू में राजनीति में आने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं कभी यह नहीं कह सकती कि कोई काम कभी नहीं हो सकता. उन्होंने कहा कि इस पर अभी मजबूती से विचार नहीं किया है.

**पसंदीदा पार्टी के बारे में काम्या मिश्रा ने क्या बताया?**

इंटरव्यू के दौरान पूर्व आईपीएस काम्या मिश्रा ने अपनी पसंदीदा पार्टी के बारे में जिक्र किया. उन्होंने कहा कि देश के लिए अच्छा करने वाली, राष्ट्र की सुरक्षा और उनकी आईडियोलॉजी से मैच करने वाली पार्टी को वो ज्वाइन कर सकती हैं. भाग्य कहां लेकर जायेगा, इसे



देखना होगा. साथ ही उन्होंने कहा कि वह पटना में एक स्कूल खोलना चाहती हैं. इसके बाद आगे का सोचेंगी. कहा कि जमीन पर आपने कुछ किया है तो, आपको वापस मिलेगा.

**बिहार को लोग राजनीति को लेकर काफी सजग**

काम्या मिश्रा ने कहा कि कमरे में रहकर सरकार को कोसने से बेहतर है कि इसे ठीक करने के लिए राजनीति में आएं. पॉलिसी बनाने में हिस्सा बनें. उन्होंने कहा कि पावर इसलिए चाहिए कि समाज के लिए बेहतर करना है. पढ़े-लिखे लोगों की बिहार में बहुत कद्र है, भले राजनीति में न हो. बिहार के लोग राजनीति को लेकर काफी सजग रहते हैं. वे अपनी राजनीतिक विचार कभी नहीं छोड़ते हैं. काफी सोचकर राजनीतिक फैसला करते हैं.

**आईपीएस की नौकरी छोड़ने की बताई ये वजह**

काम्या मिश्रा ने कहा है कि बिहार बहुत प्यारा राज्य है. आईपीएस की नौकरी किसी के दबाव में नहीं छोड़ी है. किसी तरह का दबाव मेरे ऊपर नहीं था. पापा का बिजनेस संभालने के लिए मैंने आईपीएस की नौकरी छोड़ी. बिहार को अनावश्यक बदनाम किया जाता है. किसी नेता ने मुझे किसी काम के लिए दबाव नहीं बनाया.

# खेसारी लाल पहुंचे भरत तिवारी के घर, परिवार को 50 हजार की मदद की, बोले - आपके साथ खड़े हैं

एजेंसी

**बिहार :** भोजपुर के भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामला में अब भोजपुरी स्टार खेसारी लाला की भी एंट्री हो गई है. सोमवार की दोपहर को खेसारी लाल उनके घर पहुंचे. यहां परिवार से मिला कर घटना पर दुख जताया है.खेसारी लाला ने भरत तिवारी की मां आशा देवी समेत परिवार के अन्य सदस्यों को ढांढस बंधाया और न्याय की इस लड़ाई में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया. खेसारी लाल यादव ने परिजनों से बातचीत के दौरान कहा कि न्याय की मांग पूरी मजबूती से उठनी चाहिए, लेकिन आंदोलन का उद्देश्य केवल सच को सामने लाना होना चाहिए.उन्होंने कहा, आंदोलन जरूर जारी रखिए, लेकिन इसे सिर्फ भीड़ जुटाने का केंद्र न बनाएं. न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए, और इसके लिए संयम बेहद जरूरी है.

**सरकार और सिस्टम पर साधा निशाना**



खेसारी लाल यादव ने इस दौरान सरकार और व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए. उन्होंने कहा कि अपराध को खत्म करने के बजाय कई बार केवल उसका दमन किया जाता है. अगर समाज से अपराध खत्म करना है, तो युवाओं को शिक्षा और सही दिशा देनी होगी. अगर बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिलेगी, तो वे गलत रास्ते पर जा सकते हैं, उन्होंने कहा.उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई युवा समाज के लिए आवाज उठा रहा है, तो सरकार को उसकी बात सुननी चाहिए. भरत तिवारी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने परिवार से बढ़कर समाज को प्राथमिकता दी और विस्थापितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया.

**मां का दर्द कोई नहीं समझ सकता**

भावुक होते हुए खेसारी ने कहा, एक मां को उसका बेटा कोई वापस नहीं लौटा सकता. उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि भरत तिवारी की मांगों को पूरा कर दें, तो वही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी.

**आर्थिक मदद भी दी**

इस दौरान खेसारी लाल यादव ने पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की, जिससे मौके पर मौजूद लोग भावुक हो गए.

**गांव में उमड़ी भीड़, बढ़ी चर्चा**

खेसारी और गुंजन सिंह के गांव पहुंचने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समर्थक वहां जुट गए. उन्होंने परिजनों की बातों को गंभीरता से सुना और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग का समर्थन किया.गौरतलब है कि 17 जून को बिलौटी गांव में भरत भूषण तिवारी की पुलिस मुठभेड़ में मौत के बाद से यह मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है. जहां एक ओर परिजन इसे फर्जी एनकाउंटर बता रहे हैं, वहीं पुलिस का दावा है कि आत्मरक्षा में कार्रवाई की गई थी.फिलहाल, इस मामले में लगातार बढ़ते जनसमर्थन और अब भोजपुरी कलाकारों की एंट्री के बाद यह मुद्दा और भी ज्यादा राजनीतिक और सामाजिक रूप से गर्मा गया है.

# भरत तिवारी के परिजन प्रशांत किशोर से मिले, 24 जून को महापंचायत में बुलाया



एजेंसी

**भोजपुर :** भोजपुर निवासी भरत भूषण तिवारी के परिजन और उनके मित्र 22 जून को बिहटा स्थित बिहार नव-निर्माण आश्रम पहुंचे. यहां उन्होंने प्रशांत किशोर से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी.

**न्याय की मांग को लेकर परिजनों ने लगाई गुहार**

परिजनों ने प्रशांत किशोर से पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भरत भूषण तिवारी मामले में न्याय दिलाने की मांग की. उन्होंने कहा कि इस मामले में निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई जरूरी है.

**24 जून की पंचायत में शामिल होने का किया आग्रह**

भरत तिवारी के परिजनों ने प्रशांत किशोर से 24 जून को आयोजित होने वाली पंचायत में शामिल होने का आग्रह किया. उन्होंने इस मुद्दे को लेकर समर्थन और सहयोग की अपील की.

**प्रशांत किशोर ने दिया हरसंभव मदद का भरोसा**

प्रशांत किशोर ने परिजनों की बात सुनने के बाद उन्हें इस लड़ाई में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया. उन्होंने मामले को लेकर सहयोग और समर्थन जारी रखने की बात कही.जन सुराज की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार यह मुलाकात पटना के बिहटा स्थित बिहार नव-निर्माण आश्रम में हुई. इस दौरान भरत भूषण तिवारी के परिजनों और मित्रों ने अपनी मांगों को लेकर प्रशांत किशोर से चर्चा की.

## खबर संक्षेप




### एसबीआई म्यूचुइल फंड को आईपीओ लाने मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी संपत्ति प्रबंधन कंपनी एसबीआई म्यूचुअल फंड को बाजार नियामक सेबी से अपना आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। मार्च में दाखिल विवरण पुस्तिका (डीआरएचपी) के अनुसार, प्रस्तावित सार्वजनिक पेशकश पूरी तरह से 20.37 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है, जिसमें कोई नया निर्गम शामिल नहीं है। इस पेशकश में प्रवर्तकों, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और एमुंडी इंडिया होल्डिंग अपनी हिस्सेदारी कम करेंगे।

### बीते सप्ताह सोयबीन और मूंगफली तेल में रहा सुधार

**नई दिल्ली।** आम तौर पर बाजार में लिवाली प्रभावित रहने के बीच बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजारों में सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन



तेल, कच्चे पामतेल (सीपीओ) और बिनौला तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। सोयाबीन के बड़े प्लांट वालों द्वारा खरीद दाम बढ़ाने के कारण सोयाबीन तिलहन, आयातित सूरजमुखी तेल से सस्ता होने और मांग बढ़ने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया। औद्योगिक मांग के बीच पामोलीन तेल के दाम अपरिवर्तित रहे।

### बीकानेरवाला, मैरिको और परम डेयरी को नोटिस

**नई दिल्ली।** खाद्य नियामक, एफएसएसएआई ने बीकानेरवाला, मैरिको लिमिटेड और परम डेयरी समेत खाद्य पदार्थों के कारोबार से जुड़ी कंपनियों को नोटिस जारी किए




हैं। ये नोटिस उत्पादों के बारे में कथित भ्रामक दावों, लेबलिंग नियमों के उल्लंघन और ग्राहकों की शिकायतों के कारण जारी किए गए हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकार (एफएसएसएआई) एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उसने कई खाद्य व्यवसाय परिचालकों (एफबीओ) को नोटिस जारी किए हैं।

### भारतीय बीपीसी बाजार 39 अरब डॉलर पहुंचने की संभावना

**नई दिल्ली।** भारत के सौंदर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल (बीपीसी) उत्पाद बाजार के वर्ष 2030 तक 39 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख



कंपनी फ्लिपकार्ट की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, एक समय लोग सौंदर्य को सिर्फ अपनी आकांक्षाओं वाली श्रेणी मानते थे, लेकिन आज इसे आत्म देखभाल और व्यक्तिगत पहचान की रोजाना जरूरत के रूप में देख रहे हैं। 'फ्लिपकार्ट ग्लैमअप एनुअल ब्यूटी ट्रेंड्स रिपोर्ट-2026' के अनुसार, वर्तमान में लगभग 27 अरब डॉलर मूल्य वाला भारतीय सौंदर्य बाजार वैश्विक स्तर पर सबसे आकर्षक वृद्धि वाले बाजारों में शामिल है।

### खुले बाजार में शेयरों की पुनर्खरीद एक अगस्त से

**मुंबई।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शेयर बाजार के माध्यम से खुले बाजार में शेयरों की पुनर्खरीद को एक अगस्त से दोबारा शुरू करने का फैसला




किया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल की बैठक में यह तय किया गया कि पुनर्खरीद की प्रक्रिया निर्गम खुलने की तारीख से 66 कार्य दिवसों के भीतर पूरी करनी होगी। साथ ही, निर्धारित राशि का कम-से-कम 40 प्रतिशत हिस्सा पुनर्खरीद अवधि के पहले आधे हिस्से में उपयोग करना अनिवार्य होगा।

# फसाई ने कसा शिकंजा, अब खाने-पीने की चीजों पर झूठा दावा पड़ेगा भारी

नई दिल्ली

टीवी ऐड हो या मार्केट या फिर सोशल मीडिया, कई बार आपने कंपनियों के ऐसे प्रोडक्ट देखे होंगे जिन पर नेचुरल या फिर प्योर जैसे बड़े दावे किए जा रहे हों। पर सवाल ये है कि क्या ये दावे सच्चाई पर खरा उतरते हैं? जवाब आपको ज्यादातर ना में ही मिलेगा। इन बढ़ते फेक मामलों को देखते हुए फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) के साथ कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी यानी सीसीपीए ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। हाल ही में दो अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है।

## सौ प्रतिशत का झूठा दावा और तेल का नाम नहीं छुपा पाएंगे

### फसाई के रडार पर 'रिश्ते नमकीन'

पहला मामला फसाई से जुड़ा है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक ग्राहक की शिकायत के बाद फसाई ने रिश्ते नमकीन को एक नोटिस दिया है। ग्राहक ने शिकायत की थी कि कंपनी के दो पॉपुलर प्रोडक्ट्स फरसान स्ट्रीट मसाला पत्ता और फरसान स्ट्रीट रोस्टेड मिलेट भेल के पैकेट पर सिर्फ खाद्य वनस्पति तेल लिखा था। लेकिन ये साफ नहीं किया था कि वो कौन सा तेल है। फसाई के अनुसार ये फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स रेगुलेशंस, 2020 के नियमों का उल्लंघन है। इन नियमों के अनुसार कंपनी को बताना जरूरी है कि वो प्रोडक्ट में किस तेल, जैसे पाम ऑयल, मूंगफली का तेल, या राइस ब्रैन ऑयल का इस्तेमाल कर रही हैं।




### फसाई ने मांगा जवाब

इस पूरे मामले पर फूड सेफ्टी अथॉरिटी ने कंपनी को निर्देश देते हुए कहा है कि, कंपनी ये बताए कि उसने लेबल पर तेल का नाम क्यों नहीं लिखा? साथ वो साबित करे कि उन्होंने 2020 के लेबलिंग नियम नहीं तोड़े हैं। साथ ही एक कार्रवाई रिपोर्ट जमा करे, जिसमें बताए कि गलती सुधारने और भविष्य में ऐसी कमी दोबारा ना होने देने के लिए क्या कदम उठाए हैं।

### स्टोरिया फूड्स और मिसेज बेक्टर्स पर जुर्माना

वहीं दूसरे केस में सीसीपीए ने स्टोरिया फूड्स और मिसेज बेक्टर्स नाम की बड़ी कंपनियों पर 1-1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। पीआईबी के अनुसार इन कंपनियों पर आरोप है कि इन्होंने अपने प्रोडक्ट्स के ऐड और पैकेजिंग पर 100 प्रतिशत शब्द का झूठा दावा किया। सीसीपीए ने साफ कहा कि 100 प्रतिशत वाले दावा मतलब एब्सोल्यूट न्यूमेरिकल क्लेम की कैटेगरी में ये आता है। मतलब ये कि अगर आप 100 प्रतिशत लिख रहे हैं तो आपकी कही हुई बात प्रोडक्ट में होनी ही चाहिए।

## कंपनी के पोर्टफोलियो में प्राकृतिक गैस का हिस्सा अधिक हो गया

# ओएनजीसी अब 'तेल और गैस' नहीं 'गैस और तेल' कंपनी बन चुकी : चेयरमैन

नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) अब केवल 'तेल और गैस' नहीं बल्कि 'गैस और तेल' कंपनी बन चुकी है। कंपनी के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने यह बात कही है। सिंह ने कहा कि अब कंपनी के पोर्टफोलियो में प्राकृतिक गैस का हिस्सा कच्चे तेल से अधिक हो गया है। सिंह ने विश्लेषकों से बातचीत में कहा कि ओएनजीसी के कुल उत्पादन में अब गैस का योगदान तेल से थोड़ा अधिक है और भविष्य में कंपनी की वृद्धि मुख्य रूप से गैस उत्पादन के दम पर होगी। उन्होंने कहा कि बड़े नए तेल भंडारों की खोज नहीं होने की स्थिति में कच्चे तेल का उत्पादन लगभग स्थिर रहने की संभावना है, जबकि गैस उत्पादन लगातार बढ़ेगा।

- भविष्य में कंपनी की वृद्धि मुख्य रूप से गैस उत्पादन के दम पर होगी




### नए गैस कुओं का हिस्सा तेजी से बढ़ रहा

सिंह ने कहा कि गैस को भारत के ऊर्जा परिदृश्य में अधिक मूल्यवान ईंधन माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओएनजीसी के कुल गैस उत्पादन में 'नए गैस कुओं' का हिस्सा तेजी से बढ़ रहा है और यह फिलहाल कुल गैस उत्पादन का लगभग 25 प्रतिशत है। निकट भविष्य में इसके 30-36 प्रतिशत तक पहुंचने और आगे चलकर कंपनी के गैस पोर्टफोलियो में प्रमुख हिस्सेदारी लेने की संभावना है, क्योंकि पुराने गैस क्षेत्रों का उत्पादन धीरे-धीरे घटेगा।

### परिवहन क्षेत्र में गैस के उपयोग का विस्तार

चेयरमैन ने कहा, "गैस अब हमारे पोर्टफोलियो में तेल से थोड़ी अधिक है। इसलिए हमें तेल एवं गैस कंपनी नहीं, बल्कि गैस एवं तेल कंपनी कहा जाना चाहिए।" सिंह के अनुसार, भारत में प्राकृतिक गैस की मांग लगातार बढ़ रही है। परिवहन क्षेत्र में गैस के उपयोग का विस्तार, सरकार की मूल्य निर्धारण सुधार नीतियां और नए गैस क्षेत्रों का विकास इसे अधिक आकर्षक बना रहे हैं।

### गैस उत्पादन में 8 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य चल रहा

सिंह ने कहा कि कंपनी अगले कुछ वर्षों में गैस उत्पादन में सालाना 7-8 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह वृद्धि डीयूडीपी, डीएसएफ क्षेत्रों तथा 98/2 जैसी अपतटीय (ऑफशोर) परियोजनाओं से मिलेगी, जिनमें से कई अगले वित्त वर्ष में उत्पादन शुरू करेंगी।

### नई नीतियों से आर्थिक स्थिति बेहतर हुई

चेयरमैन ने कहा कि सरकार द्वारा रॉयल्टी में कमी, बाजार आधारित मूल्य निर्धारण व्यवस्था को बढ़ावा और गहरे समुद्र में अन्वेषण के लिए समर्थन जैसी नीतियों से इस क्षेत्र की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है तथा अपस्ट्रीम कंपनियों के पास अधिक राजस्व बच रहा है। ओएनजीसी समूह के कारोबार में अन्वेषण एवं उत्पादन (ईएंडपी) खंड की हिस्सेदारी लगभग दो-तिहाई है।

### कंपनी हर वर्ष 500 कुओं की खुदाई करती है

कंपनी हर वर्ष करीब 500 कुओं की खुदाई करती है, जिनमें खोजी और उत्पादन दोनों प्रकार के कुएं शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का आरक्षित नियोजन अनुपात 1.1 से अधिक रहा, जो यह दर्शाता है कि उत्पादित भंडारों की भरपाई सफलतापूर्वक की जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की स्वच्छ ऊर्जा रणनीति और बढ़ती गैस खपत को देखते हुए ओएनजीसी का यह गैस-केंद्रित बदलाव कंपनी के दीर्घकालिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

# भारत की ईवी कंपनियों की निगाह ब्रिटेन के इलेक्ट्रिक वाहन बाजार पर

नई दिल्ली



भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भारतीय वाहन विनिर्माताओं के लिए ब्रिटेन के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में नए अवसर खुलने की उम्मीद है। मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स जैसी कंपनियां इस समझौते के तहत ब्रिटेन में इलेक्ट्रिक वाहन के निर्यात की संभावनाओं का आकलन कर रही हैं। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते से 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 100 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह समझौता 15 जुलाई से लागू होगा। भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के अनुसार, भारत को ब्रिटेन के इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड और हाइड्रोजन चालित यात्री वाहनों के बाजार में चरणबद्ध तरीके से शुल्क-मुक्त निर्यात की सुविधा मिलेगी। यह व्यवस्था समझौते के छठे वर्ष से लागू होगी और निर्धारित कोटा प्रणाली के तहत संचालित होगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष (वाहन कारोबार) वेलुसामी आर ने कहा कि यह समझौता भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है।

- मुक्त व्यापार समझौते से बाजार में नए अवसर खुलने की उम्मीद

### टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देने वाला कदम

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रवक्ता ने भी इस समझौते को भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने तथा टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध और कोटा-आधारित व्यवस्था भारत निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए ब्रिटेन में नए निर्यात अवसर उपलब्ध कराएगी।

### कोटा के भीतर ब्रिटेन में शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा

समझौते के तहत 80,000 पाउंड तक की कीमत वाले भारतीय इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड और हाइड्रोजन यात्री वाहनों को निर्धारित कोटा के भीतर ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा। छठे वर्ष में कुल 17,600 वाहनों के निर्यात की अनुमति होगी, जबकि 15वें वर्ष तक यह कोटा बढ़कर 88,000 वाहनों तक पहुंच जाएगा।

# टाटा मोटर्स को मिले 3,400 से अधिक ईवी वाहन के ऑर्डर




मुंबई

वाणिज्यिक वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स को माल ढुलाई, लॉजिस्टिक्स और यात्री परिवहन के लिए 3,400 से अधिक ईलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों (ई-सीवी) के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि इन ऑर्डर में लगभग 2,000 छोटे वाणिज्यिक वाहन और पिक-अप, 900 ट्रक तथा 500 बसें शामिल हैं। इन वाहनों का उपयोग ई-वाणिज्य, लॉजिस्टिक, रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली वस्तुएं बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों, शहर के भीतर परिवहन सेवाओं आदि में किया जाएगा। टाटा मोटर्स ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में इन वाहनों की तैनाती वास्तविक परिचालन परिस्थितियों में ई-परिवहन समाधान के प्रति ग्राहकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। साथ ही यह संकेत देती है कि विद्युत वाहनों का उपयोग अब केवल परीक्षण परियोजनाओं तक सीमित न रहकर बड़े पैमाने पर नियमित परिचालन का हिस्सा बन रहा है।

- कंपनी को इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों का ऑर्डर मिला

### पिछले 12 महीनों से पोर्टफोलियो को मजबूत किया

*कंपनी ने कहा कि पिछले 12 महीनों में उसने अपने इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन पोर्टफोलियो को काफी मजबूत किया है और विभिन्न परिचालन आवश्यकताओं तथा कार्य परिस्थितियों के अनुरूप नयी पीढ़ी के ई-वाणिज्यिक वाहन पेश किए हैं।*

# तेल व विदेशी निवेशक तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

नई दिल्ली

इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली वार्ता के नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों पर निर्भर करेगी। विश्लेषकों ने यह राय व्यक्त की है। विश्लेषकों के अनुसार, रविवार को स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक में अमेरिका और ईरान के बीच तकनीकी स्तर की वार्ता होने वाली है। शुक्रवार को 'मुहर्रम' के कारण शेयर बाजार बंद रहेंगे। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, "निवेशकों का ध्यान आगामी सप्ताह में



अमेरिका-ईरान शांति प्रक्रिया से जुड़े घटनाक्रमों पर केंद्रित रहेगा। कच्चे तेल की कीमतें एक प्रमुख कारक बनी रहेंगी। इनकी स्थिरता भारत के वृहद आर्थिक दृष्टिकोण को समर्थन देगी, जबकि पश्चिम एशिया में संबंधों में किसी भी तरह की गिरावट से बाजार में फिर से अस्थिरता बढ़ सकती है।" विश्लेषकों ने कहा कि बाजार मानसून की प्रगति पर भी नजर रखेगा।

# आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेंगी सोने-चांदी की दिशा

नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान वार्ता से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़े अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बाजार की नजर विशेष रूप से स्विट्जरलैंड में होने वाली वार्ता पर रहेगी, जहां अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत का नेतृत्व करने की उम्मीद है। यह बातचीत पिछले सप्ताह बनी उस रूपरेखा पर आगे बढ़ेगी, जिसका उद्देश्य तनाव समाप्त करना है।

- अमेरिका-ईरान वार्ता और तेल की कीमतें प्रभाव डालेगा



विश्लेषकों के मुताबिक, इन वार्ताओं का प्रभाव निवेशकों के जोखिम लेने की धारणा और ऊर्जा बाजारों को प्रभावित कर सकता है, जिसका सीधा असर बहुमूल्य धातुओं पर पड़ेगा। घरेलू जिंस बाजार शुक्रवार को सुबह के सत्र में मुहर्रम के कारण बंद रहेंगे। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के ईबीजी - जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, "सोने और चांदी का रुझान फिलहाल सीमित दायरे में बना हुआ है, क्योंकि बाजार की नजर अमेरिका-ईरान वार्ता तथा खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते कच्चे तेल, एलएनजी की आपूर्ति पर है।" पिछले सप्ताह मजबूत रुपये और घटती मांग के कारण बहुमूल्य धातुओं में गिरावट दर्ज की गई। 'मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज' पर सोने का वायदा 3,325 रुपये या 2.2 प्रतिशत गिरकर 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

### सोने के वायदा में मामूली तेजी

त्रिवेदी ने कहा कि मजबूत रुपया आयातित सोने की लागत को कम करता है, जिससे कीमतों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। वैश्विक बाजारों में सोने का वायदा भाव मामूली रूप से बढ़त के साथ 4,245.9 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ, जबकि चांदी 2.03 प्रतिशत गिरकर 66.32 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# किसान क्रेडिट कार्ड के मानदंडों में संशोधन

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के मानदंडों में संशोधन किया है। इसके तहत ऋण मंजूर करने एवं चुकाने के कार्यक्रमों में एकरूपता लाने के मकसद से फसल सीजन की




परिभाषा को एक जैसा किया गया है। आरबीआई (वाणिज्यिक बैंक–केसीसी योजना) निर्देश 2026 अगले वर्ष जनवरी से लागू होंगे। केंद्रीय बैंक ने कहा कि ये निर्देश केसीसी योजना के तहत बैंक प्रणाली से पर्याप्त और समय पर ऋण सहायता की रूपरेखा तैयार करने के लिए जारी किए जा रहे हैं। इसका मकसद खेती और उससे जुड़े कामों में लगे कर्जदारों की कार्यशील पूंजी और निवेश ऋण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना है।

# भारत का जून में रूस, यूएई से कच्चे तेल का आयात बढ़ा

नई दिल्ली



भारत ने जून में रूस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से कच्चे तेल की खरीद बढ़ाई है। विश्लेषकों के अनुसार, भारतीय रिफाइनरियों ने होर्मुज जलडमरूमध्य के दोबारा खुलने और खाड़ी देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति पूरी तरह बहाल होने से पहले पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने के लिए आयात बढ़ाया है। समुद्री एवं जिंस आसूचना कंपनी केप्लर के आंकड़ों के मुताबिक, 19 जून तक भारत ने रूस से औसतन 26.6 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) कच्चे तेल का आयात किया है, जो मई में 19.1 लाख बीपीडी था। इसके साथ ही रूस, भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। जून में यूएई से आयात 6.36 लाख बीपीडी रहा, जो मई के रिकॉर्ड 6.44 लाख बीपीडी के करीब है। वहीं, वेनेजुएला 2.09 लाख बीपीडी के साथ भारत का चौथा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा। सऊदी अरब से आयात 3.84 लाख बैरल प्रतिदिन रहा। इसके उलट अमेरिका से तेल आयात घटकर 91,000 बीपीडी रह गया, जबकि मई में यह 2.52 लाख बीपीडी था।

- पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने आयात बढ़ाया

### संघर्षविराम के टिकने को लेकर चिंताएं बनी हुई

यह जलमार्ग दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत तेल खपत के परिवहन का प्रमुख रास्ता माना जाता है। हालांकि, अमेरिका और ईरान के बीच संघर्षविराम समझौते के बाद पिछले सप्ताह से तेल टैंकर की आवाजाही फिर शुरू हो गई है। इसके बावजूद संघर्षविराम के टिकने को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं।

### होर्मुज खुलने से तेज राहत एलपीजी आपूर्ति में मिलेगा

केप्लर के वरिष्ठ प्रबंधक (मॉडलिंग) सुमित रितोलिया ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने से भारत को सबसे तेज राहत एलपीजी आपूर्ति में मिलेगी, जबकि कच्चे तेल और एलएनजी का आयात सामान्य होने में कुछ अधिक समय लग सकता है। उन्होंने कहा कि भारत पहले ही वैकल्पिक स्रोतों और आपूर्ति मार्गों के जरिये कई महीनों की बाधाओं के अनुरूप खुद को ढाल चुका है।

## पश्चिम एशिया तनाव कम होने से बाजार में लौटी रौनक

# इस सप्ताह तीन कंपनियों के आईपीओ आएंगे बाजार में

नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से निवेशकों में जोखिम लेने की धारणा को मजबूती मिलने के बीच शेयर बाजार में फिर से रौनक लौटती दिख रही है और इस सप्ताह तीन कंपनियां आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लेकर आ रही हैं, जबकि कई अन्य कंपनियां भी सार्वजनिक निर्गम की तैयारी कर रही हैं। क्रूज का संचालन करने वाली कंपनी वॉटरवेज लीजर टूरिज्म, जयपुर स्थित आभूषण निर्माता एडविट ज्वेल्स और सूचना प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता सीएसएम टेक्नोलॉजीज अगले कुछ दिन में अपने पहले सार्वजनिक निर्गम पेश करने जा रहे हैं। वहीं पैकेजिंग समाधान क्षेत्र की कंपनी नैक पैकेजिंग भी अगले सप्ताह अपने आईपीओ का मूल्य दायरा घोषित कर सकती है।

क्रूज का संचालन करने वाली कंपनी लाएगी निर्गम




### जेप्टो की 10 हजार करोड़ से अधिक जुटाने की योजना

बाजार सूत्रों के अनुसार, त्वरित वाणिज्य क्षेत्र की कंपनी जेप्टो 10,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की योजना बना रही है, जबकि देश की सबसे बड़ी म्यूचुअल फंड कंपनी एसबीआई म्यूचुअल फंड अगले महीने लगभग 13,000 करोड़ रुपये का सार्वजनिक निर्गम ला सकती है।

### वॉटरवेज लीजर 585 करोड़ का निर्गम ला रही

जून में सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज और हेक्सागन न्यूट्रिशन अपने आईपीओ ला चुकी हैं, जबकि इंश्योरटेक क्षेत्र की कंपनी टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस की सार्वजनिक निर्गम लाने की प्रक्रिया फिलहाल जारी है। वॉटरवेज लीजर टूरिज्म ने अपने 585 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए प्रति शेयर 769 से 808 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। यह निर्गम 23 जून को खुलेगा और 25 जून को बंद होगा।

### एडविट ज्वेल्स का आईपीओ 23 जून को खुलेगा

एडविट ज्वेल्स का 165.16 करोड़ रुपये का आईपीओ भी 23 जून को खुलेगा और 25 जून को बंद होगा। कंपनी ने इसके लिए 130 से 138 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। इस निर्गम में 1.20 करोड़ नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। सीएसएम टेक्नोलॉजीज ने 146 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 107 से 113 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा निर्धारित किया है। यह निर्गम 24 जून को खुलेगा और 27 जून को बंद होगा।

### नैक पैकेजिंग का मूल्य दायरा घोषित

वहीं नैक पैकेजिंग अगले सप्ताह अपने आईपीओ का मूल्य दायरा घोषित कर सकती है। कंपनी के प्रस्तावित निर्गम में 475 करोड़ रुपये के नए शेयर और प्रवर्तकों तथा एक मौजूदा शेयरधारक द्वारा 70 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। कंपनी ताजा निर्गम से प्राप्त लगभग 435 करोड़ रुपये का उपयोग गुजरात के मेहसाणा जिले के बोरिसाना में नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने में करेगी।

## ग्रुप ई : क्यूरासाओ ने इक्वाडोर को बराबरी पर रोका

# एलोय बने दीवार, इक्वाडोर के 15 हमले किए नाकाम, हासिल किया पहला अंक

कनसास सिटी

*क्यूरासाओ के गोलकीपर एलोय रूम ने इक्वाडोर के लगातार हमलों का डटकर सामना करते हुए 15 बचाव किए, जिससे विश्व कप फुटबॉल में भाग ले रहे सबसे छोटे देश ने ग्रुप ई का यह मैच गोलरहित बराबरी पर रोककर अपना पहला अंक हासिल किया। इस परिणाम से जर्मनी को ग्रुप ई में शीर्ष स्थान हासिल करने का मौका मिल गया। जर्मनी ने इससे पहले आइवरी कोस्ट को 2-1 से हराया था। 37 वर्षीय रूम ने पिछले साल नवंबर में जमैका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके क्यूरासाओ को पहली बार विश्व कप में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने जर्मनी से 7-1 की हार के बाद शानदार वापसी की और विश्व कप इतिहास में किसी गोलकीपर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में अपना नाम लिखाया।*



### एलोय ने बनाया वर्ल्ड कप रिकॉर्ड

क्यूरासाओ के गोलकीपर एलोय रूम ने इक्वाडोर के खिलाफ गोलरहित बराबरी पर छूटे मैच में 15 बचाव करके विश्व कप फुटबॉल में नया रिकॉर्ड बनाया। विश्व कप में सर्वाधिक बचाव करने की आंकड़े 1966 से ही रखे जाने लगे थे और रूम 15 बचाव करके इस सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। रिकॉर्ड 16 बचाव करने का है जो एक जुलाई, 2014 को अमेरिका के टिम हॉवर्ड ने बेल्जियम के खिलाफ बनाया था। हॉवर्ड ने हालांकि 120 मिनट तक चले मैच में यह रिकॉर्ड बनाया था। इस तरह से रूम ने 90 मिनट के निर्धारित समय में सर्वाधिक बचाव करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। रूम ने कहा, 'यह एक अविस्मरणीय अनुभव है। जब आप ऐसा करते हैं तो आप इसके बारे में नहीं सोचते, लेकिन निश्चित रूप से यह एक ऐसा पल है, जिसे मैं ताउम्र याद रखूंगा। मेरे लिए एक गोलकीपर के रूप में यह लगभग परफेक्ट मैच है।'

- ब्रोबे और गाकपो ने दागे दो-दो गोल

## ग्रुप एफ : नीदरलैंड की स्वीडन पर बड़ी जीत

**ह्यूस्टन।** ब्रायन ब्रोबे और कोडी गाकपो ने दो-दो गोल करके नीदरलैंड को स्वीडन के खिलाफ 5-1 से बड़ी जीत दिलाकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप एफ में शीर्ष पर पहुंचा दिया। ब्रोबे ने पांचवें और 17वें मिनट में गोल करके नीदरलैंड को शानदार शुरुआत दिलाई। गाकपो ने दूसरे हाफ के शुरू में 47वें और 54वें मिनट में गोल किए। उसकी तरफ से पांचवां गोल क्रिसेनसियो समरविले ने 89वें मिनट में किया। स्वीडन की तरफ से एकमात्र गोल एंथनी एलंगा ने 59वें मिनट में किया। नीदरलैंड ने अपना पहला मैच जापान के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था और उसे बड़ी जीत की जरूरत थी। स्वीडन अपने पहले मैच में ट्यूनीशिया को 5-1 से हराने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन को बरकरार नहीं रख सका। नीदरलैंड से मिली यह हार 1950 में ब्राजील से 7-1 से मिली हार के बाद विश्व कप में उसकी सबसे बड़ी हार थी। इस जीत के साथ नीदरलैंड चार अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है। स्वीडन के तीन अंक हैं।



# आखिरी मिनटों में उंदाव ने दागे गोल जर्मनी ने छीनी आइवरी कोस्ट से जीत

**टोरंटो।** डेनिज उंदाव ने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरने के बाद दो गोल किए, जिससे जर्मनी ने लगभग 40 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद आइवरी कोस्ट को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। ग्रुप ई के इस मैच में उंदाव ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में दूसरा और निर्णायक गोल किया। उन्हें गोलपोस्ट के सामने फेलिक्स नमेचा से एक पास मिला और उन्होंने आइवरी कोस्ट के गोलकीपर याहिया फोफाना को चकमा देते हुए गोल दाग दिया। उंदाव ने इससे पहले मैच का पहला गोल 68वें मिनट में किया। तब नादिएम अमीरी ने एक लंबा पास दिया, जिसे स्ट्राइकर काई हावर्ट्ज ने उंदाव के पास जाने दिया, जिन्होंने उस पर गोल करने में कोई गलती नहीं की। अमीरी और उंदाव दोनों आठ मिनट पहले ही मैदान में आए थे। इससे पहले आइवरी कोस्ट के कप्तान फ्रैंक केसी ने 30वें मिनट में गोल करके जर्मनी पर दबाव बढ़ा दिया था। जर्मनी लगातार दूसरी जीत से ग्रुप ई में शीर्ष पर काबिज है जबकि आइवरी कोस्ट के तीन अंक हैं।



ग्रुप ई : जर्मनी लगातार दूसरी जीत से ग्रुप में शीर्ष पर काबिज


## 'समुराई ब्लू' ने विश्व कप में पहली बार दागे चार गोल

ग्रुप-एफः जापान ने दी ट्यूनीशिया को करारी शिकस्त



**मोंटेरी।** अयासे उएदा के दो गोल की मदद से जापान ने फीफा विश्व कप के ग्रुप-एफ मुकाबले में ट्यूनीशिया को 4-0 से करारी शिकस्त देकर लगातार चौथी बार नॉकआउट चरण में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को और मजबूत कर लिया। यह मुकाबला इसलिए भी खास था क्योंकि यह फीफा पुरुष विश्व कप का 1000वां मैच था। 'समुराई ब्लू' के नाम से मशहूर जापान की टीम ने विश्व कप इतिहास में पहली बार किसी मैच में चार गोल दागे। जापान ने इस एकतरफा मुकाबले में पूरे मैच के दौरान ट्यूनीशिया पर दबदबा बनाए रखा। ट्यूनीशिया इस विश्व कप में अपना पहला मैच खेलने के बाद मुख्य कोच को हटाने वाली पहली टीम भी बनी। उएदा के अलावा दाइची कामादा और जुन्या इतो ने एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ जापान के चार अंक हो गए और वह अंक तालिका में नीदरलैंड के बराबर पहुंच गया।

## खबर संक्षेप



### डच लेडीज ओपनः दीक्षा ने की अपनी स्थिति मजबूत

**एमनेस।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने दूसरे राउंड में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद डच लेडीज ओपन में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। दो बार की लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) विजेता दीक्षा का कुल स्कोर पांच अंडर पार है। उन्होंने दूसरे दिन की शुरुआत दूसरे होल पर बोगी से की, लेकिन इसके बाद शानदार वापसी की। उन्होंने पांच बर्डी (पांचवें, सातवें, 14वें, 16वें और 17वें होल पर) तथा दो बोगी (नौवें और 13वें होल पर) लगाईं। इस प्रदर्शन के साथ वह शीर्ष पर काबिज शार्लेट हीथ से तीन शॉट पीछे हैं। अवनि प्रशांत ने तीन बर्डी और तीन बोगी के साथ ईवन पार 72 का कार्ड खेला और कुल तीन अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### एशियाई युगल स्क्वाश : अभय-वेलवन की खिताबी हैट्रिक



**नई दिल्ली।** अभय सिंह और वेलवन सेंथिलकुमार की भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने मलेशिया के सारावाक में एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में लगातार तीसरी बार पुरुष युगल का खिताब जीतकर महाद्वीपीय स्तर पर अपना दबदबा कायम रखा। भारतीय जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए नासिर इकबाल और नूर जमां की पाकिस्तान की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 47 मिनट में 7-11, 11-7, 11-2 से हराया। पिछले साल भी उन्होंने फाइनल में पाकिस्तान की इस जोड़ी को हराया था।

# कोहली-बुमराह की वापसी, यशस्वी बाहर इंग्लैंड दौरे के लिए वनडे टीम का ऐलान

नई दिल्ली

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को फिटनेस मंजूरी मिलने की शर्त पर इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली तीन मैच की वनडे श्रृंखला के लिए रविवार को भारतीय टीम में चुना गया।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सीमित ओवरों की इस श्रृंखला के लिए रविवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। कोहली फिटनेस टेस्ट के लिए सोमवार को बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करेंगे। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को टीम में वापस बुलाया गया है। अक्षर पटेल ने भी वापसी की है।

### शतक लगाने के बाद भी नहीं मिली जायसवाल को जगह

शुभमन गिल की अगुवाई वाली वनडे टीम में कोई चौंकाने वाला बदलाव नहीं हुआ है, सिवाय इसके कि युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला का हिस्सा रहने के बाद टीम से बाहर कर दिया गया है। उन्हें कोहली के स्थान पर चुना गया था और उन्होंने चेन्नई में अंतिम वनडे में नाबाद शतक लगाया था। चयन समिति ने इस मामले में सामान्य प्रक्रिया अपनाई, जिसमें चोट के कारण बाहर चल रहे पहली पसंद के क्रिकेटर की वापसी होने पर उसकी जगह चुने गए खिलाड़ी को बाहर होना पड़ता है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'इंग्लैंड के खिलाफ शीर्ष क्रम में ज्यादा प्रयोग नहीं किए जाएंगे। विराट तीसरे नंबर पर वापसी करेंगे और गिल, रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। टीम के पास तीसरे सलामी बल्लेबाज के रूप में ईशान किशन मौजूद हैं।'



### इंग्लैंड के लिए वनडे टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली (फिटनेस मंजूरी मिलने पर निर्भर), श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़।

### आयरलैंड के खिलाफ टी20 के लिए 'अपडेटिड' टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, वैभव सूर्यवंशी, प्रसिद्ध कृष्णा।

## सूर्यवंशी ने तोड़ा 21 साल पुराना रिकॉर्ड, जड़ा सबसे तेज अर्धशतक



**दाम्बुला।** क्रिकेट जगत की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने अपना रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन जारी रखकर भारत ए की तरफ से खेलते हुए रविवार को श्रीलंका ए के खिलाफ त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के फाइनल में केवल 11 गेंदों में अर्धशतक जड़ा और इस तरह से लिस्ट ए में सबसे तेज अर्धशतक का 21 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस 15 वर्षीय इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन फाइनल के लिए बचा रखा था।

उन्होंने 29 गेंद पर 94 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 8 छक्के शामिल हैं। सूर्यवंशी ने इस दौरान श्रीलंका के कौशल्या वीररत्ने की लिस्ट ए में बनाए गए सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड को तोड़ा। वीररत्ने ने 2005 में 12 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

## भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन, जीते 12 पदक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने वाले भारतीय मुक्केबाजों ने चेक गणराज्य में हुए आमंत्रण 56वीं ग्रां प्री उस्ती नाद लाबेम टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पदक जीते, जिनमें 8 स्वर्ण पदक शामिल हैं। पांच सदस्यों वाली महिला टीम ने चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर शानदार शुरुआत की।

ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), मौजूदा एशियाई चैंपियन प्रीति पवार (54 किग्रा), साक्षी चौधरी (51 किग्रा) और प्रिया घंघास (60 किग्रा) ने फाइनल में सर्वसम्मति से जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीते। परवीन हुड्डा (65 किग्रा) ने रजत पदक जीतकर महिला टीम के शानदार प्रदर्शन को पूरा किया।

# इंग्लैंड का विजय अभियान जारी, स्कॉटलैंड को हराया

लीड्स

इंग्लैंड ने वापसी करने वाली सोफिया डंकले के शानदार अर्धशतक की मदद से स्कॉटलैंड को 38 रन से हराकर महिला टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखा। डंकले को तीन बार जीवनदान मिला और उन्होंने इसका फायदा उठाकर 37 गेंद पर 57 रन बनाए।

उनके अलावा फ्रेया केम्प (16 गेंदों में 39 रन) और डैनी गिब्सन (11 गेंदों में 30 रन) ने आखिरी तीन ओवरों में ताबड़तोड़ 59 रन बनाकर इंग्लैंड को 5 विकेट पर 200 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। महिला टी20 विश्व कप के इतिहास में यह पांचवा अवसर है जबकि किसी टीम ने 200 या इससे अधिक रन बनाए। स्कॉटलैंड की टीम इसके जवाब में 7 विकेट पर 162 रन ही बना पाई।



- महिला टी20 विश्व कप
- सोफिया डंकले का शानदार अर्धशतक

**सोफी एक्लेस्टोन ने लिया अपना 150वां टी20 विकेट** : सोफी एक्लेस्टोन ने कैथरीन ब्राइस (6) के रूप में अपना 150वां टी20 विकेट लिया और फिर उसके बाद डार्सी कार्टर को 29 रन पर आउट किया, तो स्कॉटलैंड की उम्मीदें धूमिल हो गईं। 14वें ओवर में सारा ब्राइस के 24 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट होने के बाद स्कॉटलैंड की उम्मीदें पूरी तरह खत्म हो गईं। इंग्लैंड के पांच गेंदबाजों ने विकेट साझा किए। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट चोटिल होने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाईं।

## एफआईएच महिला नेशंस कप : टीम इंडिया ने दूसरी बार किया खिताब अपने नाम, प्रो लीग में बनाई जगह

# भारत की बेटियां बनी चैंपियन, फाइनल में न्यूजीलैंड को 2-0 से दी मात

ऑकलैंड

भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए फाइनल में मेजबान न्यूजीलैंड को 2-0 से हराकर दूसरी बार एफआईएच महिला नेशंस कप का खिताब अपने नाम करने के साथ ही अगले सत्र के लिए एफआईएच महिला प्रो लीग में भी जगह बना ली।

नवनीत कौर ने चौथे मिनट में ही भारत को बढ़त को दिला दी जबकि सुनेलिता टोप्पो ने 15वें मिनट में दूसरा गोल दागकर टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद भारतीय टीम ने मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन करते हुए बढ़त को अंत तक बनाए रखा और खिताब अपने नाम किया।

### टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर रहीं दीपिका

फाइनल में शानदार प्रदर्शन के लिए लालरेमसियामी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया जबकि दीपिका टूर्नामेंट में छह गोल के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्कोरर रहीं। उन्होंने अमेरिका की एश्ले सेसा के साथ यह उपलब्धि साझा की। यह भारत का दूसरा नेशंस कप खिताब है। इससे पहले टीम ने 2022 में शुरुआती सत्र का खिताब अपने नाम किया था। भारत पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहा। टीम ने पूल चरण में अमेरिका को 3-2, जापान को 2-1 और उरुग्वे को 3-2 से हराया, जबकि सेमीफाइनल में चिली को 6-0 से एकतरफा मुकाबले में मात दी। टीम के शानदार प्रदर्शन को सम्मान देने के लिए हॉकी इंडिया ने प्रत्येक खिलाड़ी को तीन लाख रुपए और सहयोगी स्टाफ को डेढ़ लाख रुपए नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

लालरेमसियामी चुनी गईं 'प्लेयर ऑफ द मैच'




### भारतीय रक्षापंक्ति तीसरे क्वार्टर में रही मजबूत

भारतीय रक्षापंक्ति तीसरे क्वार्टर में बेहद मजबूत रही और मेजबान टीम को कोई आसान मौका नहीं दिया। चौथे क्वार्टर में न्यूजीलैंड को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन गोलकीपर सविता ने शानदार बचाव किया। भारतीय रक्षापंक्ति ने इसके बाद शानदार तालमेल दिखाते हुए न्यूजीलैंड को गोल करने से दूर रखा। टीम ने 2-0 की बढ़त बरकरार रखते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।

### नवनीत कौर ने चौथे मिनट में दिलाई बढ़त

खिताबी मुकाबले में शुरुआत में न्यूजीलैंड ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखा, लेकिन भारत पहले ही मौके को भुनाने में सफल रहा। नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को चौथे मिनट में गोल में बदलकर भारत को बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने तेज जवाबी हमले से न्यूजीलैंड की रक्षा पंक्ति पर लगातार दबाव बनाए रखा। इसके बाद भारत के पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर सुनेलिता ने दीपिका के शॉट को डिफ्लेक्ट कर 15वें मिनट में दूसरा गोल दागा। भारत ने दूसरे क्वार्टर में अनुशासित खेल दिखाया लेकिन न्यूजीलैंड ने वापसी की कोशिश जारी रखी। दोनों टीमों को गोल नहीं मिल सका और मध्यांतर तक स्कोर 2-0 रहा।

# ज्यूरिख टेबल टॉक में बिगड़ी बात- ईरान की अमेरिका को दो टूक, लेबनान में युद्धविराम के बिना अब कोई बातचीत नहीं!

एजेंसी

**ज्यूरिख।** स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में पश्चिम एशिया के तनाव को कम करने के लिए चल रही अमेरिका-ईरान उच्चस्तरीय शांति वार्ता एक बार फिर गंभीर संकट में घिर गई है। वार्ता शुरू होने के कुछ ही मिनटों बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर ईरान को सीधे तौर पर धमकाते हुए एक आक्रामक पोस्ट कर दिया। ट्रंप ने अपने बयान में साफ कहा कि ईरान को तुरंत लेबनान में अपने भारी फंडिंग वाले प्रॉक्सी समूहों को रोकना होगा, और यदि ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिका पिछले सप्ताह से भी ज्यादा ताकत के साथ ईरान पर एक बहुत बड़ा सैन्य हमला करेगा। इस तीखे और आक्रामक रुख के विरोध में ज्यूरिख में मौजूद ईरानी प्रतिनिधिमंडल वार्ता को बीच में ही छोड़कर मीटिंग हॉल से बाहर निकल गया।



**फोटो सेशन से किया इनकार, लेबनान में युद्धविराम तक आगे कोई बात नहीं**

ट्रंप की इस आक्रामक बयानबाजी का सीधा असर ज्यूरिख के वार्ता स्थल पर देखने को मिला। बैठक की शुरूआत से पहले आयोजकों ने दोनों पक्षों के बीच हाथ मिलाने और एक संयुक्त तस्वीर खिंचवाने की योजना बनाई थी, लेकिन ईरान के मुख्य वातार्कार मोहम्मद बाघेर गालिबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ इस प्रस्तावित फोटो सेशन में शामिल होने से साफ मना कर दिया। ईरानी दल के सदस्य मेहंदी गोरबनजादेह ने सरकारी मीडिया को स्पष्ट बताया कि जब तक लेबनान में पूर्ण युद्धविराम का मसला हल नहीं हो जाता और वहां इजरायली हमले बंद नहीं होते, तब तक ईरान अमेरिका के साथ अन्य किसी भी विषय पर वार्ता को आगे नहीं बढ़ाएगा। ट्रंप द्वारा दिए गए उस बयान ने आग में घी का काम किया, जिसमें उन्होंने जरूरत पड़ने पर रणनीतिक समुद्री मार्ग 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' पर अमेरिकी नियंत्रण की बात कही थी। इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए ईरानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने ट्रंप को अपनी भाषा पर सावधानी बरतने की सख्त सलाह दी। गालिबाफ ने कहा कि अगर अमेरिकी धमकियों का कोई असर होता, तो वे आज इस हताशा की स्थिति में नहीं पहुंचते। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान अमेरिकी धमकियों को कोई महत्व नहीं देता है।

# ट्रंप के इशारों पर नहीं चलता इजराइल: नेतन्याहू का अमेरिका पर बड़ा हमला, लेबनान से सेना हटाने से किया साफ इनकार

एजेंसी



**तेल अवीव।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी प्रभाव और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपने संबंधों को लेकर तीखा हमला बोला है। यरुशलम में एक समिट को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने उन दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया कि वे ट्रंप के इशारों पर काम करते हैं। उन्होंने तल्ख लहजे में कहा कि यह सोचना गलत है कि ट्रंप वही करते हैं जो वे कहते हैं या वे वही करते हैं जो ट्रंप चाहते हैं। नेतन्याहू ने स्पष्ट किया कि इजराइल और अमेरिका के हित हर मोर्चे पर एक जैसे नहीं हो सकते और वे किसी भी बाहरी दबाव के आगे झुकने वाले नहीं हैं।

**लेबनान और ईरान पर सख्त रुख**

नेतन्याहू ने दो प्रमुख मोर्चों पर अपना कड़ा रुख दोहराया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि इजराइल किसी भी सूरत में ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा, चाहे इसके लिए कोई भी समझौता करना पड़े। इसके साथ ही, उन्होंने लेबनान से अपनी सेना हटाने की अंतरराष्ट्रीय मांग को ठुकरा दिया है। नेतन्याहू ने ऐलान किया है कि जब तक इजराइल को जरूरत महसूस होगी, उनकी सेना दक्षिणी लेबनान के क्षेत्रों में तैनात रहेगी। दूसरी तरफ, स्विट्जरलैंड में अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता का दूसरा दिन है। रविवार को दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच करीब 80 मिनट तक चर्चा हुई। इसका उद्देश्य 60 दिनों के युद्धविराम को स्थायी शांति समझौते में बदलना है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बातचीत में प्रगति का दावा किया है, जबकि राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि वे हिजबुल्लाह को तुरंत रोकें, अन्यथा और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सुवेंदु सरकार का बजट, एक लाख नौकरियां, महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा, अन्नपूर्णा योजना में मिलेंगे 3000

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने वर्ष 2026 के लिए ऐसा बजट पेश किया है, जिसमें युवाओं, महिलाओं, सरकारी कर्मचारियों और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को केंद्र में रखा गया है। बजट में रोजगार सृजन, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण से जुड़ी कई बड़ी घोषणाएं की गई हैं। सरकार का दावा है कि यह बजट राज्य के विकास के साथ-साथ आम लोगों को सीधा लाभ पहुंचाने पर केंद्रित है। बजट की सबसे चर्चित घोषणा 1 लाख सरकारी नौकरियों की भर्ती है। सरकार ने विभिन्न विभागों में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां करने का फैसला लिया है। इनमें 20 हजार पद पुलिस विभाग और 50 हजार पद शिक्षकों एवं शिक्षण कर्मचारियों के लिए निर्धारित किए गए हैं। भर्ती प्रक्रिया में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का भी प्रस्ताव रखा गया है। साथ ही जहां संभव होगा, वहां 10 प्रतिशत पद अग्निवीरों के लिए आरक्षित किए जाएंगे। सरकारी नौकरियों की आयु सीमा में भी दो वर्षों के लिए 5 साल की अतिरिक्त छूट देने का ऐलान किया गया है। सरकारी कर्मचारियों को राहत देते हुए महंगाई भत्ते में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की गई है। यह बढ़ोतरी 1 अक्टूबर 2026 से लागू होगी। इसके बाद कर्मचारियों का कुल डीए 38 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। वहीं आशा कार्यकताओं के मासिक मानदेय में 5,000 रुपये की वृद्धि की गई है। सिविक वॉलंटियर्स, ग्रीन पुलिस, विलेज पुलिस और होमगार्ड के पारिश्रमिक में भी 2,000 रुपये प्रतिमाह की बढ़ोतरी की गई है। युवाओं के लिए सरकार अक्टूबर से 'भरोसा' बेरोजगारी भत्ता योजना शुरू करेगी। इसके तहत 21 से 45 वर्ष आयु वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। स्नातक युवाओं को हर महीने 3,000 रुपये और अन्य पात्र युवाओं को 2,000 रुपये का भत्ता मिलेगा। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए राज्य के प्रत्येक जिले में मुफ्त कोचिंग सेंटर स्थापित करने की योजना भी बनाई गई है।



महिलाओं के लिए बजट में एक और बड़ा तोहफा दिया गया है। सरकार ने राज्य परिवहन बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा सुविधा देने के लिए 550 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को 'पिंक कार्ड' जारी किए जाएंगे। वहीं बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगजनों के मासिक भत्ते में 500 रुपये की वृद्धि का भी ऐलान किया गया है। शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए झाड़ग्राम और बांकुड़ा में नए केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है। इनमें झाड़ग्राम में एक आदिवासी विश्वविद्यालय भी शामिल होगा। आदर्श विद्यालयों के लिए 2,100 करोड़ रुपये और संस्कृत भाषा व संस्कृत कॉलेजों के विकास के लिए 50 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। खाद्य सुरक्षा और खेल सुविधाओं पर भी सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। अन्नपूर्णा योजना के लिए 36 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्राथमिक विद्यालयों में मिड-डे मील की लागत बढ़ाई जाएगी और कोलकाता में इस्कॉन के सहयोग से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उत्तर बंगाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मिनी इंडोर स्टेडियम बनाने की योजना भी घोषित की गई है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य की सभी प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जारी रहेंगी। साथ ही लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचे, इसके लिए प्रशासनिक सुधार किए जाएंगे। विधायक निधि को भी 70 लाख रुपये से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

## संक्षिप्त खबर

### मानसून को लेकर अब अच्छी खबर, झारखंड, बिहार सहित 15 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट



**नयी दिल्ली।** मानसून को लेकर अब अच्छी खबर आयी है. मौसम विभाग (आईएमडी) देश के विभिन्न इलाकों में मानसून धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है. आईएमडी ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड और बिहार के कई इलाकों तक पहुंच गया है. कल 23 जून के आसपास इन राज्यों में मानसून के आगे बढ़ने का अनुमान है .परिस्थितियां अनुकूल हैं. भारतीय मौसम विभाग ने आज सोमवार, 22 जून को ओडिशा, बिहार सहित 15 राज्यों में भारी से बेहद भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. पूर्वी भारत, पूर्वोत्तर भारत, दक्षिण भारत के अलावा पश्चिमी तटीय राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई गयी है. हालांकि मध्य भारत और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में अभी भी लू और गर्म हवाओं का असर दिख सकता है. राजस्थान की बात करें तो राज्य में तेज धूल भरी आंधी का अलर्ट जारी किया गया है. बिहार, झारखंड और ओडिशा में गरज-चमक के साथ 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेगीय आज के लिए असम और मेघालय में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. अरुणाचल प्रदेश में भी भारी बारिश होगी. पूर्वोत्तर राज्यों नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में कई स्थानों पर बारिश के साथ वज्रपात होने की आशंका है. इन राज्यों के निचले इलाकों में जलभराव और भूस्खलन जैसी स्थितियां पैदा हो सकती हैं.

### अजीत डोभाल की अध्यक्षता में ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की मीटिंग दिल्ली में



**नयी दिल्ली।** नयी दिल्ली में आज सोमवार को भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के उच्च प्रतिनिधियों की दो दिवसीय बैठक का शुभारंभ होने जा रहा है. सुरक्षा सम्मेलन की अध्यक्षता भारत के ठरअ अजीत डोभाल करेंगे. खबरों के अनुसार बैठक में ब्रिक्स सदस्य देशों के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी शिरकत करेंगे. विदेश मंत्रालय के अनुसार बैठक आज की दुनिया के सामने मौजूद गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियांविषय पर केंद्रित होगी. जानकारी के अनुसार मीटिग में अजीत डोभाल के अलावा चीन के विदेश मंत्री वांग यी, रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु, ईरान के सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के उप सचिव के अलावा सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुख शामिल होने पहुंच चुके हैं. सूत्रों के अनुसार चीन के विदेश मंत्री वांग यी, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से अलग से भी मुलाकात करेंगे. सूत्रों का कहना है कि बैठक में सीमा पार आतंकवाद, पश्चिम एशिया संकट, रूस-यूक्रेन युद्ध और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर मंथन होने की संभावना है. विदेश मंत्रालय के अनुसार मीटिंग में आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्य समूह और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के सुरक्षित उपयोग से जुड़े सुरक्षा कार्य समूह की हाल की बैठकों के निष्कर्षों की समीक्षा होगी.

### फिलीपींस के स्कूल में गोलीबारी: 3 छात्रों की मौत, 5 घायल; दो आरोपी गिरफ्तार

**टक्लोबन सिटी।** फिलीपींस के टक्लोबन सिटी स्थित सैन जोस नेशनल हाई स्कूल में गोलीबारी का मामला सामने आया है। इस हमले में तीन छात्रों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। घटना के बाद स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और 1,500 से अधिक छात्रों वाले इस सरकारी स्कूल में छात्र व शिक्षक अपनी जान बचाने के लिए भागने को मजबूर हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो पुरुष संदिग्धों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में से एक उसी स्कूल का छात्र है। पुलिस ने मौके से उन पिस्तौलों को भी बरामद कर लिया है, जिनका इस्तेमाल इस वारदात में किए जाने का संदेह है। अभी तक आरोपियों की पहचान उजागर नहीं की गई है। घायल छात्रों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद सुरक्षा बल अलर्ट मोड पर हैं और स्कूल व आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस इस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है और गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, ताकि हमले के सही कारणों का पता लगाया जा सके। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि हमला किसी आपसी विवाद के चलते हुआ या यह पहले से सोची-समझी साजिश थी।

### ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर ने अपने पद से दिया इस्तीफा



**लंदन।** ब्रिटेन से एक बड़ी खबर आयी है. ब्रिटेन की राजनीति ने करवट ले ली है. प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री पद के साथ-साथ लेबर पार्टी के नेता का पद भी छोड़ देने की घोषणा की है. दरअसल सत्ताधारी लेबर पार्टी के लगभग सौ से अधिक सांसद पीएम कीएर स्टार्मर से नाराज चल रहे थे. ऐसे में उनका पीएम पद पर बने रहना मुश्किल हो गया था. पिछले कुछ दिन से कयास लगाये जा रहे थे कि कीएर स्टार्मर अपना पद छोड़ सकते हैं. आज स्टार्मर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने इस्तीफे की घोषणा कर दी. उन्होने कहा है कि वे नये प्रधानमंत्री को सहयोग करेंगे. कीएर स्टार्मर ने कहा कि वह तब तक अपने पद पर बने रहेंगे जब तक लेबर पार्टी अपना नया नेता नहीं चुन लेती. खबर है कि उन्होंने ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय को अपने फैसले की जानकारी दे दी है.

### अवामी लीग की सालगिरह से पहले छावनी बना बांग्लादेश ढाका समेत कई शहरों में सेना तैनात

**ढाका।** अवामी लीग की स्थापना की सालगिरह से पहले बांग्लादेश हाई अलर्ट पर है, क्योंकि पार्टी पर पिछली अंतरिम सरकार द्वारा लगाया गया प्रतिबंध अभी भी लागू है। नेतृत्व में बदलाव और नई सरकार के चुने जाने के बावजूद, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली पार्टी और उससे जुड़े संगठनों की गतिविधियों पर लगी पाबंदियां अभी भी लागू हैं। इस बात की आशंका के चलते कि पार्टी कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की कोशिश कर सकती है, अधिकारियों ने सावधानी बरतने का फैसला किया है। गृह मंत्रालय ने निगरानी में मदद के लिए कई जिलों में सेना तैनात करने की सिफारिश की है। बंगाली दैनिक समाचार पत्र 'प्रोथोम आलो' की रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय ने प्रतिबंधित अवामी लीग की स्थापना वर्षगांठ से पहले सेना की तैनाती का अनुरोध करते हुए एक पत्र भेजा है। यह पत्र आज, सोमवार को गृह मंत्रालय की पॉलिटिकल ब्रांच-2 से आर्म्ड फोर्सेज डिवीजन के प्रिंसिपल स्टाफ ऑफिसर को भेजा गया।

# उद्धव ठाकरे के 6 एमपी शिंदे खेमे में शामिल

एजेंसी

**मुंबई।** ओमप्रकाश राजे निंबालकर सहित शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के छह सांसद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं, जिससे उद्धव ठाकरे खेमे को एक महत्वपूर्ण राजनीतिक झटका लगा है। शिंदे ने इस घटनाक्रम को अपने गुट के लिए एक बड़ी मजबूती बताया। दल बदलने की इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए शिंदे ने कहा कि अब यहाँ एक नहीं, बल्कि छह शेर हैं। उनका यह बयान पार्टी के कथित ऑपरेशन टाइगर और शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में छह सांसदों के शामिल होने के संदर्भ में था।



**शिवसेना में शामिल होने वाले सांसद हैं**

संजय हरिभाऊ जाधव, भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे, ओमप्रकाश भूपालसिंह निंबालकर, संजय दीना पाटिल, संजय उत्तमराव देशमुख और नागेश बापुराव पाटिल आष्टीकर। इससे पहले शिवसेना (उबाठा) विधायक आदित्य ठाकरे ने बागी सांसदों पर सोमवार को तीखा हमला बोला और दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों को उनके-अपने निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं ने खारिज कर विपक्षी गठबंधन इंडिया का समर्थन किया था, लेकिन लालच के कारण उन्होंने रातों-रात उस जनादेश को बेशर्मी से छोड़ दिया।

ठाकरे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बागियों की निष्ठा और प्रतिष्ठा बिकाऊ है, साथ ही उन्होंने सरकार पर पक्षपात करने और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया। शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे को झटका देते हुए उनकी पार्टी के नौ लोकसभा सदस्यों में से छह ने बगावत कर दी है। इनमें से दो ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत सत्तारूढ़ शिवसेना में शामिल होने की पुष्टि की है। आदित्य ठाकरे ने कहा कि जो लोग अब पाला बदल रहे हैं, वे सभी राजग के खिलाफ महाविकास आघाडी (एमवीए) और इंडिया गठबंधन से चुने गए थे। उनके लिए शिवसेना (उबाठा), कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के नेताओं ने प्रचार किया था। हर किसी ने सभी दलों और सहयोगियों के नेताओं से रैली करने को कहा था।

# आईटी का आजम खान की जौहर ट्रस्ट पर बड़ा शिकंजा, 494 करोड़ को ट्रस्ट ने दिखाया था 46 करोड़

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री आजम खान द्वारा संचालित मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट के खिलाफ आयकर विभाग ने एक बहुत बड़ी और कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी है। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना की शिकायत पर हुई लंबी जांच-पड़ताल और सितंबर 2023 में मारे गए छापों के बाद आयकर विभाग ने जौहर ट्रस्ट को 'कारण बताओ नोटिस' थमाया है। विभाग के प्रधान आयकर आयुक्त गौरव बॉथम द्वारा जारी इस नोटिस में ट्रस्ट को मंगलवार को अधिकारियों के सामने अपना विधिक पक्ष रखने के लिए पेश होने का कड़ा आदेश दिया गया है। सूत्रों का दावा है कि यदि ट्रस्ट के पदाधिकारी इन वित्तीय गड़बड़ियों को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाते हैं, तो जौहर ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन और आयकर में मिलने वाली सभी सरकारी छूटों का प्रमाण पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा।



**सीपीडब्ल्यूडी की जांच में पकड़ा गया करोड़ों का अंतर, डमी ट्रस्टी और बोगस डोनेशन की खुली पोल**

आयकर विभाग ने जौहर यूनिवर्सिटी में बने 59 भवनों के निर्माण की वास्तविक लागत का आकलन करने के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से एक विशेष तकनीकी जांच कराई थी। इस सरकारी मूल्यांकन में सामने आया है कि इन आलीशान इमारतों के निर्माण पर करीब 494 करोड़ रुपये खर्च हुए थे, जबकि इसके ठीक उलट जौहर ट्रस्ट ने अपने खातों में केवल 46 करोड़ रुपये व्यय होने का झूठा दावा किया था। इसके अलावा, विभाग ने जब ट्रस्ट के विलेखों में दर्ज डमी ट्रस्टियों से सीधी पूछताछ की, तो उन्होंने कैमरे पर कबूल किया कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी ही नहीं थी कि उन्हें कब और कैसे ट्रस्टी बना दिया गया। जांच में यह भी साफ हो गया है कि ट्रस्ट ने बिना किसी हिसाब-किताब वाली ब्लैक मनी को खाते में ठिकाने लगाने के लिए दबाव डालकर लोगों से बोगस और फर्जी डोनेशन इकट्ठा दिखाया था। आयकर विभाग के नोटिस में सरकारी धन के सीधे दुरुपयोग का भी सनसनीखेज आरोप लगाया गया है। जांच के विलेखों से पता चला है कि आजम खान के करीबी ठेकेदारों को सरकारी 'आसरा योजना' के तहत भवनों के निर्माण के लिए 6.14 करोड़ रुपये का जो टेंडर मिला था, उस सरकारी फंड का इस्तेमाल गैर-कानूनी ढंग से जौहर यूनिवर्सिटी के भीतर पेंटिंग, रंग-रोगन और टाइल्स लगाने में किया गया।

# राम मंदिर चंदा चोरी मामला, इलाहाबाद हाईकोर्ट का तत्काल सुनवाई से इनकार, पैसे गिनने वाली टीम बदली

एजेंसी

**अयोध्या।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने आज सोमवार को अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर के चंदे की चोरी और वित्तीय अनियमितताओं की जांच की मांग वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर तत्काल सुनवाई करने से इंकार कर दिया. खबरों के अनुसार जस्टिस पंकज भाटिया और जस्टिस अमिताभ कुमार राय की बैंच ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि इस मामले में ऐसी कोई तात्कालिक वजह नहीं है, जिसके आधार पर इसे अन्य मामलों को दरकिनार कर पहले सुना जाये. दरअसल याचिकाकर्ता मोहित अशोक ने कोर्ट से गुहार लगाई थी कि मामले को तत्काल सुना जाये. इस पर हाईकोर्ट का कहना था कि कोर्ट के पास पहले से ही बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं और ऐसे में इस याचिका को तत्काल सुनने का कोई औचित्य नहीं है. एक खबर और है कि दान की चोरी के मामले की जांच कर रही एसआईटी ने राम मंदिर ट्रस्ट के लोगों के अयोध्या छोड़ने पर रोक लगा दी है, ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय से भी पूछताछ की गया है. सूत्रों के अनुसार एसआईटी ने कहा है कि राम मंदिर ट्रस्ट का पुनर्गठन किया जाये. मंदिर ट्रस्ट में किसी प्रशासनिक अधिकारी को सीईओ नियुक्त किया जाये. एसआईटी ने जांच के लिए और समय दिये जाने मंदिर प्रबंधन के लिए पेशेवर तरीका अपनाने की सलाह दी है. इस क्रम में दानराशि की गणना का साप्ताहिक आडिट किये जाने, मंदिर के प्रतिदिन के चढ़ावे की नकदी की इंट्री कराने की बात भी कही गयी है. साथ ही ट्रस्ट संचालन में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पूरी तरह पालन करने और सीसीटीवी कैमरों का डाटा स्टोरेज 45 दिन से बढ़ा कर 180 दिन तक किया जाने की सलाह दी गया है.



**राम मंदिर चंदा चोरी मामला : न ड्रेस कोड, न कोई चेकिंग, एसबीआई ने आउटसोर्स किया था नोट गिनने का काम**

अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी के मामले में हर दिन नयी-नयी जानकारियां सामने आ रही है. एसआईटी मामले की जांच कर रही है. एसआईटी के अनुसार हर स्तर पर घोर लापरवाही बरती गयी है. बता दें कि राम मंदिर ट्रस्ट की रकम गिनने का काम एसबीआई को सौंपा गया है. एसबीआई ने अपना काम वाराणसी की एक निजी सिक्योरिटी एजेंसी को दे दिया था. वह एजेंसी अपने कर्मचारियों से नोट अलग कराने/गड्डी बनवाने और गिनवाने का काम कराती थी.

### एटीएस ने आतंकी संगठनों से जुड़ी महिला को पकड़ा, ऑनलाइन कलमा पढ़कर किया धर्म परिवर्तन

**जयपुर :** राजधानी जयपुर पर मंडरा रहे आतंकी साए का खुलासा करते हुए राजस्थान एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने एक महिला को गिरफ्तार किया है. वह आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक हैंडलर से जुड़ी है और आतंकी संगठन की स्लीपर सेल के तौर पर काम कर रही थी. उसके कई अन्य संगठनों से भी तार जुड़े होने की बात सामने आई है. वह मूलत: सवाई माधोपुर की रहने वाली है और फिलहाल, जयपुर के पास वाटिका में रह रही थी. वह काफी हद तक कट्टरपंथ से प्रभावित हो गई और इनसे सक्रिय तौर पर जुड़ने के लिए देश से बाहर जाने की फिराक में थी. उसे मिलिट्री इंटेलिजेंस की सूचना पर एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है. एटीएस के एसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया, सवाई माधोपुर की रहने वाली बबिता धाकड़ को गिरफ्तार किया गया है. वह वाटिका इलाके में अपने रिटायर्ड पिता के साथ रहती है. प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि बबिता ने ऑनलाइन कलमा पढ़कर धर्म परिवर्तन किया था. इसके बाद उसका नाम खदीजा रखा गया. पड़ताल में यह भी सामने आया है कि वह सोशल मीडिया के जरिए जैश-ए-मोहम्मद के हैंडलर के संपर्क में थी. अन्य कई प्रतिबंधित संगठनों से भी उसके तार जुड़े हैं. अब इस मामले में एटीएस सहित अन्य सुरक्षा और जांच एजेंसियां गहराई से पड़ताल में जुटी हैं.

# कतर के गैस प्लांट में भीषण धमाका, 54 घायल और 18 से ज्यादा लापता

एजेंसी

**कतर।** कतर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र रस लाफान में स्थित बरजान गैस आपूर्ति संयंत्र में रविवार रात हुए भीषण विस्फोट ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। हादसे के बाद संयंत्र में आग लग गई, जिसमें कम से कम 54 कर्मचारी घायल हो गए, जबकि 18 अन्य के लापता होने की खबर है। राहत और बचाव दल लगातार लापता लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब संयंत्र में दोबारा परिचालन शुरू करने की प्रक्रिया चल रही थी। हाल के क्षेत्रीय तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान के कारण गैस निर्यात प्रभावित होने से उत्पादन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। संचालन बहाल करने के प्रयास के दौरान तकनीकी गड़बड़ी के बाद विस्फोट और आग लगने की घटना सामने आई। घटना के बाद आपातकालीन सेवाओं की टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम शुरू किया। कतर के गृह मंत्रालय ने पुष्टि की है कि बचाव अभियान जारी है और लापता कर्मचारियों की तलाश की जा रही है। नुकसान का वास्तविक आकलन अभी नहीं हो पाया है, क्योंकि संयंत्र के कई हिस्सों में जांच जारी है। रस लाफान क्षेत्र दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक गैस केंद्रों में गिना जाता है। कतर वैश्विक स्तर पर प्रमुख एलएनजी निर्यातकों में शामिल है, ऐसे में इस हादसे का असर अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों पर भी पड़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि संयंत्र लंबे समय तक प्रभावित रहता है तो वैश्विक गैस आपूर्ति और कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। फिलहाल हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की है।





# एक्शन थ्रिलर टॉक्सिक की नई रिलीज डेट का ऐलान

**मुंबई।** टॉक्सिक इस साल की बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। सुपरस्टार यश की अपकमिंग फिल्म टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स का नई रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। फिल्म अब अगस्त में रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट पहले दो बार पोस्टपोन हो चुकी है। यश के लिए ये साल काफी खास रहने वाला है। इस साल उनकी दो बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन फिल्मों में एक टॉक्सिक है और दूसरी है नितेश तिवारी की रामायण। यश की टॉक्सिक में उनके साथ नयनतारा और कियारा आडवाणी नजर आनेवाली हैं। यश की टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स 26 अगस्त, 2026 में रिलीज होगी।

लाइफ Style

# निकिता

## कॅरियर का टर्निंग प्वाइंट 'कबीर सिंह'

शाहिद कपूर की 'कबीर सिंह' को रिलीज हुए सात साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्म का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने कॅरियर पर इस फिल्म के लंबे समय तक रहने वाले असर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने इंडस्ट्री में उनके बारे में लोगों की सोच बदल दी।

बॉलीवुड में लीड रोल पाने का रास्ता बनाया। निकिता ने 'कबीर सिंह'को अपने कॅरियर का बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया। फिल्म ने उनके कॅरियर पर कैसे असर डाला इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि कबीर सिंह मुझे तब मिली जब मैं फिल्मों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही थी। कबीर सिंह के बाद कास्टिंग के मामले में मुझे अलग नजरिए से देखा जाने लगा। मैंने लीड रोल वाली अपनी पहली दो फिल्में साइन कीं। इस फिल्म ने मुझे वह बदलाव दिया जिसकी मुझे जरूरत थी। फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करने के अपने अनुभव को निकिता ने साझा किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म ऐसी थी, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया और जिस पर काफी चर्चा हुई। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कभी भी फाइनल रिजल्ट के बारे में नहीं सोचा। मैंने फिल्म को दिन-दर-दिन के हिसाब से किया। बस हर सीन में जो कर सकती थी, वह करने की कोशिश की। यह वांगा सर का विजन था जिसकी वजह से ऐसा रिजल्ट मिला। शूटिंग के दौरान शाहिद का फोकस तारीफ के काबिल था। निकिता जल्द ही 'नजदीकियां' में मुख्य भूमिका निभाती नजंर आएंगी।



हॉलीवुड मसाला



# अभिनेता जियानकार्लो ने अपनाया इस्लाम

**लॉस एंजिल्स।** सऊदी गजट नाम के एक इंस्टाग्राम पेज पर अमेरिकी अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो का एक वीडियो साझा किया गया। इस वीडियो में वह सऊदी अरब की एक अदालत में नमाज अदा कर रहे थे। इसी वीडियो के कैप्शन में लिखा था, 'ब्रेकिंग बैड' के अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो ने इस्लाम अपनाया।' अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो की परवरिश कैथोलिक धर्म के अनुसार हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने पादरी बनने के बारे में भी सोचा था। एस्पोसिटो की शादी जॉय मैकमैनिगल से हुई थी। उनकी चार बेटियां हैं। बाद में अभिनेता का पत्नी से तलाक हो गया।



# तीसरी बार मां बनेंगी अभिनेत्री एनी, सेलेब्स ने लुटाया प्यार

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विनिंग हॉलीवुड एक्ट्रेस हॉलीवुड एक्ट्रेस एनी हैथवे 43 साल की उम्र में तीसरी मां बना बनेंगी। इस खुशी की खबर को उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ बांटा है। यह खबर जानकर उनके फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स खुशी से फूले नहीं समाए हैं। एनी हैथवे ने इंस्टाग्राम पर शुक्रवार देर रात एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह सफेद पहनावे में अपने लिविंग रूम में चल रही हैं। फिर वह घूमती हैं और अपना बेबी बंप दिखाती हैं। वीडियो के कैप्शन में भी लिखा है, ' बेबी, मैं तुम्हारी हूं।'एनी हैथवे और उनके पति एडम की यह तीसरी संतान होगी। दोनों ने साल 2012 में शादी की थी। इनके दो बेटे हैं। 10 साल के बेटे का नाम जोनाथन है, वहीं 6 साल के बेटे का नाम जैक है। अब एनी हैथवे तीसरी बार प्रेग्नेंट हैं। यह खुशी उन्होंने अपने फैंस के साझा की है। एनी हैथवे की पोस्ट पर फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स ने प्यार लुटाया है।



# दादाजी ने घर में कर रखे थे गोलगप्पे बैन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपनी ग्लोइंग स्किन और फिटनेस को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस के फैंस उनकी डाइट और उनकी फिटनेस रूटीन को लेकर हमेशा ज्यादा से ज्यादा जानना चाहते हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे उनके घर में एक अजीब नियम था कि लड़कियां गोलगप्पे नहीं खा सकतीं। उर्वशी रौतेला ने बताया कि यह नियम उनके दादाजी ने बनाया था और घर की सभी महिलाएं यह रूल फॉलो किया करती थीं। एक्ट्रेस ने इसी इंटरव्यू में अपनी ग्लोइंग स्किन का सीक्रेट और फिटनेस का राज भी बताया। उर्वशी रौतेला ने बताया कि उस वक्त उनके घर में बाहर का खाना पूरी तरह बैन था। हालांकि, उनकी मां इतना टेस्टी खाना बनाया करती थीं कि उनका टिफिन अक्सर चोरी हो जाया करता था।



# भारतीय सिनेमा में हाईएस्ट पैड एक्टर बना रणवीर

**नई दिल्ली।** कुछ समय पहले तक भारतीय सिनेमा में किसी एक्टर के लिए ₹10 करोड़ की फीस बहुत बड़ी बात मानी जाती थी। 90 के दशक में, चिरंजीवी, कमल हासन और श्रीदेवी पहले ऐसे भारतीय स्टार बने जिन्होंने हर फिल्म के लिए ₹1 करोड़ की फीस ली। अब सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर्स में एक स्टार ने टॉप पर अपनी जगह बना ली है। इस स्टार ने अपने हाल ही के प्रोजेक्ट के लिए 325 करोड़ रुपए की तगड़ी फीस लेकर एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। वह सितारा कोई और नहीं बल्कि 2025 और 2026 में सिनेमाघरों में धूम मचाने वाले 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह हैं। फिल्म से मिली भारी कमाई की वजह से रणवीर सिंह अब भारत के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर बन गए हैं। 'धुरंधर' की दोनों फिल्मों ने दुनिया भर में ₹3200 करोड़ से ज्यादा की कमाई की।

टीवी मसाला



# सांपों के स्टंट में रुबीना को देख चीखीं जैस्मीन-फरहाना

**नई दिल्ली।** 'खतरों के खिलाड़ी 15' का नया प्रोमो देखकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे! शो के खतरनाक स्टंट में रुबीना दिलैक के गले में कई जहरीले सांप लिपटे नजर आए, जिसे देख जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट डर के मारे जोर-जोर से चीख पड़ीं। लेकिन बवाल सिर्फ प्रोमो तक ही नहीं है, ग्रैंड फिनाले से ठीक पहले शो के टॉप 2 फाइनलिस्ट के नाम भी लीक हो गए हैं! प्रोमो में रुबीना के चेहरे पर खौफ साफ देखा जा सकता है,

# 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में ट्रंप की मिमिक्री, आलिया हुईं रोस्ट

**नई दिल्ली।** स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना ने शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' के पहले एपिसोड की शुरुआत में ही आलिया भट्ट का खूब मजाक बनाया। समय के अलावा एक प्रतियोगी ने भी आलिया को रोस्ट किया, उन पर मजाकिया ढंग से तंज कसे। यह प्रतियोगी शो में डोनाल्ड ट्रंप बनकर आया था। इस शख्स की मिमिक्री ने सबका दिल जीत लिया था।

ट्रंप बने प्रतियोगी ने इंटरनेशनल मुद्दों पर मजाकिया ढंग से कटाक्ष किया। यह देखकर सब उनकी तारीफ कर रहे थे। आलिया ने भी कुछ बोलने की कोशिश की लेकिन वह सकपका गईं। इस पर प्रतियोगी ने कहा, 'कोई इनको स्क्रिप्ट दो।' यह बात जैसे ही ट्रंप बने प्रतियोगी ने कही आलिया और बाकी




जजेज की हंसी छूट गई। समय रैना के शो के पहले एपिसोड में आलिया भट्ट की रोस्टिंग देखकर सोशल मीडिया यूजर्स को भी खूब मजा आया। एक यूजर ने रिएक्शन देते हुए लिखा, 'आलिया आपके इसके लिए तैयार नहीं थीं।' एक अन्य ने लिखा, 'आलिया नर्वस थीं, लेकिन आपके अच्छा परफॉर्म किया।' फैंस आलिया की तारीफ करते नजर आए।

# सितारों ने दिखाया फिटनेस का जलवा


**नई दिल्ली।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में योग को लेकर उत्साह नजर आया। इस मौके पर कई सितारों ने योग करते हुए तस्वीरें शेयर कीं और फैंस को योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। फिटनेस के लिए मशहूर शिल्पा शेट्टी ने भी गुरुग्राम में लोगों के साथ योग किया और सभी को फिट रहने के लिए प्रोत्साहित किया। एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने भी इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज और पोस्ट शेयर कर योग और फिटनेस के लिए फैंस को प्रेरित किया। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार भी मुंबई में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ योग करते नजर आए। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। एक्टर शाहिद कपूर और श्रीलीला भी योग दिवस के मौके पर फैंस के साथ योग करते नजर आए।





हाल ही में 'पति पत्नी और वो 2' में नजर आईं रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर योगा डे की बधाई दी और योग करते हुए तस्वीरें शेयर कीं।






हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रवेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.